
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार Sunday

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 अंक 194 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 13 अप्रैल, 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर ■■ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

## संक्षिप्त खबरें

### गृह मंत्री अमित शाह आज आएंगे भोपाल



**जागरण, भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को भोपाल आएंगे। रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में वह मुख्य अतिथि होंगे। वे करीब 1 बजे भोपाल पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में सहकारिता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों एवं नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा।

### यूपीआई सर्विस तीन घंटे तक रही डाउन

**मुंबई, जेएनएन।** देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस करीब तीन घंटे डाउन रही। शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे से 1.00 बजे तक सबसे ज्यादा पेमेंट फेल्योर रिपोर्ट की गई। दोपहर करीब 3.00 बजे तक पेमेंट करने में दिक्कतें आईं। इससे करीब 50 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने समस्या के लिए खेद जताया और कहा कि हम इस समस्या को हल करने के लिए काम कर रहे हैं।

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**बेंगलुरु बनाम राजस्थान**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से
**मुंबई बनाम दिल्ली**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणामः लखनऊ ने गुजरात को 7 विकेट से हराया।**

**सांगा पर संग्रामः सपा सांसद रामजीलाल सुमन से माफी मंगवाने पर अड़े**

# करणी सेना ने आगरा में किया शक्ति प्रदर्शन रैली में लहराए डंडे और तलवारें

**आगरा, जेएनएन।** आगरा में करणी सेना व तीन राजपूत संगठनों ने शनिवार को जमकर बवाल किया। करणी सेना के कार्यकर्ता राणा सांगा की जयंती मनाने इकट्ठे हुए थे। इस कार्यक्रम को उन्होंने रक्त-स्वाभिमान सम्मेलन नाम दिया था और कई राज्यों से करीब 80 हजार कार्यकर्ता आगरा पहुंचे थे। कार्यक्रम की ड्रोन से निगरानी की गई। पीएसी और पुलिस के करीब 10 हजार जवानों को तैनात किया गया था।

उस समय अफरा-तफरी मच गई जब करणी सेना के लोग सपा सांसद रामजी लाल सुमन के घर कूच करने की जिद करने लगे। इस दौरान उन्होंने सुमन, सपा और अखिलेश यादव के विरोध में नारेबाजी की तथा डंडे-तलवारें लहराईं। रैली में शामिल एक युवक ने गाड़ी की छत पर चढ़कर डबल बैरल बंदूक लहराई। करणी सेना ने उत्तर प्रदेश सरकार को अल्टीमेटम दिया कि अगर सुमन पर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि सुमन ने राज्यसभा में राणा सांगा पर एक विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि बाबर को राणा सांगा ने दिल्ली पर हमला करने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने एक जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी भी की थी। इसी के विरोध में करणी सेना ने उपद्रव किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें सुमन के घर नहीं जाने दिया। रैली से लौट रहे लोगों ने हाईवे को भी ब्लॉक कर दिया, जिसकी वजह से लंबा जाम लग गया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे को भी ब्लॉक कर दिया। हालांकि, मौके पर तैनात पुलिस ने जैसे-तैसे मामला शांत कराया।



### सुमन से कहा-आएं और माफी मांगें

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने सुमन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि आओ और माफी मांगो वरना ठीक नहीं होगा। राष्ट्रवीर राणा सांगा पर प्रतिकूल टिप्पणी होने पर सभी राष्ट्रवादी लोगों की भावना आहात हुई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से भी मांग की कि अगर सुमन अगर माफी न मांगें तो उनके अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाए। उनके खिलाफ एफआईआर की जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

### कार्यक्रम के समय लाचार दिखी पुलिस

करणी सेना का कार्यक्रम शुरू होने से पहले कार्यक्रम स्थल पर पहुंची पुलिस को देखकर भीड़ भड़क गई। लोगों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और तलवारें-डंडे लहराने लगे। हालात बिगड़ते देख पुलिस को आयोजन स्थल से बाहर जाना पड़ा। उस समय भी पुलिस के आला अधिकारी गिड़गिड़ाते दिखे जब करणी सेना के लोगों ने सपा सांसद के घर की ओर कूच करने का ऐलान कर दिया।

### तैनात रहे 1000 पुलिसकर्मी

करणी सेना के सपा सांसद के घर कूच के ऐलान के बीच पुलिस भी मुस्तैद रही। 500 जगहों पर बैरिकेडिंग की गई। सड़कों पर बड़े-बड़े बोल्डर रखे गए। शनिवार को पूरे दिन रामजी सुमन घर पर ही रहे। उनके घर पर 1000 पुलिस जवान तैनात रहे। एक किमी का इलाका सील रहा और मेटल डिटेक्टर लगाए गए। सपा सांसद ने भी अपनी पर्सनल सिक्योरिटी में 10 बाउंसर लगाए थे।

**विशेष टिप्पणी**
**अजीत सिंह**

## लोकतंत्र को डरा रहा है भीड़तंत्र!

आगरा में करणी सेना और कथित अन्य राजपूत संगठनों के हजारों लोगों ने तलवारें, बंदूकें और लाठी-डंडे लहराते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। उग्र लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी, नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस भी उनके सामने लाचार दिखी। मरने-मारने पर उतारू ये लोग किसी भी कीमत पर समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पहुंच कर उनसे माफी मंगवाने पर आमादा थे। टीवी सेट पर देखकर ऐसा लग रहा था कि यह दृश्य भारत का नहीं अफगानिस्तान का हो। एक लोकतांत्रिक देश में इस तरह का शक्ति-प्रदर्शन न सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण बल्कि लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी भी हैं। यह घटना एक बार फिर यह सोचने को मजबूर करती है कि क्या अब देश में विचारों की अभिव्यक्ति पर भीड़ का पहरा लग चुका है?

करणी सेना के लोग सपा सांसद द्वारा गत दिनों राज्यसभा में राणा सांगा पर की गई एक विवादित टिप्पणी से आहत हैं। कोई भी समझदार और संवेदनशील मनुष्य सांसद की उक्त टिप्पणी को जायज नहीं ठहरा सकता पर अब करणी सेना द्वारा जो किया जा रहा है, वह तो पूरी तरह से शासन-प्रशासन को खुली चुनौती प्रतीत होता है। करणी सेना की माफी मांगने की मांग सांसद स्पष्ट तौर पर ठुकरा चुके हैं, जो किसी भी व्यक्ति का अधिकार है। मगर अपनी असहमति को हिंसक रूप देने का अधिकार किसी को नहीं है। यह दूसरी बार है जब करणी सेना के लोग सांसद के घर तक पहुंचने पर आमादा नजर आए। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# मुर्शिदाबाद में मॉब लिंचिंग बाप-बेटे को मार डाला

### हाईकोर्ट का केंद्रीय बलों को तैनात करने का निर्देश



**मुर्शिदाबाद, जेएनएन।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हई है। वहीं, गोली लगने से एक अन्य घायल हो गया। हिंसा जिले के शमशेरगंज ब्लॉक के धुलियान में हुई।

बता दें कि शुक्रवार को भी धुलियान में हिंसा भड़की थी। यहां एक व्यक्ति घायल हो गया था, जिसकी शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। लिहाजा मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है। इस आंकड़े में मॉब लिंचिंग में मारे गए पिता-पुत्र शामिल नहीं हैं। प्रशासन ने हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया। उधर, बंगाल हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों को तैनात किया जाए। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों से फिर कहा- वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। कानून केंद्र ने बनाया है, इसलिए जो जवाब आप चाहते हैं, वह केंद्र से मांगा जाना चाहिए। मेरी अपील है कि शांत रहें। सबकी जान कीमती है, राजनीति के लिए दंगे न भड़काएं। उन्होंने भाजपा से भी अपील की कि वह सत्ता के लिए राज्य में दंगे ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## टीकमगढ़ में परिवार को जिंदा जलाने की कोशिश, 3 झुलसे

**जागरण, टीकमगढ़।** महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी ने परिवार को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की। महिला ने आरोपी को छेड़छाड़ करने से रोका था, जिसके बाद उसने पेट्रोल डालकर घर में आग लगा दी। हादसे में महिला, उसका बेटा और जीजा झुलस गए। घटना बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र की है। तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है और उसकी तलाश कर रही है। पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी राजेश रैकवार लगातार उसे परेशान कर रहा था। हफ्तेभर उसने बल्देवगढ़ थाने में शिकायत की थी। हालांकि, उस समय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी की वजह से पीड़िता को अपनी मां का घर भी छोड़ना पड़ा।

**छेड़छाड़ करने से रोका तो आरोपी ने पेट्रोल डाल घर में लगाई आग**

आरोप के मुताबिक, राजेश देर रात महिला के घर पहुंचा था, उसने महिला से दरवाजा खोलने के लिए कहा। महिला ने मना किया, तो आरोपी ने खिड़की से अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला ने बताया कि आरोपी पहले भी कई बार छेड़खानी कर चुका है। पुलिस ने समय पर आरोपी के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# राष्ट्रपति तीन महीने में लें विधेयकों पर फैसला



**सुप्रीम कोर्ट ने तय की समय सीमा**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संबंध में बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में राष्ट्रपति को फैसला लेने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। अगर इस अवधि से अधिक देर हो तो उचित कारण बताए जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। यह फैसला तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि से जुड़े एक मामले के संबंध में आया है। रवि द्वारा 10 विधेयकों को नवंबर 2023 में राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया था। राष्ट्रपति भवन में इन पर कोई फैसला नहीं हुआ। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास किसी विधेयक पर पूर्ण वीटो का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है। यही मानक अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति पर लागू होगा।

बता दें कि 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की।

### फैसले के महत्वपूर्ण पॉइंट

- राज्य का बिल राज्यपाल ने अगर भेजा है तो राष्ट्रपति को मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं।
- अनुच्छेद- 201 के तहत राज्य के विधेयकों से जुड़े राष्ट्रपति के निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है।
- राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो कारण बताना होगा।
- राज्य विधानसभा यदि पुनर्विचार को भेजा गया बिल फिर भेजती है तो राष्ट्रपति को उस पर फैसला लेना होगा। बिल को बार-बार लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी।

### सैफ पर हमला मामले में 1613 पेज की चार्जशीट



**मुंबई, जेएनएन।** सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने बांद्रा कोर्ट में 1613 से ज्यादा पेज की चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में कई खुलासे किए गए हैं। बता दें कि सैफ पर 15 जनवरी की रात करीब ढाई बजे चाकू से हमला किया गया था। चार्जशीट में सैफ की पत्नी करीना का भी बयान है। इस चार्जशीट में 35 गवाहों के स्टेटमेंट के साथ-साथ 25 सीसीटीवी फुटेज भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम के मोबाइल फोन की लोकेशन को भी सबूत के तौर पर चार्जशीट में दर्ज किया है।

## भोपाल में सीजीएसटी का छापा, रेलवे स्टेशन से 1.17 करोड़ की सिगरेट जब्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** शनिवार सुबह सीजीएसटी भोपाल की टीम ने रेलवे स्टेशन के माल गोदाम पर छापा मारा। यहां से टीम ने 1 करोड़ 17 लाख रुपए कीमत की सिगरेट जब्त की है, जो बगैर ई-वे बिल के ही मुंबई भेजी जा रही थी। सिगरेट स्मगलिंग के इस काले कारोबार के बारे में सीजीएसटी को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। टैक्स बचाने की खातिर सिगरेट के बंडलों पर पैकेजिंग और एडवरटाइजमेंट मटेरियल लिखा गया था। रेलवे के अफसरों के मुताबिक इस कंसाइनमेंट को यात्री ट्रेन के लगेज कंपार्टमेंट से मुंबई जाने के लिए बुक कराया गया था। एडवरटाइजमेंट मटेरियल भेजने पर टैक्स नहीं लगता इसलिए रेलवे के कर्मचारियों ने टैक्स संबंधी कागजात माल बुक कराने वाले व्यक्ति से नहीं मांगे। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### मीनाक्षी मेटल्स से डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

इधर, एक अन्य कार्रवाई में सीजीएसटी की सागर यूनिट ने मीनाक्षी मेटल्स के यहां भी छापा मारा। सेंट्रल जीएसटी की टीम द्वारा पिछले दिनों की गई इस सर्च के दौरान 1 करोड़ 50 लाख की टैक्स चोरी पकड़ी है। जीएसटी के 20 अफसरों की टीम ने मीनाक्षी मेटल्स के स्टॉक, स्टॉक रजिस्टरों और बाहर भेजे गए माल के दस्तावेजों की जांच की। स्टॉक में शॉर्टेज और ई-वे बिल में गड़बड़ी का मामला इस छापे के दौरान पकड़ में आया।

**प्रस्ताव** | वीजा नियमों में दी जा रही कई प्रकार की छूट, फायदा उठाने की अपील

# नौकरी-पर्यटन के लिए चीन आएं भारतीय

**बीजिंग, जेएनएन।** अमेरिका से जारी ट्रेड वॉर के बीच चीन भारतीय पेशेवरों और पर्यटकों को लुभाने की कोशिश करने लगा है। चीन भारतीयों से कहा है कि वे नौकरी के लिए चीन को प्राथमिकता दें। उसने ज्यादा से ज्यादा भारतीयों से चीन घूमने की अपील की है।

भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने एक्स पर लिखा- 9 अप्रैल, 2025 तक भारत में चीनी दूतावास ने चीन विजिट करने वाले भारतीय नागरिकों को 85 हजार से ज्यादा वीजा जारी किए हैं। चीन आने वाले भारतीय दोस्तों का स्वागत है, ताकि वे सुरक्षित और दोस्ताना चीन को जान सकें।

उन्होंने कहा कि चीन केवल घूमने की जगह नहीं है। वहां नौकरियां भी भारतीय दोस्तों का इंतजार कर रही हैं। इससे पहले मार्च में भी चीनी राजदूत ने बताया था कि उनके देश ने भारतीयों को 50 हजार से ज्यादा वीजा जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि चीन भारतीयों को वीजा में कई तरह की छूट दे रहा है। अनिवार्य ऑनलाइन अपॉइंटमेंट को खत्म



कर दिया गया है। वीजा शुल्क में भी कटौती की गई है। अगर कोई भारतीय नागरिक कम समय के लिए चीन की यात्रा करना चाहता है तो उसे अब बायोमेट्रिक डेटा पेश करने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे वीजा प्रोसेस का समय कम हुआ है। गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच अविश्वास की खाई काफी गहरी है। 1965 के युद्ध के बाद से स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। लेकिन व्यापार के लिए हर महीने सात से आठ हजार व्यापारी चीन जाते हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2025 में नौकरी के लिए चीन जाने वाले भारतीयों की संख्या भी बढ़ी है।

### उधर, ट्रंप ने स्मार्टफोन-कंप्यूटर को दी रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को स्मार्टफोन, कंप्यूटर और चिप्स पर ग्लोबल रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) टैरिफ से छूट दे दी। इन पर 10 फीसदी टैरिफ लगेगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा चीन, ताइवान और दक्षिण कोरिया को मिलेगा, क्योंकि ये देश कंप्यूटर, स्मार्टफोन और चिप्स के बड़े निर्यातक हैं। बता दें कि ट्रप ने दो दिन पहले चीन पर टैरिफ को बढ़ाकर 145 प्रतिशत कर दिया था। इस वजह से एप्पल जैसी अमेरिकी कंपनियां मुश्किल में पड़ गई थीं, जो अपने ज्यादातर प्रोडक्ट्स चीन में बनाती हैं। हालांकि नए टैरिफ रेगुलेशन में लैपटॉप, सेमीकंडक्टर, सोलर सेल, फ्लैट पैनल टीवी डिस्प्ले, फ्लैश ड्राइव, मेमोरी कार्ड और डेटा स्टोर करने के लिए इस्तेमाल होने वाली सॉलिड-स्टेट ड्राइव समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को छूट नहीं दी गई। दूसरी तरफ संभावना है कि ट्रंप चीन से आने वाले सामानों पर जल्दी ही टैरिफ कम कर सकते हैं।



# अस्मी भारती ने वुशू में मध्यप्रदेश के लिए जीता सिल्वर मेडल



**जागरण, सतना।** अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल सतना एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है जब इसकी प्रतिभावान छात्रा अस्मी भारती ने गुजरात के गांधी नगर में आयोजित खेलो इंडिया जूनियर विमेन वुशू 2024 में 56 किलोग्राम वेट कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतकर राज्य और शहर दोनों का नाम रोशन किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 2 से 7 अप्रैल तक डिफेंस यूनिवर्सिटी गांधीनगर में आयोजित हुई थीए जिसमें देशभर से 150 से अधिक चयनित खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मध्यप्रदेश से भाग लेने वाली 10 लड़कियों में से अस्मी ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा। विद्यालय का समर्पण और खेलों को लेकर प्रतिबद्धता एक बार फिर सामने आई है जहां न केवल शैक्षणिक उपलब्धियों पर बल दिया जाता है बल्कि खेल प्रतिभाओं को भी भरपूर मंच दिया जाता है। अस्मी भारती इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिताओं और राष्ट्रीय वुशु टूर्नामेंट्स में कई पुरस्कार जीत चुकी हैं। वह एएचपीएस के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यासरत हैं और उन्हें उनके पिता डॉ संदीप भारती द्वारा भी कोचिंग दी जाती है। इस उपलब्धि पर स्कूल डायरेक्टर सनातन अग्रवाल प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह एवं उप.प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर ने अस्मी को बधाई देते हुए कहारू अस्मी जैसी छात्राएं एएचपीएस की असली पहचान हैं जो हमारे शिक्षणए अनुशासन और समर्पण का सशक्त उदाहरण हैं। हमें गर्व है कि हमारी छात्रा ने राष्ट्रीय मंच पर स्कूल और सतना का झंडा बुलंद किया। एएचपीएस सतना अपने छात्रों को न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करता हैए बल्कि उनके हर कौशल और प्रतिभा को संवारने के लिए लगातार प्रयत्नशील रहता है।

## एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस रसायन शास्त्र के द्वारा हुआ पेटेंट ग्रांट

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस रसायन शास्त्र का पेटेंट ग्रांट हुआ है ष्प्राकृतिक उत्पादों से सक्रिय घटकों के पृथक्करण के लिए उपकरणष् शीर्षक वाला डिज़ाइन पेटेंट रासायनिकए दवा और वनस्पति प्रयोगशालाओं में उपयोग के लिए विकसित एक नया और कार्यात्मक रूप से विशिष्ट उपकरण दर्शाता है। यह उपकरण विशेष रूप से पौधों, जड़ी.बूटियों या सूक्ष्मजीव संस्कृतियों जैसे प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पदार्थों से जैवसक्रिय यौगिकों के निष्कर्षण और पृथक्करण को सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका अनूठा आकार और विन्यास इसकी उपयोगिता के लिए केंद्रीय हैं और इसके डिज़ाइन के मूल में हैद्यजिसमें मुख्य रूप से डॉ शैलेंद्र यादव,विभागअध्यक्षए रसायन विभाग की अहम भूमिका रही है। इसके अलावा इस कार्य में सहयोग के रूप में कान्हा सिंह तिवारी, प्रो रमाशंकर निगम, डॉ मनोज कुमार शर्मा और लक्ष्मी अग्निहोत्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी,प्रो हर्षवर्धन प्रोआरएसत्रिपाठी और विश्वविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पोंड़ी धाम में उमड़ा भक्तों का शैलाब



**जागरण, सतना।** श्री राम दरबार कांच मंदिर पौड़ी धाम मैहर में शनिवार को पूर्णिमा के साथ साथ हनुमान जयंती होने के कारण और शनिवार का दिन ऐसे में भक्त कहा शांत बैठने वाले हैं लगता था कि मानो भक्तों का जनसैलाब पोडी में टूट पड़ा हो एक ऐसा दरबार जहां पर भक्तों की समस्या का होता है पूर्णिमा में समाधान शनिवार 12 अप्रैल को काफी संख्या में कोने कोने से हजारों की संख्या में भक्त आयें थे भक्तों की भीड़ देखने लायक थी भक्तों के द्वारा बताया गया है इस दरबार में आकर पांच पूर्णमासी जो भी भक्ति करते हैं भगवान श्री राम के समक्ष अर्जी लगाते हैं और गुरु जी से अर्जी लगवाते हैं उनके समस्त कार्य संपन्न हो जाते हैं एवं उनको लाभ हो जाता वही जबलपुर से आए भक्त के द्वारा बताया गया कि हम काफी समय से आ रहे यहां पर सभी भक्तों से गुरुजी मिलते हैं एवं उनकी समस्या का समाधान करते हैं हमारी समस्या का समाधान हुआ है प्रतिदिन इस दरबार में काफी संख्या में लोगों की अर्जी स्वीकार होती है एवं इस दरबार के पीठाधीश्वर राम भक्त मध्य प्रदेश राज्य गुरु सूरज शरण शुक्ला महाराज का आशीर्वाद जिन भक्तों को प्राप्त होता है उनके समस्त कार्य जल्दी ही संपन्न हो जाते हैं वहीं जिनकी मनोकामना पूरी हुई है उन लोगों ने कथा भी सुनी और प्रसाद वितरण किया वही मेरे राम पोडी धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां काफी संख्या में भक्त भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के समस्त बच्चों को कराया जायेगा स्कूल में प्रवेश

सतना। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार 6 से 14 आयु वर्ग के समस्त बच्चों का चिन्हांकन कर उनका प्रवेश समीपी शाला में कराया जाकर उनकी शाला में नियमित उपस्थित सुनिश्चित की जायेगी। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि जिले में शाला जाने योग्य बच्चे जो पठन-पाठन के अलावा अन्य कार्यों में संलग्न रहते है और स्कूल नहीं जा पाते है। ऐसे बच्चों को सर्वे कराकर स्कूलों में दाखिला कराने उनका स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिवर्ष नामांकन में गिरावट का एक प्रमुख कारण यह भी है कि सत्र के प्रारंभ में ऐसे बच्चों की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है। कलेक्टर ने कहा कि सतना नगर निगम अंतर्गत ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। जहां संभावना है कि बच्चे शाला जाने के बजाय अन्य कार्यों में संलग्न है। सर्वे के लिए इन स्थानों में बसोरन बस्ती आईटीआई के पास, टपरिया बस्ती बिडला कॉलोनी, बस स्टैण्ड, हवाई पटटी नारायण तालाब के पास, ओवर ब्रिज के नीचे, रेल्वे स्टेशन के पास, सिंधी कैम्प औद्योगिक क्षेत्र के पास, पुष्पराज कॉलोनी कोलान बस्ती, टिकुरिया टोला बायपास से लगी बस्ती हवाई पट्टी, शनि मंदिर, सांई मंदिर धवारी, कोल्हान टोला मल्हान बस्ती, चांदमारी रोड, खूंथी हरिजन बस्ती और कोलान बस्ती महदेवा स्थलों का चयन किया गया है। इन स्थलों के लिए गठित दल में 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के मध्य सर्वे कार्य के लिए 2-3 शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सर्वे दल को निर्देशित किया गया है। रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर परिसर में लगातार सर्वे किया जाये। जिससे कोई भी बच्चा सर्वे कार्य से वंचित नहीं रहे।

## सिलपरी में श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सतना।** शनिवार को रुद्रावतार अतुलित बलधाम पवनपुत्र केशरी नंदन महावीर हनुमान जी स्वामी का सार्वजनिक हनुमान प्रकट्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन सन्त ललिया बाबा महाराज की तपोस्थली तपोभूमि व पुण्यभूमि सत्य आलोक आश्रम सिलपरी श्री सिद्ध बुढ़ऊ हनुमान जी धाम सिलपरी तहसील रामपुर बाघेलान में पुज़ारी रामविशाल त्रिपाठी एवं मुख्य सूत्रधार आदित्य प्रसाद तिवारी जी के संयुक्त कुशल दिशा . निर्देशन में ग्रामवासियों की ओर से प्रमुख यज़मान व श्री हनुमान भक्त पुष्पेन्द्र द्विवेदी द्वारा ग्रामीण व क्षेत्रीयजन की गरिमामयी उपस्थिति में पूजा .. अर्चना व अभिषेक का पुण्य कार्य समारोहपूर्वक सम्पादित किया गया तत्पश्चात् सुन्दरकाण्ड का सामूहिक पाठ एवं गायन तथा भज़न व भक्ति गीतों का सुमधुर गायन .. वादन किया जाकर सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय कर दिया गया स तदुपरान्त सार्वजनिक भण्डारा व प्रसाद वितरण का पुण्य कार्य सम्पन हुआ स उपरोक्त कार्य में बालमुकुंद पाण्डेय कृष्णकुमार पाण्डेय उमाशंकर पाण्डेय सुभाष मयंक तिवारी देवेन्द्र तिवारी विक्की पाण्डेय विनय द्विवेदी राधेश्याम द्विवेदी मनीष दयानन्द ध्रुवकुमार प्रमोद कुमार मनोज़ कुमार रामसिपाही घनश्याम यादव योगेंद्र यादव शिवम पाण्डेय भीषम प्रसाद अनिल तिवारी समर पाण्डेय केदार प्रसाद रामसुशील अतुल पाण्डेय नारेन्द्र द्विवेदी आनन्द द्विवेदी अनिल मिश्रा उदयराज भूपेंन्द्र शिवांक आदि ने उत्कृष्ट व प्रशंसनीय भूमिका का निर्वहन् किया गया ।

# गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यक्रम सम्पन्न



**जागरण, सतना।** भारतीय जनता पार्टी अटल बिहारी वाजपेई मंडल सतना नगर में गांव बस्ती चलो अभियान के कार्यक्रम संपन्न हुए । सतना नगर के अटल बिहारी वाजपेई मंडल में प्रदेश जिला संगठन के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर किए जाने वाले कर्णिकर के तहत मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 01 ,03 ,30 ,31 और 28 नंबर में गांव चलो बस्ती चलो एवं हितग्राहियों से मुलाकात कर उनसे योजनाओं के बारे में जानकारी लेना ऐसे कार्यक्रम मंदिरों में स्वच्छता अभियान ए बूथ की बैठकए पार्टी झंडा लगानाए वरिष्ठों के यहां चौपाल के कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अलग.अलग शक्ति केंद्र के बूथों में पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी , पूर्व विधायक श्रीमती ऊषा चौधरी ,जिला उपाध्यक्ष ,बालेंद्र गौतम ,प्रदेश सहसंयोजक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,विनोद यादव , अभिनव त्रिपाठी , मंडल के प्रभारी से शिवभगत मिश्रा , एवं सभी कार्यक्रमों में कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद कुमार मिश्रा एडवोकेट ने किया भ्रमण के दौरान काफी संख्या में जिला पदाधिकारी मंडल जिला एवं शक्ति केंद्र तथा बूथ के पदाधिकारी आम जनमानस नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे साथ में पार्षद अभिषेक तिवारी अंशु एपार्षद अच्छेलाल कोल,संयोजक दिलीप पांडे, अनिल सिंह ,आनंद सिंह बघेल, जितिन यादव,संजय त्रिपाठी, आयुषी तिवारी,संजय पटेल,मयंक यादव,नितिन त्रिपाठी, सुशील मिश्रा सुनील यादव,विवेक पांडे, अजित श्रीवास्तव, के एल गर्ग,अमित मिश्रा,प्रदीप शुक्ला,हर्ष पयासी, राकेश दामन,जितेंद्र सिंह,विनोद अहिरवार, आदि काफी संख्या ने पदाधिकारी नेतागण उपस्थित रहे।

## फुटबॉल टीम को वितरित हुई खेल सामग्री और ड्रेस




**सतना।** विधायक विक्रम सिंह विक्की द्वारा रामपुर बाघेलान वालीबाल टीम को ड्रेस एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि खेल एवं शिक्षा अशोक सिंह विश्व विजय सिंह अजीत सिंह अधीक्षक विनोद सिंह संदीप गुप्ता शिवमोहन सिंह लाला कुबेर ताम्रकार मनीष सिंह एवं विधानसभा के खेल प्रेमी उपस्थित रहें।

## सिन्धी पारिवारिक मूवी वरदान 3 का समापन शीघ्र

**जागरण, सतना।** मात्रभाषा एवं संस्कार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनी सिन्धी पारिवारिक मूवी वरदान 3 का समापन शीघ्र किया जाएगा उल्लेखनीय वरदान 3 पिछले 4 अप्रैल से संचालन हो रहा है जिसमें संत समाज ब्राह्मण समाज के साथ.साथ समाजसेवी एवं मातृशक्ति ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समिति के गुरमुख पंजवानी ने बताया वरदान 3 का समापन शीघ्र किया जाएगा आयोजक मंडल के रूपेश वलेचा एवं संजय खिलवानी ने बताया यह मूवी सिन्धी भाषा के वाधारे एवं सामाजिक एकता भाईचारे का प्रतीक है निश्चित ही इस मूवी से आज की युवा पीढ़ी प्रेरित होकर अपनी मातृभाषा संस्कार को बढ़वा देगी। जितेंद्र साबनानी ने जानकारी दी इस मूवी में श्री झूलेलाल मंदिर एवं लोकप्रिय गायक राजेश कोटवानी की मधुर आवाज में दो गीतों की भी प्रस्तुति दी गई है।

## हनुमान जयंती पर कोठी नगर में जगह-जगह हुए आयोजन एवं भंडारे



**सतना।** हनुमान जयंती के अवसर पर कोठी नगर में जगह.जगह हनुमान मंदिर पर आयोजन किए गए कहीं सुंदरकांड के पाठ के साथ भंडारे तो कहीं अखंड श्री रामचरितमानस पाठ के साथ भंडारे का आयोजन किए गए कोठी के झाली चौराहे पर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में नगर उत्थान समिति के संयोजक इंजीनियर आशीष तिवारी के संयोजन में हनुमान जयंती के अवसर पर संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ के आयोजन के उपरांत भंडारा प्रसाद वितरित किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया एतो वहीं कोठी के बाजार चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड के पाठ के आयोजन के उपरांत भंडारा प्रसाद वितरित किया गयाए इसके साथ.साथ वार्ड क्रमांक 15 स्थित हनुमानगंज मोहल्ले में प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया तो बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में भी भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरित किया गया इसमें सभी स्थानीय लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया एवं अपनी सहभागिता निभाई।

PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 13 अप्रैल रविवार को रीवा में



रीवा-रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी×मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 13 अप्रैल 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक × डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (नि:सन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता नि:सन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 4 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हज़ारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नहीं जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

# मुकुन्दपुर क्षेत्र में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे झोला छाप चिकित्सक

## स्वास्थ्य विभाग का अमला नही दे रहा ध्यान



**मुकुन्दपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुन्दपुर के क्षेत्रांतर्गत बंगाली क्लीनिकों की भरमार है स्वास्थ्य अमला स्वास्थ्य मंत्रालय भोपाल के आदेश के बावजूद भी पूरी तरह से न जाने क्यूं इतना सुस्त है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुन्दपुर के इर्द.गिर्द बंगाली क्लीनिकों की भरमार है फिर भी किसी एक क्लीनिक पर कार्यवाही क्यूं नहीं हो रही है। यहां तक की जनमानस के शिकायतों के बाद भी उक्त सभी क्लीनिकों को बंद होना वरिष्ठ कार्यालयों को बताया जा रहा है।इसका जीता.जागता ज्वलंत उदाहरण मुकुन्दपुर में स्थित बंगाली क्लीनिक है जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुन्दपुर के दरवाजे के सामने धड़ल्ले के साथ चल रही है और उक्त केंद्र की बीएम ओ ना जाने नतमस्तक क्यूं हैं। वहीं इसी के साथ ग्राम धोबहट में बंगाली क्लीनिक धड़ल्ले से चल रही है जिसका वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रही है। वीडियो में फर्जी चिकित्सक को देखने से हीं अनुमान लगाया जा सकता है कि ये कैसा चिकित्सक है।यह फर्जी चिकित्सक दवा से लेकर इंजेक्शन बाटल वगैरह भोले भाले मरीज लोगों के लगाकर उनके जिन्दगी से खिलवाड़ कर रहे हैं फिर भी बीएम ओ अमरपाटन एवं प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुन्दपुर न जाने क्यूं इतना मौन हैं।क्या किसी बड़ी घटना होने का इंतजार कर रहे हैं।

भोपाल के प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन मिश्रा 13 अप्रैल रविवार को रीवा में



रीवा-भोपाल के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ पवन कुमार मिश्रा, MBBS, DNB (ऑर्थोपेडिक) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, ऑर्थोस्कोपिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, सहायक प्राध्यापक चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भोपाल, पूर्व सहायक प्राध्यापक शासकीय मेडिकल कालेज बिलासपुर, पूर्व चिकित्सक AIIMS नई दिल्ली के द्वारा दिनाँक 13 अप्रैल रविवार (प्रत्येक रविवार रीवा में) को सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित सभी प्रकार के रोगीयों का जैसे घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, लिगामेंट से सम्बंधित समस्याएं, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना, समस्त प्रकार के जोड़ों से सम्बंधित रोग, घुटने व कंधे का दूरबीन विधि द्वारा इलाज/आपरेशन आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ मिश्रा को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है डॉ मिश्रा अब तक लगभग 05 (पाँच) हजार से ऊपर आपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके है, डॉ मिश्रा के द्वारा कामता क्लीनिक रीवा में प्रत्येक रविवार को नियमित OPD परामर्श दिया जाता है। क्लीनिक में इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हेल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

# लोटस सिटी में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**जागरण, सतना।** सोहावल.पन्ना रोड स्थित श्री साईं लोटस सिटी में हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सोसायटी परिसर स्थित विंध्वासिनी माता मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान मंदिर के सामने सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया। जिसमें सोसायटी से काफी संख्या में महिला.पुरूष व बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में हनुमान जी के बालस्वरूप में जयश त्रिपाठी को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम के इसी क्रम में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि श्री साईं लोटस सिटी प्रबंधन द्वारा सोसायटी परिसर में समय.समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर कॉलोनीवासियों के बीच एक अलग ही उर्जा का संचार किया जाता है। हनुमान जयंती के मौके पर लोटस सिटी के डायरेक्टर नीरज चौरसिया ने सभी भक्तगणों को हनुमान जयंती की बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की है। कार्यक्रम में शिवेंद्र सिंह परिहार, वरूणकांत त्रिपाठी, बीपी द्विवेदी, पंडित राकेश त्रिपाठी, सत्येंद्र सिंह तोमर, अनीता सिंह तोमर, अनीता सिंह बघेल, नेहा शुक्ला, रागिनी त्रिपाठी, सत्यानंद श्रीवास्तव, संजय बागरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय की सकारात्मक पहल



## मंदाकिनी नदी की स्वच्छता के लिए हुआ साप्ताहिक श्रमदान

**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा की आगुवाई में प्रत्येक शनिवार को आयोजित मंदाकिनी नदी के स्फटिक शिला एरिया के स्वच्छता हेतु श्रमदान कार्यक्रम में आज ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के स्वयंसेवकों, पर्यावरण प्रेमियों, समाज सेवी, स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता की ज्ञातव्य हो कि विश्व जल दिवस के अवसर पर ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग की शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा द्वारा स्वच्छता के लिए प्रत्येक शनिवार को श्रमदान हेतु किए गए आहवान को आत्मसात करने का संकल्प लिया था। इस अभियान के साथ अब नगर परिषद चित्रकूट का स्टाफ और स्थानीय नागरिक भी जुड़ चुके हैं। मंदाकिनी नदी की स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम को निरंतरता देते हुए स्फटिक शिला घाट एवं निकटवर्ती क्षेत्र की सफाई की गई। इस दौरान मंदाकिनी नदी में उगे शैवाल, प्लास्टिक, पॉलीथीन, फेके गए साबुन, शैंपू, गुटखा के रैंपर सहित विभिन्न प्रकार के कचरे को निकाल कर बाहर फेंका गया। डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन कार्य में लगे एनएसएस के स्वयं सेवक विद्यार्थियो ने मंदाकिनी नदी की सफाई के पूर्व एवं सफाई के बाद के सजीव चित्र भी लिए। इन चित्रों में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों की छवि प्रदर्शित हो रही है। स्नान एवं दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं ने इस अभियान की सराहना की है।

## भारद्वाज मुनि प्राचीन भारत के महान ऋषियों में से एक : रश्मि सिंह



**सतना।** ऊंचेहरा के अतिर्वेदिया खुर्द में शिवशक्ति धाम शीर सागर केंद्र द्वारा आयोजित भारद्वाज मुनि की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉक्टर रश्मि सिंह सम्मिलित हुई। डॉक्टर रश्मि सिंह ने केंद्र को बधाई देते हुए कहा कि भारद्वाज मुनि प्राचीन भारत के महान ऋषियों में से एक थे। पिथौराबाद पंचायत में भव्य एवं अलौकिक आश्रम का निर्माण ऐतिहासिक है। डॉक्टर रश्मि सिंह को समिति द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। एवं समिति द्वारा संगीत का आयोजन कर भारद्वाज मुनि का संदेश दिया गया। प्रमुख रूप से रामनरेश कुशवाहा, प्यारेलाल कुशवाहा, बलिराम सिंह, रामलोटन कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, रामू कुशवाहा, चंद्रभान सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र सिंह, सपना कुशवाहा पुष्पांजलि यादव,एवं रामसुरेंद्र सिंह सैकड़ों उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने एसपी ऑफिस के बाहर किया आत्महत्या का प्रयास

## न्याय न मिलने से हताश होकर उठा रही थीं आत्मघाती कदम

**जागरण, छतरपुर ।** बीते रोज दोपहर के वक्त चार महिलाओं ने एसपी कार्यालय के बाहर एक पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश की, जिससे हड़कंप मच गया। ये महिलाएं अपने थैले से रस्सी निकालकर पेड़ पर चढ़ने लगीं, लेकिन पुलिस को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वह तुरंत मौके पर पहुंची और उन्हें रोक लिया। पुलिस ने महिलाओं को एसपी ऑफिस में ले जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विदिता डागर से मिलवाया। पुलिस ने उन्हें अपनी समस्या बिजावर एसडीओपी को बताने की सलाह दी। ये महिलाएं मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम चौका की निवासी हैं और गांव के ठाकुर परिवार से विवाद के कारण परेशान हैं। वे मातगुवां थाने में शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई न होने से नाराज थीं। इसी वजह से सुबह 11 बजे से अपनी शिकायत दर्ज कराने एसपी कार्यालय पहुंची थीं, लेकिन दो घंटे तक उनकी बात नहीं सुनी गई। हताश होकर उन्होंने कार्यालय के बाहर पेड़ से फांसी लगाने की कोशिश की। महिलाओं का कहना था कि थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई और एसपी ऑफिस में भी कोई सुनने को तैयार नहीं था।

भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
16वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001
फ़ोन: 01143582200, 011-23701225 फ़ैक्स: 011-23701223
ई-मेल-Recruitmentcell@spmcil.com वेबसाइट: www.spmcil.com

विज्ञापन संख्या -01/2025

भारत प्रतिभूति मुद्रण एवं मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड (एसपीएमसीआईएल), एक अनुसूची 'ए' मिनी रत्न श्रेणी-। केंद्रीय सार्वजनिक उद्यम (भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन), **सीधी भर्ती के आधार** पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| पदनाम | स्तर | वेतनमान (आईडीए) | पदों की कुल संख्या | अधिकतम आयु (11.05.2025 तक) |
|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (आईटी) | ई-7 | रुपये 1,00,000-2,60,000/- | 1 अनारक्षित | 50 वर्ष |

अधिक जानकारी के लिए कृपया 12 अप्रैल, 2025 से 18 अप्रैल, 2025 तक के रोजगार समाचार संस्करण देखें और हमारी वेबसाइट **www.spmcil.com** पर "कैरियर" लिंक पर जाएं।

**संयुक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन)**




**Kia Syros**
Evolved by the future

At Kia, safety isn't just a feature, it's our promise. The new Syros raises the bar with a bold design, cutting-edge technology, first-of-its-kind features and advanced safety. And now with a 5-star BNCAP rating, it goes on to prove that the new Syros is not just built to impress, but is a complete package.

**Enhanced Protection** Safety, reimagined

| ADAS~ Level 2.0 | 6 Airbags Standard | Robust 20 Standard Safety Features | Smart Dashcam with Dual Camera | 360 Degree Camera with Blind View Monitor |
|---|---|---|---|---|

**Innovative Technology** Future, reimagined


Dual Pane Panoramic Sunroof



2nd Row Seat Reclining & Sliding with Seat Ventilation (Seats Only)



76.20 cm (30") Trinity Panoramic Display Panel



Kia Connect 2.0** with Over-the-Air (OTA) Software Updates and Other 80+ Connected Car Features


Harman Kardon Premium 8 Speakers Sound System


Electric Parking Brake with Auto Hold

**Book now** | Call 1800 108 5000 | 093195 91407 | Visit www.kia.com | Kia Syros

Terms & Conditions Apply. *Ex-showroom price all India. Segment is defined as vehicle with length between 3 990 mm – 3 999 mm and height - 1 680 mm. **Kia Connect 2.0 comes with 3 years free subscription. Kia Connect 2.0 features may vary depending on the variant, device compatibility, software and network availability in the vehicle. ~Advanced Driver Assistance System (ADAS) is not a substitute for human eye and driver vigilance. It is an assistance feature that enhances driving experience and safety. Effectiveness of ADAS may vary based on actual situation and all objects around vehicle may not be detected. The driver shall remain responsible for safe, vigilant, and attentive driving. The product & feature images shown in this advertisement are for representation purposes only. Color, features and specifications as shown may not be part of standard fitment and may vary or differ slightly depending on models/variants from the one shown in this advertisement. Model shown is subject to availability and may not be available across all variants. Kia India Pvt. Ltd. (Formerly known as Kia Motors India Private Limited) reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, other details of any model as mentioned or to discontinue any model without prior notice. For more details visit your local Kia dealership. Kia India Pvt. Ltd. urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on roads. We do not endorse vandalism or illegal activities related to road safety. Safety is a top priority, and we urge responsible behavior regarding traffic regulations and road safety.

FOR INFORMATION CONTACT: MADHYA PRADESH: REWA: BADERIYA KIA, PH: 073-146-26701, BALAGHAT: ABHISHEK KIA, PH: 8817404821, BHOPAL: SNR KIA, J.K.ROAD, PH: 9171151313, SOMYA KIA, HOSHANGABAD ROAD, PH: 9111809777, CHHATARPUR: SETH KIA, PH: 9201969643, CHHINDWARA: ABHISHEK KIA, PH: 8817404820, GUNA: ROYAL KIA, PH: 9893926555, GWALIOR: ROYAL KIA, PH: 9109179280, INDORE: BHAGIRATH KIA, BHANWARKUA, PH: 6269611000, MR-10 LUV KUSH SQUARE, PH: 9165915000, SHRI KIA, DEWAS NAKA, PH: 9285288888, PALASIA, PH: 6262000475, JABALPUR: KHATWANI KIA, PH: 9516648888, KHARGONE: BHAGIRATH KIA, SANAWAD ROAD, PH: 7354911000, RATLAM: SHRI KIA, PH: 9522201718, SAGAR: SETH KIA, PH: 9201969641, SATNA: BADERIYA KIA, PH: 073-146-26700, SHAHDOL: SARVAGYA KIA, PH: 9303782595 UJJAIN: SHRI KIA, PH: 9171605000, WAIDHAN: BADERIYA KIA, PH: 07314626702, CHHATTISGARH: BILASPUR: MAOSAJI KIA, PH: 8815103906, BHILAI: SAIRAM KIA, PH: 6262020333, JAGDALPUR: MAHADEVA KIA, PH: 7880144315, JANJGIR: MAOSAJI KIA, PH: 9343604981, KORBA: KRISHNA KIA, PH: 8815104502, RAIPUR: MAHADEVA KIA, MOWA, PH: 7880144216, SAIRAM KIA, TATIBANDH, PH: 1800-889-5001, INTARA KIA, LABHANDI, PH: 7880006086, RAIGARH: MAOSAJI KIA, PH: 9343604983

INNOCEAN-018/25

# कार्यकर्ताओं मे जोश का मंत्र फूंकने पहुंचें विधायक संजय

## कार्यकरता सम्मान आयोजन मे विधायक ने कार्यकर्ताओं का बढाया हौसला

जागरण, कटनी




विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के मार्गदर्शन पर भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के मिशन में अपना योगदान दे रहा है, विजयराघवगढ़ भाजपा का हर सक्रिय सदस्य सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय सदस्य सम्मेलन दिनांक 11 फरवरी को विधायक कार्यालय मे सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत भारत माता,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई। सम्मेलन में देश के बदलते परिदृश्य, विकास योजनाओं और पार्टी की उपलब्धियों पर विचार साझा किए गए। सम्मलेन को संबोधित करते हुए विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि आप सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज बूथ से लेकर देश के बड़े हिस्से में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनसेवा कर रही है । भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भारत की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के मिशन में अपना योगदान दे रहा है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नेतृत्व में हमारी सरकार देश को विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है आज विश्व में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जा रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में अखंड भारत निर्माण को गति मिलेगी जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विश्वास और स्थायित्व का माहौल बना। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने न केवल विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी सम्मान दिया। भाजपा ने महिला सम्मान के लिए 33त्न आरक्षण क़ानून लागू किया है । मैं आप सभी कार्यकताओं से केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याण की योजना को जनजन तक पहुंचाए और देश के विकास में अपना भी योगदान दें। मैं चाहता हूं आपके गांव बस्ती का विकास बूथ स्तर के कार्यकर्ता के मन के अनुरूप विकास हो आप सभी विकास कार्यों की रूप देखा के विषय में अपने विचार जरूर बताएं। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित, लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

पिछले दिनों सदस्यता अभियान में विजयराघवगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक कार्य करते हुए प्रदेश में ऊंचे स्थान पर सदस्यता ग्रहण कराई है। हमारी पार्टी राष्ट्र की भावना से समर्पित पार्टी है अन्य पार्टिया तो सिर्फ परिवारवादी पार्टी है भाजपा सिर्फ कार्यकताओं की पार्टी है एक छोटा सा कार्यकर्ता भी भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनने का सपना देख सकता है। जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने कहा कि हम सब सक्रिय सदस्य भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही हैं हम लोग लगातार पार्टी के लिए काम करते हुए पार्टी को आगे बड़ा रहे हैं आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सम्मेलन का संचालन जिला मंत्री डारेश्वर पाठक एवं आभार प्रदर्शन पूर्व मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह चौहान ने किया। उपस्थित जन सम्मेलन में विधायक संजय पाठक, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महामंत्री सतीश तिवारी, सुरेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, जिला मंत्री डारेश्वर पाठक, विजय गुप्ता, आशीष गुप्ता बाबा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुधा कोल, सुधा जायसवाल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, तीनों नगर परिषदों के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, वसुधा मिश्रा, मनीषा शर्मा, विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, भवानी राजा मिश्रा, जगदीश गुप्ता, मनोज तिवारी, प्रमोद सोनी, केशव यादव नमीत ग्रोवर अजय शर्मा पप्पू बृम्हमूर्ती तिवारी अंकुर ग्रोवर संतोष केवट गोलू मिश्रा मनीष मिश्रा जयवंत सिंह चौहान हरिश दुवे आदी सहित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रथ मे सवार हनुमान जी का किया दर्शन,विशाल प्रभात फेरी मे हुई पुष्पवर्षा



**जागरण, कटनी।** हनुमान जयंती पर शनिवार को विशाल शोभायात्रा निकाली गईं जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए जिवंत झाकियों के साथ शोभायात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा,देवी-देवताओं की झांकियां के साथ हनुमान जी की रथ के साथ भक्तों ने नगर भ्रमण किया। हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गईं विशाल प्रभात फेरी शोभायात्रा मे में हनुमान जी का स्वरूप आकर्षित कर रहा था। भक्त हनुमान जी के जयकारे लगाते हुये आगे बड़ रहे थे। राम जी चले न हनुमान के बिना जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर हनुमान जयंती आयोजन के श्री 1008 दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर पं. श्री आनंद महाराज जी कमानिया गेट ने बताया शनिवार को सिद्ध पीठ श्री श्री 1008 दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर से सुबह 6:30 बजे बाजे-गाजे, भजन मंडली, डीजे, बैंड पार्टी एवं विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों के साथ हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली गईं। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह पर भव्य स्वागत कर भक्तों के जलपान की व्यवस्था की कराई गईं इनमें सभी धर्म, संप्रदाय, संगठनों की सहभागिता प्रमुख रूप से रही। पंडित आनंद जी महाराज जी ने हनुमंत लाल जी से लोगों के अरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की.अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता, प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त, हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। संपूर्ण सृष्टि में सुख-शांति व समृद्धि का वास हो, उनसे यही प्रार्थना की। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापस दक्षिणी मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर में संपन्न हुई।

# महापौर सूरी ने कटाएघाट एवं निगम कार्यालय के हनुमान मंदिर पहुंचकर लिया बजरंगबली का आशीर्वाद

**कटनी।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों के साथ कटाए घाट स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में दर्शन कर बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात महापौर श्रीमती सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुगणों के साथ बैठकर मंदिर प्रांगण में आयोजित हो रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।
**निगम कार्यालय में कर्मचारियों के साथ पूजा :** महापौर सूरी नगर निगम कार्यालय के हनुमान मंदिर पहुंचकर अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और शहरवासियों के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉक्टर रमेश सोनी और सुभाष शिबू साहू सहित निगम के अधिकार कर्मचारी गणेश बिचपुरिया, देवी मिश्रा, ओमप्रसाद सोनी, सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

# हनुमान जयंती पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

## हनुमान भक्तों ने मचाई धुम कही रैली तो कही भंडारा आयोजित हुए



**विजयराघवगढ।** श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम स्थित हनुमान मंदिर प्रमुख धाम पर हनुमान जयंती जयंती को लेकर वैष्णवाचार्य संत श्री नारायण स्वामी जी महाराज के मंगल सानिध्य में आचार्य पं कृष्णदास पांडेय,वेदाचार्य पं राकेश उरमलिया,पं केशवानंद तिवारी ने संगीतमय अखंड श्री रामचरितमानस पारायण कराते हुए महाभिषेक षोडशोपचार पूजन हवन महाआरती के पश्चात भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया । इस औसर पर श्रद्धालु भक्तों का जन शैलाब दर्शनार्थ उमड़ सभी ने जय श्रीराम के साथ हनुमान जी महाराज की जय जय कार की । कार्यक्रम में पं जगदीश प्र त्रिपाठी,पं प्रमोद मिश्रा, डॉ अनिल मिश्रा, विमलेन्दु पयासी, अनिल शर्मा, ब्रह्ममूर्ति तिवारी,मदनलाल ग्रोवर, पत्रकार शेरा मिश्रा, नमित ग्रोवर,राजेश मिश्रा, प्रमोद पयासी, विपिन सोनी रामनारायण गर्ग, मयंक मिश्रा, विनोद मिश्रा, सरमन गुप्ता, ओपी तिवारी, अजीत पांडेय, देवेश मिश्रा, माधुरी मिश्रा, पद्मा ताम्रकार, संदेश उपाध्याय, प्रकाश पांडेय, राजू गुप्ता,तारा सिंह चौहान, अरुण मिश्रा, दीनबंधु तिवारी, जयप्रकाश नारायण गौतम, संदीप पांडेय, संजय सोनी, प्रदीप बिलैया, संगम बडगैया, सिद्धार्थ, अमन, राकेश, संस्कार, नीरज शुक्ला सहित अन्य भक्तों की उपस्थिति रहे।

### विभिन्न जगहों पर हुआ आयोजन

किला के पिछे विराजमान हनुमान जी महाराज पचमठा धाम पर विराजमान संकट मोचन व तहसील प्रांगण मे पंचमुखी हनुमान गौरहा मंदिर समनहाई तलैया आदी मे हनुमान जी की पूजा आरती के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944







# परम वंदनीय सतगुरु बाबा जैरामदास साहिब जी का 130वां जन्मोत्सव रविवार 13 को




**कटनी।** ज्वाला चक्की स्थित बाबा जैरामदास दरबार में सतगुरु बाबा जैरामदास साहिब जी का 130वां जन्मोत्सव रविवार 13 अप्रैल को अपार श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का भोग साहिब का आयोजन होगा, जिसमे कटनी की प्रसिद्ध मंडली ( बालक मंडली ) के गोवर्धन, दिलीप उदासी जी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक लंगर ( भंडारा ) का आयोजन होगा। दरबार समिति ने शहर के समस्त धर्मप्रेमी जनों से इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर व प्रसाद ग्रहण कर सतगुरुओं का आशीष प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### प्रभारी कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली

**मंडला।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कोडिंग सिखाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर श्री कूमट ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कम्?प्यूटर शिक्षा का महत्व सर्वविदित है और कोडिंग एक महत्वपूर्ण कौशल है जो विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन जल्द ही इस दिशा में एक विस्तृत कार्ययोजना लेकर आएगा, जिसके तहत स्कूलों में कोडिंग की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

सार्वजनिक सूचना

**न्यायालयः-पन्ना नागेश, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, रीवा, जिला-रीवा, (म0प्र0)**

क्रमांकः 72 न्याया./2025
रीवा, दिनांक 08.04.2025
व्यवहार वाद कमांक 606ए / 2024
पेशी दिनांक 14.5.2025

1. राबिन गोयल द्वारा एच.यू.एफ. कर्ता राबिन गोयल पिता श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल, उम्र 38 वर्ष निवासी 12/199, अग्रवाल नर्सिंग होम के पास खुटेही, रीवा (म.प्र.)

........वादी

बनाम

करण सिंह वगै.
1 रत्नेश कुमार मिश्रा तनय बृजकिशोर मिश्रा, उम्र 23 वर्ष ग्राम प्रोस्ट मउगंज तहसील व जिला मउगंज म.प्र.

.......प्रतिवादीगण

दावा स्वत्व घोषणा एवं चिरस्थाई निषेधाज्ञा वादी राबिन गोयल द्वारा आपके विरूद्ध दावा स्वत्व घोषणा एवं चिरस्थाई निषेधाज्ञा का न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तारीख 14.5.2025 को 11:00 बजे दिन होगी। अगर उस दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस में कार्यवाही होगी। सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से आम जन को सूचित किया जाता है कि यदि वे प्रकरण के संबंध में कोई हक या अधिकार रखते है तो पेशी दिनांक 14.5.2025 को न्यायालय में स्वय, अभिकर्ता या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत न करने की स्थित मे एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08.4.2025 को न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील

(पन्ना नागेश)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड
रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 82210

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड, रीवा (म0प्र0)**

नि0सू0क0 / 15 / 2024-25 / लेखा / का0यं0 / लो0स्वा0यॉ0 / 25 — रीवा, दिनांक 04.04.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑन लाइन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर निविदा रीवा जिले के लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड रीवा अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्ड़ों में स्थापित हैण्डपंपों के निरीक्षण कार्य एवं अन्य विभागीय कार्यों हेतु निम्नानुसार वाहनों हेतु वाहन मालिकों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक **08.04.2025** डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि **08.04.2025** टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि **22.04.2025** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक **08.04.2025** एवं बिड सबमिश्न का अंतिम तिथि **22.04.2025** को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' and Financial bid Open का दिनांक **24.04.2025** को निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक **24.04.2025 को** खोली जावेंगी।

(4) **कार्य का विवरण :-**
**रीवा जिले के खण्ड रीवा अन्तर्गत विकासखण्ड रीवा, गंगेव, सिरमौर, जवा एवं रायपुर में स्थापित हैण्डपंपों का विभागीय स्तर पर संधारण कार्य करने हेतु किराये से जीप/कमान्डर/पिकप वाहन एवं श्रमिकों की आवश्यकता।**

| ई-टेण्डर नं0 | उपखण्ड का नाम एवं विकासखण्ड | कार्य की अनु0 लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_414324_1 | लो0स्वा0यॉ0 उपखण्ड हुजूर (वि0ख0 रीवा, गंगेव) | 34.31 | 50000.00 | 5000.00 | 2 वर्ष |
| 2025_PHED_414325_1 | लो0स्वा0यॉ0 उपखण्ड सिरमौर (वि0ख0 सिरमौर, जवा) | 34.31 | 50000.00 | 5000.00 | 2 वर्ष |
| 2025_PHED_414327_1 | लो0स्वा0यॉ0 उपखण्ड रायपुर (वि0ख0 रायपुर) | 34.31 | 50000.00 | 5000.00 | 2 वर्ष |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर **(On line System)** क्रेडिट कार्य या ऑन लाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
रीवा (म0प्र0)

G- 11419/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड रीवा (म0प्र0)**

नि0सू0क0 / 14 / 2024-25 / लेखा / का0यं0 / लो0स्वा0यॉ0 / 25 — रीवा, दिनांक 04.04.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

01. निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन कार्य से संबंधित दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

निविदा पब्लिशिंग का दिनांक **08.04.2025**, डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/सेल स्टार्ट डेट दि0 **08.04.2025** डाक्यूमेन्ट खरीदी की अंतिम दिनांक **22.04.2025,** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दि0 **08.04.2025** एवं बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक **22.04.2025** को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' एवं बिड ओपनिंग दिनांक **24.04.2025** पूर्वान्ह 11.00 बजे निर्धारित है।

02. उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

03. **कार्य का विवरण :-**
**रीवा जिले के खण्ड अन्तर्गत विकासखण्ड़ गंगेव में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग एवं आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन आदि समस्त कार्य 2 वर्ष के लिए।**

| ई-टेण्डर नं0 | विकासखण्ड/ हैण्डपंपों की संख्या | कार्य की अनु0 लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_414323_1 | गंगेव (2750 है.पं मैके0 सहित.) | 31.65 | 50000.00 | 5000.00 | दो वर्ष |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है। विस्तृत निविदा विभागीय वेवसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड,
रीवा (म0प्र0)

G- 11438/25

**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना;-**

पत्र क्र. 452 भू-अर्जन / 2024 — मऊगंज दिनांक 10/02/2025

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है| इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है |

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा(1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | नईगढ़ी | शिवपुरवीरान 971 | 0.001 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र.2, मनगंवा
जिला |- रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G-11420/25

**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना;-**

पत्र क्र. 520 ./ भू-अर्जन / 2024 — मऊगंज दिनांक .10/02/2025

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है| इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है |

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा(1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | नईगढ़ी | पटपरा 560 | 0.004हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G- 11414/25

**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना;-**

पत्र क्र. 532 / भू-अर्जन / 2024 — मऊगंज दिनांक 10/02/2025

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है| इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है |

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा(1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | नईगढ़ी | डीडी 406 | 0.001 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र.2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव )
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G- 11413/25

# गर्मी में आग की बढ़ी वारदातें, खतरे में खलिहान



जागरण

## शार्ट सर्किट से अधिकांश लग रही आग

### ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर नहीं मिल पाती आग बुझाने की सुविधाएं



**जागरण, सीधी**

गर्मी के दिनों में तपिश बढ़ते ही आग लगने की घटनाओं में भी इजाफा हो रहा हैं। आग लगने की अधिकांश घटनाओं के पीछे मुख्य कारण शार्ट सर्किट ही निकलकर सामने आता है। जानकारों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में खलिहान बनाने के दौरान लोग अपनी सुविधा पर विशेष ध्यान देते हैं। यह नहीं देखा जाता कि गर्मी के दिनों में आसपास से निकली विद्युत लाइन से हवा के तेज झोकों के दौरान शार्ट सर्किट होता रहता है। यदि खलिहान नजदीक है तो मुख्य विद्युत लाइन में होने वाले शार्ट सर्किट के दौरान निकलने वाली चिंगारी खलिहान को कुछ समय के अंदर ही खाक कर सकती है। फिर भी खलिहान बनाते समय अधिकांश लोग यह देखते हैं कि थ्रेशर लगाने के लिए दूर तक तार न फैलाना पड़े। वैसे भी ग्रामीण क्षेत्रों में थ्रेशर से गहाई के दौरान अधिकांश लोग कटिया फंसाकर काम करते हैं। ऐसे में थ्रेशर से लगे कटिया से भी शार्ट सर्किट होने के दौरान आग लग जाती है। खलिहान में किसी भी तरह का विद्युत तार नहीं रखना चाहिए। यह प्रयास करना चाहिए कि जरूरत हो तो विद्युत संबंधी कार्य के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में फसलों की गहाई का कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। वहीं खलिहानों में आग लगने की घटनाएं भी प्रतिदिन सामने आ रही हैं। आग लगने पर ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती। लिहाजा खलिहान में आग लगते ही कुछ समय के अंदर ही वहां से आग की भीषण लपटे उठने लगती हैं और खलिहान कुछ समय के अंदर ही खाक हो जाता है। गर्मी के दिनों में सूखी फसल में आग पकड़ने पर उसमें काबू कर पाना संभव नहीं है। कुछ किसानों के पास खलिहान के नजदीक ही बोर की सुविधा उपलब्ध होने पर भी वह आग को समय पर नहीं बुझा पाते। जिसके चलते उन्हे भी भारी नुकसानी उठानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। सूचना देने पर जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचता है वहां की समूची फसल खाक हो चुकी होती है। ऐसे में किसानों को आग लगने की घटनाएं न हो इसको लेकर विशेष रूप से सतर्कता बरतने की जरूरत है। खलिहान के आसपास कोई भी व्यक्ति बीडी या सिगरेट का उपयोग न करें और न ही अन्य किसी तरह से आग का उपयोग किया जाय। खलिहानों में आग लगने से किसानों की समूची मेहनत पर कुछ समय के अंदर ही पूरी तरह से पानी फिर जाता है। प्रशासन की ओर से पीड़ितों को आर्थिक मदद दी जाती है किन्तु यह नुकसानी के मुकाबले काफी कम होती है। यह अवश्य है कि आर्थिक मदद मिलने के बाद पीड़ित को कुछ सहारा मिल जाता है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के दिनों में कच्चे मकानों में भी आग लगने की घटनाएं भी सामने आती हैं। इसमें भी प्रमुख कारण शार्ट सर्किट निकलकर सामने आता है। बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तारों का उपयोग करने में लापरवाही कई बार भारी पड़ जाती है। तारों में जहां जोड़ होते हैं वहां भी गर्मी के दिनों में शार्ट सर्किट होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि शार्ट सर्किट के चलते घर के अंदर आग लगी तो उस दौरान भी संबंधित को भारी नुकसानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो लोगों की जिन्दगी भर की जमा गृहस्थी ही आग की भेंट चढ़ जाती है।

## गेहूं के खेत में लगी आगए लाखों का नुकसान



गर्मियां आते ही आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई हैं। इन दिनों खेतों में गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ गई है। शनिवार को बरौ गांव में एक खेत में आग लग गई। इससे खेत में खड़ी गेहूं की करीब चालीस ढीस्मिल फसल जलकर नष्ट हो गई। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम बरौ में आशीष सिंह गहरवार विक्की के खेत में दोपहर के समय खेत से अचानक धुआं निकलने लगा। लोग वहां पहुंचे तो आग की लपटें उठ रही थीं। आग देख लोगों ने शोर मचा दिया। खेत में खड़ी गेहूं की फसल भी जलने लगी। खेत मालिक ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

# जगह-जगह रही हनुमान जन्मोत्सव की धूम



**जागरण, सीधी।** श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास जी महाराज आश्रम आध्यात्मिक रामायण मंदिर में आज दिन शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की छठी उत्सव मनाया गया। जहां सभी भक्तगण सुबह 11 बजे पहुंच कर भजन कीर्तन लोकगीत सोहर का गायन हुआ। अखंड रामचरितमानस का अनुष्ठान हुआ जिसका समापन कल दिन रविवार को 11 बजे होगा। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन है। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। जहां दक्षिण मुखी हनुमान जी को नवीन वस्त्र धारण कराकर सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। आध्यात्मिक रामायण मंदिर पुजारी संत शत्रुघ्न दास द्वारा आए हुए भक्तगणों को कड़ी भात, फल, लड्डू आदि का प्रसाद वितरण कराया गया। वहीं दूसरी तरफ सायं कल 5 बजे दक्षिण मुखी हनुमानजी के समक्ष दीप प्रज्जवलित दीपोत्सव मनाया गया। वहीं शहर के कार्तिकेय मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भारत हिंदू राष्ट्र एवं रविवार गुरुकुल की स्थापना के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु श्री गुरु बजरंग संघ मातृशक्ति प्रदेश संयोजिका गुड़िया पाण्डेय द्वारा 21 बार हनुमान चालीसा, महिला मंडल द्वारा बहुत ही भाव से संगीतमय गायन हुआ। वहीं दिन शुक्रवार को रामनाम संकीर्तन का 12 घंटे अखंड चलाता रहा, जिसमें मुख्य रूप से सुतीक्ष्ण पंडित, छोटे राम अमरवाह, अभय राज सिंह, राम लखन भारती, संजय सोनी, आशु पंडित, बृजेंद्र सिंह नागवंशी, पन्ना चौरसिया, भूपेंद्र पाण्डेय, राजू पाण्डेय, सीपी तिवारी, आलोक सिंह, श्रीमती सविता, राघवेंद्र द्विवेदी, अरुण सिंह बघेल, रवेद्र सिंह चौहान, कमल कामदार, कहार आरईएस आदि भक्तगण का विशेष सहयोग रहा। कार्तिकेय मंदिर व्यवस्थापक शिवकुमार सिंह चौहान ने बताया कि हर वर्ष की बात इस वर्ष भी बड़े उत्साह के साथ श्रद्धालु भकगण हनुमान जन्मोत्सव में शामिल हुए एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस महान पर्व पर शनिवार को सामूहिक रूप से एक समय एक साथ सुबह 9 बजे हनुमान चालीसा पाठ का अभियान चल रहा है, जिसमें महेंद्र शरफ, संजय सिंह, विनायक गुप्ता, धीरेंद्र सिंह परिहार, अभिषेक पाण्डेय, राजेंद्र सिंह गहरवार, मनीष गहरवार, संदीप वर्मा, आशीष द्विवेदी, विपिन सोधिया, ओम पाण्डेय, सुशील दिवेदी, महेंद्र दिवेदी शामिल रहे।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किया जा रहा श्रमदान



**जागरण, सीधी।** जिले के विकासखंड मझौली में कार्यरत स्वैच्छिक संगठन सत्य सरोवर समाज सेवा संस्थान जो कि विगत एक सप्ताह से मझौली आंचल के विभिन्न ग्रामों में अलग-अलग दिवस जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए श्रमदान के माध्यम से कार्य कर रही है। श्रमदान के चौथे दिवस पर जन अभियान परिषद् सीधी के जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मालिया और विकास खण्ड समन्वयक रजनीश मिश्रा और अनिल पाठक की उपस्थिति में ग्रामीण जनों के साथ 1 घंटे का श्रमदान ताला के पोड़री टोला कैलाश वृद्धाश्रम के पास नाले में किया गया और श्रमदान के साथ जिला समन्वयक द्वारा उपस्थित लोगों के साथ जल स्रोतों को पुनर्जीवित और जल संरक्षण में सहभागिता करने के लिए संवाद किया गया और सभी को आह्वान किया कि विगत 2 माह अर्थात 30 जून तक सभी स्वैच्छिक रूप से पानी बचाने के लिए कार्य करें और लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। श्रमदान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश वृद्ध आश्रम के संचालक शिवमणि तिवारी, कर्मचारी और संस्था के प्रतिनिधि रावेन्द्र तिवारी, परामर्शदाता रजनीश द्विवेदी और ग्रामीण जनों की सक्रिय सहभागिता रही और संकल्प लिया गया। उक्त स्थान को लगातार धर्मदान और ग्राम पंचायत के सहयोग से पुनर्जीवित करेंगे।

## वरिष्ठ शिक्षक सम्पत द्विवेदी का 102 वर्ष की आयु में निधन



**जागरण, सीधी।** जिले के तहसील रामपुर नैकिन के अन्तर्गत ग्राम भरतपुर के जाने-माने शिक्षक एवं समाज सेवी सम्पत द्विवेदी का 102 वर्ष की आयु में दिनांक 6 अप्रेल साम 5 बजे गृह ग्राम भरतपुर में स्वर्गवास हो गया है। उनके स्वर्गरोहण की खबर से क्षेत्र में सोक लहर छा गई है। उनके बड़े पुत्र रामभद्र द्विवेदी द्वारा मुखाग्नि दी गई। उनके तीन पुत्र एवं दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार सोक की लहर में डूब गया। सम्पत द्विवेदी के निधन पर रामचेरे शर्मा, उपेन्द्र द्विवेदी, महेंद्र द्विवेदी, शिवेन्द्र सिंह, उमेश सिंह, सुधीर सिंह, प्रदीप सिंह, श्रीमती सीमा पाण्डेय जनपद सदस्य, वसुधा सिंह सरपंच भरतपुर, केके पाण्डेय, रावेन्द्र सिंह, अखिलेश पाण्डेय, अतुल द्विवेदी, अजय द्विवेदी, राजेन्द्र द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, कार्तिकेय पाण्डेय, अखिलेंद्र शर्मा, संदीप पाण्डेय, वेदप्रकाश पाण्डेय, शेषमणि द्विवेदी, जीतेन्द्र द्विवेदी, सुधीर द्विवेदी, मकरंद पाण्डेय, सतीष सिंह, पंकज सिंह, अर्जुन सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी क्षेत्र अंतर्गत प्राचीन बजरंगबली मंदिर हनुमान चौराहा कुसमी एवं वनवासी बजरंगबली मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। कार्यक्रम में भक्तों के द्वारा सुंदर कांड का पाठ रामायण पाठ एवं प्रसाद वितरण भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं कर्मप्रथम चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर प्रसाद वितरण किया गया है तब कार्यक्रम में कर्मप्रथम चैरिटेबल फाउंडेशन के एक्जिकेटिव डायरेक्टर अमित श्रीवास्तव, एडवोकेट राजेंद्र तिवारी, संगम लाल गुप्ता, संतोष गर्ग, कमलभान जायसवाल, भाई लाल शर्मा, अवधेश प्रसाद गुप्ता, प्रेमचंद साहू, राहुल विश्वकर्मा, आशीष मिश्रा, दिनेश गुप्ता, शिवनाथ नापित, दल प्रताप नापित सहित कई लोग कार्यक्रम में शामिल होकर हनुमान जी की पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण किया। वहीं रात में 101 हनुमान चालीसा का जाप एवं भंडारा का कार्यक्रम भी आयोजन वनवासी बजरंगबली मंदिर में किया जाएगा।

## हनुमान चौराहा खोरी में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**जागरण, सीधी।** सिहावल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरी के हनुमान चौराहा पर धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पिछले वर्ष यहां की हनुमान जी की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दी गई थी। उसके बाद जनसहयोग से मंदिर का निर्माण कराकर हनुमान जी की स्थापना, धर्म ध्वजा और विशाल भंडारे का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। आयोजन में रामस्वरूप मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, इंद्रबहादुर सिंह गहरवार, सज्जन गहरवार, अंबुज मिश्रा, जनपद सदस्य कुबरी यज्ञराज साहू, मृत्युंजय प्रसाद गौतम कुबरी, जीवेंद्र शुक्ला, विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा सपही, अंजनी गहरवार, प्रमोद बघेल, श्यामस्वरूप मिश्रा, अरविंद सिंह, पिंटू सिंह, अमन मिश्रा, शिवराज सिंह, सरपंच हरिनारायण मिश्रा, दुअरा सरपंच अजय सिंह, खोरी सरपंच राजकुमार साहू, अमरपुर मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया।

## पुलिस ने कॉम्बिग गश्त में 46 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** सीधी पुलिस ने अपराधी विरोधी धर पकड़ अभियान के तहत साप्ताहिक कॉम्बिग गश्त में 46 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 23 गुण्डा बदमाश व 20 निगरानी बदमाशों को चेक कर चेताया है कि भविष्य मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहें। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थानाध्चौकी के थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में दिनांक 11-12 मार्च 2025 के दरम्यानी रात जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 9 स्थाई वारंट एवं 37 गिरफ्तारी वारंट कुल 46 वारंट तामील किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। कॉम्बिग गश्त में थाना कोतवाली ने 2 स्थाई वारंट एवं 6 गिरफ्तारी वारंट, थाना जमोड़ी ने 1 स्थाई वारंट एवं 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना चुरहट ने 2 गिरफ्तारी वारंट व 10 स्थाई वारंट, थाना रामपुर नैकिन ने 1 स्थाई वारंट एवं 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना कमर्जी 1 स्थाई ने 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना अमिलिया ने 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना बहरी ने 1 स्थाई व 1 गिरफ्तारी, थाना मझौली ने 3 गिरफ्तारी वारंट तथा थाना भुइमाड़ ने एक स्थाई वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्त मे लिया है।

# पुलिस ने तीन सटोरियों से 1 लाख का मशरूका किया जप्त



**जागरण, सीधी।** चुरहट पुलिस ने तीन सटोरियों को मामला दर्ज कर नगदी के साथ 1 लाख 3 हजार 2 सौ रूपए के मशरुका के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व मे चुरहट पुलिस ने 3 सटोरियों को गिरफ्तार कर आपराधिक मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी को 11 अप्रैल को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा चुरहट में राजेश सोनी, सुरेश केवट उर्फ भैरव केवट एवं देवीदीन गुप्ता तीनों निवासी कस्बा चुरहट द्वारा देवीदीन गुप्ता के चायपान करने वाले घर के सामने अवैध तरीके से सट्टा खिलवाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर एसडीओपी आशुतोष चुरहट द्वारा त्वरित 2 टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही पर 3 व्यक्ति सट्टा पर्ची काटते उस स्थान पर बैठे मिले। जिनका नाम पता पूंछने पर अपना नाम राजेश सोनी पिता प्रेमलाल सोनी उम्र 48 वर्ष, सुरेश उर्फ भैरव केवट पिता रामदास केवट उम्र 35 वर्ष, देवीदीन गुप्ता पिता राममिलन गुप्ता उम्र 40 वर्ष तीनों निवासी कस्बा चुरहट थाना चुरहट जिला सीधी मप्र का होना बताये। तीनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो नगदी के साथ कुल 1 लाख 3 हजार 200 रूपए कीमत का मशरुका पाया गया। उसके पश्चात एसडीओपी चुरहट द्वारा थाना प्रभारी चुरहट को आरोपियों को सुपुर्द कर वैधानिक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। जिसके बाद चुरहट पुलिस ने उक्त 1 लाख 3 हजार 2 सौ रूपए कीमती मशरुका जप्त कर तीनों आरोपियों से सट्टा खिलवाने वाले का नाम पता पूंछा गया तो देवीदीन गुप्ता ने बताया कि कस्बा चुरहट का रहने वाला पिण्टू गुप्ता पिता अंजनी गुप्ता सट्टा खिलवाने का काम करता है। जिसके बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम किया गया। समस्त कार्यवाही में एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी, प्रआर रामचरण रावत, प्रआर आशीष सिंह, प्रआर पुष्पेन्द्र मिश्रा, आरक्षक उदय तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# संगीतमय भागवत कथा का रसपान कर मंत्रमुग्ध हो रहे श्रोता



**जागरण, मझौली।** जिले के नगर क्षेत्र मझौली थाना के पीछे आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ विगत 10 अप्रैल गुरुवार को 108 कलश व धर्म ध्वज पूजन तथा विशाल कलश शोभा यात्रा निकाल किया गया। जहां आज 12 अप्रैल शनिवार को महाभारत चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र कथा पाठ के प्रसांगिक वर्णन का रसपान कथा व्यास नागेंद्र किंकर ध्रुव जी के मुखारविंद से सुमधुर ध्वनि कराया गया। कथा का रसपान कर श्रोतागण मनमुग्ध हो झूमते गुनगुनाते रहे। बताते चलें कि नियन्ताकी कालजयी दृष्टि से कलुपित चेतना को शुद्ध करने के लिए मझौली की पावनधरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत ज्ञान यज्ञ दंण्डी संन्यासी बालयोगी अनंत श्री विभूषित परमहंस परिब्राजकाचार्य निर्भयानंद सरस्वती प्रतिवाद भयंकर आचार्य जी महाराज धर्म संघ काशी सम्पति तिलक नगर पडरा जिला सीधी मध्य प्रदेश के सानिध्य में वार्ड वार्ड क्रमांक 12 नगर परिषद मझौली थाना के पीछे संपन्न हो रही है। आज 13 अप्रैल को प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्रीराम चरित्र एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा पाठ का रसपान कराया जाएगा। आयोजक धर्म प्रेमी गणों द्वारा क्षेत्र वासियो से श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। वहीं दूर दराज से आए सनातन धर्म प्रेमियों के साथ 11 अप्रैल को क्षेत्रीय विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच महराज जी एवं कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त कर संचारित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत ज्ञान यज्ञ का कथा श्रोताओं के बीच बैठकर कर प्रेम भाव से कथा का रसपान किए।

## गलत जानकारी से छवि धूमिल करने का प्रयासः डॉ. मिश्रा



**जागरण, सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश मिश्रा ने सोशल मीडिया के माध्यम से मेरे नाम एवं मोबाइल नम्बर से सड़क दुर्घटना के संदर्भ में एक फर्जी टेक्स्ट मैसेज का स्क्रीनशॉट वायरल किया जा रहा, जो पूर्णतः गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि मेरी छवि को धूमिल करने का यह प्रयास किया गया हैं। दुखी मन से सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि मेरे द्वारा ऐसा मैसेज सड़क दुर्घटना के संदर्भ में क़भी भी नहीं लिखा गया। मैं पुलिस एवं जिला प्रशासन से माँग करता हूं कि इसकी जांच कर दोषियों पर कठोरतम कार्यवाही की जाएं। सांसद डॉ. मिश्रा ने इस पर हो रही घटिया राजनीति और कुछ शरारती तत्वों द्वारा हवा देने के लिए चोभ व्यक्त किया है। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने दिवंगत अनिल द्विवेदी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस संकट की घड़ी में परिजनों के साथ हर प्रकार से खड़ा हूँ। इस घटना से मेरा मन अत्यंत दुखी और अशांत है।

## लाडली बहना को कब मिलेंगे 3000 रुपए : पंकज



**जागरण, सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के प्रवक्ता पंकज सिंह ने लाडली बहना योजना की राशि में देरी और इसे 3000 रुपए बढ़ाने के वादे पर अमल न करने को लेकर मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। पंकज ने कहा कि बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनावों में इस योजना की मासिक राशि 1250 से बढ़ाकर 3000 रुपए करने का वादा किया था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। इसके साथ ही अप्रैल 2025 की 23वीं किश्त भी समय पर नहीं पहुंची, जिससे लाभार्थी महिलाओं में भारी निराशा और आक्रोश है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने बीजेपी सरकार की नाकामी पर सवाल उठाते हुए कहा लाडली बहना योजना को बीजेपी ने अपनी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया और वोट हासिल करने के लिए बड़े-बड़े वादे किए। लेकिन अब न तो राशि समय पर आ रही है न ही इसे बढ़ाने की बात पर कोई कार्रवाई हो रही है। यह मध्य प्रदेश की बहनों के साथ खुला विश्वासघात है। उन्होंने बताया कि हाल ही में विधानसभा में सरकार ने स्पष्ट किया कि राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जो बीजेपी के दावों की पोल खोलता है।

## प्रशांत को मिला अंतर्राष्ट्रीय एमिली डिकिंसन पुरस्कार



**सीधी।** बड़ा टीकट चुरहट निवासी प्रशांत सिंह बघेल को अंतर्राष्ट्रीय 21वीं सदी के एमिली डिकिंसन पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार उनके काव्य संग्रह एक काव्य यात्रा ताओ ते चिंग लाओ त्से की प्रतिध्वनि पर दिया गया है। 52 वर्षीय प्रशांत सिंह एक सफल उद्यमी है जो वर्तमान में अफ्रीका में निवासरत है तथा अपना व्यवसाय करते हैं। यह पुरस्कार अमेरिकी कवित्री एमिली डिकिंसन के नाम पर कविता या साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट लेखन के लिए प्रदान किया जाता है। चीनी दार्शनिक लाओ त्से के विचारों से प्रेरित होकर प्रशांत सिंह ने कविताएं लिखी जिसमें प्रकृति के साथ एकात्मकता और भारतीय संवेदनाएं हैं। जिसमें सहज और संतुलित जीवन को रूपायित किया गया है। प्रशांत इस विचार को भारतीय दृष्टिकोण से जोड़ते हैं। जहां प्रकृति को माता के रूप में दर्जा दिया जाता है। प्रशांत कहते हैं कविता केवल अभिव्यक्ति का एक रूप नहीं बल्कि परिवर्तन का मार्ग है। उनकी कविताओं में सादगी, मौन तथा गहन दार्शनिक चिंतन है। ठीक उसी तरह जैसे नदी बहती है चुपचाप कर्म की तरह, ना देखे किनारा, ना रुके पथ पर प्रशांत सिंह सीधी के वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह के अनुज हैं।

# पांड में दो बालिकाओं की तालाब में डूबने से हुई मौत



जागरण

हादसा

## घर के पास के तालाब में नहाने गई थीं बालिकाएं

### समदा में भी सगे दो भाई व एक बहन की हुई थी जल समाधि





**जागरण, मझौली**

जिले के मझौली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पांड में आज पुनः तालाब में नहाने गई दो नाबालिक बालिकाओं की जल समाधि हो गई। बता दे की अभी जनपद पंचायत मझौली क्षेत्र अंतर्गत मझिगवां ग्राम पंचायत के समदा में सगे दो भाई, एक बहन की जल समाधि हो गई थी जिसको बीते अभी हफ्तों हुआ होगा। आज पुनः दो सगी बहनों की जल समाधि हो गई। बताते चले की पांड ग्राम पंचायत निवासी रामसखा साहू की चार पुत्रियो में से राशी उम्र लगभग 11 वर्ष व सबसे छोटी रीना 10 वर्ष सुबह महुआ फूल बिनने गई थी जो वापस आकर घर के पास के तालाब में महुआ फूल वहीं रख नहाने के लिए तालाब में घुसी, जो जेसीबी मशीन से की गई गहरी खुदाई के गहरे पानी में समां गई। जबकि नहाने के लिए घाट भी निर्माण कराया गया है। पानी में डूबने से दोनों बालिकाओं की मृत्यु हो गई। जब कुछ देर तक बालिकाओं की आवाज सुनाई नहीं दी तो मंदिर में रहने वाले बुजुर्ग द्वारा परिवार जनों को सूचना दी गई। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को भी दी गई। जहां पर एसडीओपी कुसमी मझौली, थाना प्रभारी मझौली सहित पुलिस बल पहुंच पंचनामा तैयार किया गया तथा गांव के लोगों की मदद से दोनों बालिकाओं को जो की पानी के नीचे ही गडी हुई थी निकलवाया गया। तब तक तहसीलदार मझौली भी हल्का पटवारी के साथ पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक शव वाहन से मृत बालिकाओं को पीएम के लिए मझौली मर्चुरी ले जाया गया है। मृतक बालिकाओं की मां की कई वर्ष पूर्व जब काफी कब उम्र की थी मृत्यु हो गई थी। चार बहनें थीं जिसका पालन पोषण उनके पिता द्वारा किया गया, जिसका रो-रो कर बुरा हाल है। चारों बहनों में से अभी किसी शादी नहीं हो पाई है।

### तालाब गहरीकरण को लेकर लोगों के बीच रही चर्चा

लोगों द्वारा बताया गया कि पूर्व पंचवर्षीय योजना में तालाब गहरीकरण स्वीकृत किया गया था, जिसकी खुदाई नियमानुसार ना कर नहाने वाले घाट के किनारे जेसीबी मशीन से काफी गहरी की गई है। लोगों का कहना था की नहाते समय बालिकाओं के पैर फिसल होंगे और वह दलदल मिट्टी में फंस गई होगी। इसलिए देखा जाए तो उनकी मृत्यु का कारण जेसीबी मशीन से की गई गहरी खुदाई से भी नहीं नकारा जा सकता।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# हमले के पीड़ितों को इंसाफ की एक और उम्मीद मजबूत

**आखिरकार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया और इसी के साथ मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों और अन्य पीड़ितों के परिजनों के लिए इंसाफ की एक और उम्मीद मजबूत हुई है।**

लश्कर-ए-तैयबा की योजना के मुताबिक जिस गिरोह ने मुंबई में बड़े पैमाने पर एक साथ आतंकी हमला किया था और उसमें एक सौ चौंसठ लोग मारे गए थे, तहव्वुर राणा ने उसमें मुख्य साजिशकर्ता की भूमिका निभाई थी। लेकिन तब उसे पकड़ा नहीं जा सका।

पिछले महीने जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के एक अहम आरोपी तहव्वुर राणा की भारत को प्रत्यर्पित करने के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया था, तभी यह साफ हो गया था कि उसे भारत लाने के दिन अब करीब आ गए हैं। इसी के साथ मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों और अन्य पीड़ितों के परिजनों के लिए इंसाफ की एक और उम्मीद मजबूत हुई है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण कराने के लिए भारत की ओर से काफी समय से लगातार कोशिशें जारी थीं और उसमें निरंतरता का ही यह नतीजा है कि इस दिशा में एक बड़ी कामयाबी मिली। दांव आजमा लिए थे।

गौरतलब है कि लश्कर-ए-तैयबा की योजना के मुताबिक जिस गिरोह ने मुंबई में बड़े पैमाने पर एक साथ आतंकी हमला किया था और उसमें एक सौ चौंसठ लोग मारे गए थे, तहव्वुर राणा ने उसमें मुख्य साजिशकर्ता की भूमिका निभाई थी। लेकिन तब उसे पकड़ा नहीं जा सका। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा उसके बाद भी अपने आतंकी साथी डेविड कोलमैन हेडली के साथ अन्य देशों में आतंकी हमले करने की योजना में सक्रिय रहा।

राणा को भारत को प्रत्यर्पित कराने के लिए डेढ़ दशक तक लगातार प्रयास करना पड़ा। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संबंध में कहा था कि मुंबई आतंकी हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित कर दिया जाएगा। मगर यह जिस स्तर का संवेदनशील मामला था, उसमें कई बार आखिरी समय में अड़चन खड़ी होने की आशंका बनी रहती है। शायद इसीलिए राणा को भारत लाने में कामयाबी को केंद्रीय एजंसियों के सबसे महत्त्वपूर्ण प्रत्यर्पण और भारत की एक अहम कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है।

मगर यह भी सच है कि इसके लिए भारतीय खुफिया एजंसियों को करीब डेढ़ दशक तक लगातार प्रयास करना पड़ा। इस मसले पर पाकिस्तान ने भले ही तहव्वुर राणा से पल्ला झाड़ने की कोशिश की है, इसके बावजूद अब यह उम्मीद की जा सकती है कि मुंबई हमलों में काम करने वाले आतंकी संगठनों और उनसे जुड़े आतंकवादियों की भूमिका कुछ और साफ होकर उभरेगी।

# ट्रंप के टैरिफ से गिरा भारत का शेयर बाजार

आर्थिक परिदृश्य




**भारत में पिछले दिनों शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स पिछले बंद से करीब 4000 अंक नीचे रहा। हालांकि, बाजार बंद होने से पहले यह संभला और 2226 अंक नीचे गिरकर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी करीब 1100 अंकों का गोता लगाने के बाद 742 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के बारे में गुरुवार को ही चेतावनी जारी कर दी थी,**

कीर्तिवर्धन मिश्र

ट्रंप ने दुनिया भर की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले अहम उत्पादों पर आयात शुल्क लगा दिया था। हालांकि, इसका असल असर सोमवार से दिखना शुरू हुआ है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि जापान से लेकर चीन तक, एशिया में सभी शेयर बाजारों में भारी बिकवाली का दौर देखा गया है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर ट्रंप के आयात शुल्क लगाने के फैसले का शेयर बाजारों पर इतना भीषण असर क्यों पड़ा है? कहां-कहां मार्केट में गिरावट देखी गई है? इसके अलावा यह असर अभी कितने दिन तक रह सकता है? इससे आम लोगों की जिंदगी पर किस तरह असर पड़ने की संभावना है? आइये जानते हैं...

बीएसई का सेंसेक्स ने सुबह खुलने के बाद सीधा 3900 से ज्यादा अंकों का गोता लगाया। यह पिछले बंद से करीब 5.22 फीसदी की गिरावट थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान भारत के शेयर बाजार से निवेशकों का करीब 20 लाख करोड़ रुपया साफ हो गया। हालांकि, शाम आते-आते सेंसेक्स थोड़ा संभला और यह गिरावट 2226 अंकों के पहुंच गई। वहीं, निवेशकों की जमा पूंजी में गिरावट भी 14 लाख करोड़ के करीब आ गई।

आंकड़ों के लिहाज से बात करें तो भारत में एक दिन में यह शेयर मार्केट की पांच सबसे बड़ी गिरावटों में से है। भारत का शेयर बाजार सोमवार को 2.95 फीसदी गिरा।

भारत के अलावा और किन देशों में मार्केट का रहा बुरा हाल?

मार्केट विश्लेषकों ने पहले ही एलान किया था कि सोमवार का दिन ब्लैक मंडे हो सकता है। यानी इस दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की जा सकती है। हुआ भी कुछ ऐसा ही। दुनिया में सबसे पहले खुलने वाले पूर्व में स्थित देशों (एशिया) में शेयर बाजार के खुलने के साथ ही बड़ी गिरावट दर्ज की गई। आलम यह रहा कि चीन के शंघाई से लेकर जाान के टोक्यो और ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से लेकर दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार तक में जबरदस्त बिकवाली का दौर देखा गया। बाजार में इस दिन को ब्लडबाथ तक कहा गया है।

ट्रंप के टैरिफ का इतना बुरा असर क्यों?

गौरतलब है कि एशिया के अधिकतर देश अहम उत्पादकों में रहे हैं। चीन से लेकर वियतनाम और भारत से लेकर बांग्लादेश तक की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा देश में निर्मित उत्पादों के निर्यात पर निर्भर है। एशिया के अधिकतर देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा मार्केट है।

हालांकि, ट्रंप की तरफ से आयात शुल्क लगाने के फैसले से इन देशों के निर्यात पर असर पड़ने की संभावना है। दरअसल, अमेरिका जिन देशों से आयात करता रहा है, अब वहां के उत्पाद खरीदने के लिए अमेरिकी नागरिकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। इसकी वजह है बढ़े हुए आयात शुल्क, जो कि इनकी मूल कीमतों के ऊपर जुड़े हैं।

ऐसे में एशिया के निर्यातक देशों पर टैरिफ का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामले के पूर्व उप मंत्री रहे फ्रैंक लाविन के मुताबिक, ट्रंप के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर एशियाई बाजारों पर ही दिखने की संभावना है, क्योंकि यहां के बाजार अमेरिका को सबसे ज्यादा निर्यात करते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शेयर बाजारों पर पड़ने वाले इस नकारात्मक प्रभाव की खबरों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार देर रात कहा कि बाजारों को दवा लेने की जरूरत है।

अमेरिका में मंडराया मंदी का खतरा?

दुनियाभर में शेयर बाजारों के गिरने के साथ-साथ खुद अमेरिका में मंदी के आसार जताए जाने लगे हैं।

अमेरिका के सबसे बड़े बैंकों में से एक जेपी मॉर्गन ने अनुमान लगाया है कि अब देश में मंदी की आशंका 60 फीसदी तक पहुंच चुकी है। गोल्डमैन सैक्स ने भी अनुमान लगाया है कि अमेरिका में अगले 12 महीने में मंदी की आशंका अब पहले के 35त्न से बढ़कर 45 फीसदी पर आ गई है।

क्या भारत भी अमेरिका पर जवाबी आयात शुल्क लगा सकता है?

भारत अपनी बातचीत के जरिए समझौते करने की नीति के लिए जाना जाता है। अगर भारत को कोई कार्रवाई करनी होती तो वह पहले ही इस तरफ काम शुरू कर देता। लेकिन भारत के मामले में हमने देखा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान हमने अपना स्टैंड निष्पक्ष (न्यूट्रल) रखा। भारत को पता है कि जब कभी लड़ाई होती है तो हमें झुकना भी पड़ता है या कदम पीछे भी खींचने होते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी भारत को बाद में इसका फायदा मिला और हमारी जीडीपी लगातार स्थिर रही है।

भारत ने अमेरिका की तरफ से पारस्परिक टैरिफ लगाने के एलान से पहले कुछ नीतियां बदली हैं। ऐसे में भारत जवाबी कार्रवाई की जगह, अमेरिका से बातचीत कर समझौते की कोशिश करेगा, ताकि हमारे उद्योगों पर प्रभाव तो भले ही पड़े, लेकिन ज्यादा असर न हो। भारत ट्रंप की टैरिफ मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए वैश्विक व्यापार समीकरणों संग आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका के साथ कोलम्बो में व्यापार और रक्षा सहित सात महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके पूर्व बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान इस संगठन के देशों के साथ व्यापार बढ़ाने पर भी चर्चा की।

एक हकीकत यह भी है कि अमेरिका अपने कई उत्पादों के लिये अन्य देशों पर निर्भर है। उसके उद्यमियों ने भी दूसरे देशों में औद्योगिक यूनिट लगा रखे हैं। ऐसे में उन देशों पर टैरिफ लगाने से अमेरिकी जनता द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं के दाम भी स्वाभाविक रूप से बढ़ेंगे। यही वजह है कि अमेरिका के शेयर बाजारों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। जिसका असर पूरी दुनिया पर भी दिख रहा है और स्थितियां कोरोना काल के संकट जैसी बन गई हैं।

वैसे आज भी दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं कोरोना काल से पूर्व की आर्थिक स्थिति पर लौटने के लिये संघर्षरत हैं। कमोबेश ये स्थितियां बड़े आर्थिक संकट की आहट दे रही हैं। जिसकी वजह है कि अमेरिका समेत अन्य देशों में निवेश बाधित होने, उत्पादन में गिरावट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान से वैश्विक स्तर पर महंगाई उत्पन्न होने की चिंताएं बढ़ रही हैं। जिसका तमाम क्षेत्रों पर असर पड़ने से आम लोगों का जीवनयापन कठिन होता जाएगा।

खपत कम होने से अर्थव्यवस्था का चक्र धीमा हो जाएगा। यही वजह है कि ट्रंप के मनमाने टैरिफ युद्ध से दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं खुद को बचाने की जद्दोजहद में जुटी हैं। हालांकि, खुद अमेरिका भी इसके दुष्परिणामों से अछूता नहीं रहेगा। निवेशकों की घबराहट से उसकी अर्थव्यवस्था भी चरमराएगी।

# सहकारी बैंकों की सुध लेने का समय...

बैंकिंग व्यवस्था




**भारतीय बैंकिंग प्रणाली अब भी मजबूत बनी हुई है, लेकिन हालिया घटनाएं सहकारी बैंकों के निगरानी तंत्र को दुरुस्त करने की जरूरत को दर्शाती हैं। सहकारी बैंकों में अनियमितताओं और दिवालिया होने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे छोटे निवेशकों के मन में बैंकिंग प्रणाली के प्रति भरोसा कम हो रहा है।**

सतीश सिंह

विगत दिनों मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में अदालत ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को संपत्तियां कुर्क करने की अनुमति दी। इसके बाद पुलिस ने पांच आरोपियों की 168 करोड़ की 21 संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि गबन के पश्चात भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्थिति को संभालने के लिए तात्कालिक रूप से बैंक से निकासी, नए ऋण देने और जमा लेने पर रोक लगा दी थी। बाद में ग्राहकों को निकासी के मामले में आंशिक रूप से राहत दी गई। फिर भी, ग्राहकों के मन में अब भी भय और संशय की स्थिति बनी हुई है।

कुछ साल पहले पंजाब एवं महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी) में हुए घोटाले की वजह से भी ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। सहकारी बैंकों में अनियमितताओं और दिवालिया होने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे छोटे निवेशकों के मन में बैंकिंग प्रणाली के प्रति भरोसा कम हो रहा है। सहकारी बैंकों में अनियमितता या घोटाले का एक ब?ा कारण रिजर्व बैंक और रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव की दोहरी नियंत्रण व्यवस्था को माना जा रहा है। सहकारी बैंकों की स्थापना राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अनुसार होती है। भारतीय रिजर्व बैंक नियामक तो होता है, लेकिन उसकी नियमन की भूमिका सीमित होती है। इस बैंक की कार्यप्रणाली में केंद्र सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। इस तरह के बैंकों पर निगरानी का कार्य मुख्य तौर पर राज्य सरकार करती है, जिसके निदेशक सतारूढ़ दल के नेता होते हैं। इन कारणों से सहकारी बैंकों में घोटालों को अंजाम देना आसान होता है। को-ऑपरेटिव गृह समितियों या आम जनता द्वारा सहकारी बैंकों में पैसा रखने के पीछे एक बड़ा कारण इन बैंकों द्वारा ज्यादा ब्याज की पेशकश करना है। इस वजह से निवेशक लालच में आ जाते हैं। न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक और पीएमसी बैंक भी जमा पर ज्यादा ब्याज दे रहे थे। सहकारी बैंकों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना और वित्तीय समावेशन की संकल्पना को साकार करना है, लेकिन भ्रष्टाचार की वजह से ये उद्देश्य पूरे?नहीं हो पा रहे हैं। अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में ग?ब?ी के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति पर आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है। इस तरह, वित्त वर्ष 2004-05 से लेकर अब तक 156 शहरी सहकारी बैंकों का विलय हुआ है, जिनमें छह शहरी सहकारी बैंकों का विलय 2023 में हुआ है।

मौजूदा व्यवस्था में सहकारी बैंकों में अनियमितता को रोकना आसान नहीं है। साथ ही, अधिक ब्याज के लालच में ग्राहक भी ऐसे बैंकों में अपने जीवन भर की पूंजी जमा करना बंद नहीं करेंगे। इसलिए, निवेशकों के भरोसे को अक्षुण्ण रखने के लिए केंद्र सरकार डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (डीआईसीजीसी) एक्ट के तहत मिलने वाले मौजूदा पांच लाख रुपये के बीमा कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है। डीआईसीजीसी, आरबीआई की स्वामित्व वाली एक संस्था है, जो बैंक डिपॉजिट पर बीमा कवर मुहैया कराती है। बीमा कवर के प्रीमियम का भुगतान ग्राहक की जगह बैंक डीआईसीजीसी को करते हैं। भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी वाणिज्यिक बैंकों का बीमा डीआईसीजीसी द्वारा किया जाता है। फिलवक्त, बैंक के बंद या दिवालिया होने पर डीआईसीजीसी ग्राहकों को पांच लाख रुपये तक की बीमित राशि का भुगतान करता है। बैंक के डूबने या बंद होने के 90 दिनों के अंदर ग्राहकों को उनके जमा पैसे का भुगतान किया जाता है। प्रभावित बैंक को 45 दिनों में डीआईसीजीसी को खाताधारकों का ब्योरा देना होता है। उसके बाद, शेष बचे हुए 45 दिनों में वह खाताधारकों को पैसे लौटाता है। यदि किसी जमाकर्ता का बैंक में 10 लाख रुपये जमा है और बैंक डूब जाता है, तो जमाकर्ता को सिर्फ पांच लाख रुपये ही बीमा के रूप में मिलेंगे और बाकी डूब जाएंगे। ऐसे प्रावधान से निवेशकों के मन में डर व्याप्त है।

प्रसंगवश

# कलियुग के देवता हैं बजरंगबली

हनुमान जन्मोत्सव 2025

**कलियुग का मतलब होता है वह युग, जिसमें मनुष्य सबसे अधिक भटकता है। आखिर हनुमान जी को कलियुग का देवता क्यों कहा जाता है। लेकिन इसी अराजकता में एक देवता ऐसे हैं जो आज भी जीवित हैं। वह सच्चे मन से पुकारने वाले हर भक्त के रक्षक हैं।**

चारों ओर अधर्म, भय, लोभ, भ्रम और संकटों का माया-जाल होता है। लेकिन इसी अराजकता में एक देवता ऐसे हैं जो आज भी जीवित हैं। वह सच्चे मन से पुकारने वाले हर भक्त के रक्षक हैं। वह हैं हनुमान जी, जिन्हें लोग श्रद्धा से कलियुग के देवता कहते हैं। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस दिन भक्त श्रद्धापूर्वक हनुमान जी की उपासना करते हैं।

हनुमान जी हैं चिरंजीवी

शास्त्रों की मानें तो हनुमान जी चिरंजीवी हैं। इसका मतलब है कि वे मृत्यु से परे हैं। जब भी कोई उन्हें सच्चे दिल से पुकारता है, वे वहीं प्रकट हो जाते हैं। यह सिर्फ विश्वास ही नहीं, बल्कि लोगों का अनुभव भी है। हनुमान जी कहते हैं कि जहां-जहां राम का नाम लिया जाएगा, मैं वहां उपस्थित रहूंगा। कलियुग में भगवान की भक्ति कठिन है, लेकिन हनुमान जी की भक्ति सरल और फलदायी है। इसलिए भक्त हर मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की आराधना जरूर करते हैं।

भक्ति से जल्द प्रसन्न हो जाते हैं बजरंगबली

मुश्किल और कठिन समय में देवताओं तक पहुंचना कठिन हो सकता है पर हनुमान जी तो भक्त की पुकार सुनने के लिए तैयार ही बैठे रहते हैं। उनकी कृपा पाने के लिए न तो बड़ी यज्ञ की जरूरत होती है, न लंबे उपवास की। भक्तों के मन में बस श्रद्धा होनी चाहिए। उनका नाम लेने मात्र से डर भाग जाता है, मन स्थिर होता है और संकट भी टल जाता है।


हनुमान जी के लिए राम नाम सबसे मूल्यवान है। वे उन श्री राम नाम के रक्षक हैं, जो कलियुग में सबसे अधिक शक्तिशाली मंत्र माना जाता है। और यही कारण है कि जब कोई राम का नाम जपता है, हनुमान जी उसकी रक्षा के लिए सामने खड़े मिलते हैं। वे राम नाम को इस युग में जीवित रखे हुए हैं।

नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति दिलाते हैं

कलियुग में भय, अंधविश्वास और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव सबसे ज्यादा होता है। लेकिन जहां हनुमान जी की उपस्थिति होती है, वहां कोई भी नकारात्मक शक्ति टिक नहीं सकती। यही वजह है कि हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण जैसे पाठों का जाप करते ही आत्मविश्वास बढ़ जाता है और एक सुरक्षा महसूस होती है

निस्वार्थ है हनुमान जी की भक्ति

बता दें कि हनुमान जी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे बिना किसी स्वार्थ के भक्ति का प्रतीक हैं। उनका जीवन भगवान राम की सेवा में समर्पित रहा है। न कोई अपेक्षा, न कोई अभिमान। वे हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा धर्म सेवा है और इसी मार्ग पर चलकर भक्त ईश्वर की प्राप्ति कर सकते हैं।



॥गीता॥



**श्लोक : येषामर्थे काङ्क्षितं नो राज्यं भोगाः सुखानि च।**
**त इमेऽवस्थिता युद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च॥**

**भावार्थ** : हमें जिनके लिए राज्य, भोग और सुखादि अभीष्ट हैं, वे ही ये सब धन और जीवन की आशा को त्यागकर युद्ध में खड़े है।

जीवन दर्शन

# मनुष्यता का मंत्र है धर्म



धर्म जीवन का अभिन्न अंग है, तत्व है। इसके अस्तित्व को नकारने का अर्थ है स्वयं के अस्तित्व को नकारना। जिसने धर्म को सही रूप में स्वीकार कर लिया, समझ लीजिये कि उसने जीवन की सर्वोच्च निधि को प्राप्त कर लिया। अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से, हम एक-दूसरे की मान्यताओं और परंपराओं के बारे में जान सकते हैं, गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं और आपसी समझ के पुल बना सकते हैं। इससे सहिष्णुता, सम्मान और सहयोग को बढ़ावा मिलता है, जो अंततः एक अधिक शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण दुनिया का मार्ग प्रशस्त करता है।

भारतीय संस्कृति की आत्मा धर्म है। यही कारण है कि यहां अनेक धर्म पल्लवित एवं पुष्पित हुए हैं। सबने अपने-अपने ढंग से धर्म की व्याख्या की है। सुप्रसिद्ध लेखक लार्ड मोर्ले ने लिखा है, 'आज तक धर्म की लगभग दस हजार परिभाषाएं हो चुकी हैं, पर उनमें भी जैन, बौद्ध आदि कितने ही धर्म इन व्याख्याओं से बाहर रह जाते हैं।' लार्ड मोर्ले की इस बात से यह चिंतन उभरकर सामने आता है कि ये सब परिभाषाएं धर्म-सम्प्रदाय की हुई हैं, धर्म की नहीं।

धर्म बहुत व्यापक है। धर्म न तो पंथ, मत, संप्रदाय मंदिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म हैं। धर्म तो सत्य, करुणा और अहिंसा है। आत्मशुद्धि का साधन है। जीवन परिवर्तन एवं उसे सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। जिन लोगों ने सामाजिक सहयोग को धर्म का ताना-बाना पहना दिया है, किसी को भोजन देना, वस्त्र की कमी में सहायता प्रदान करना, रोग आदि का उपचार करना अध्यात्म धर्म नहीं, किन्तु पारस्परिक सहयोग है, लौकिक धर्म है।

धर्म जीवन का रूपान्तरण करता है। पर जिनमें धर्म से परिवर्तन घटित नहीं होता उन धार्मिकों ने शायद धर्म के वास्तविक स्वरूप को आत्मसात नहीं किया है। धार्मिक व्यक्ति प्रेम और करुणा से भरा होता है। धार्मिक होकर भी व्यक्ति लड़ाई, झगड़े, दंगे-फसाद करे, यह देखकर आश्चर्य होता है। धार्मिक अधर्म से लड़े, असत्य से लड़े, बुराई से लड़े यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुख का विषय है। धर्म मनुष्यता का मंत्र है, उन्नति का तंत्र है। पशुता को मनुजता में रूपांतरित करने का यंत्र है। धर्म एक मर्यादा है, वह जीवन को मर्यादित करता है। यह विश्वशांति का अमोघ साधन है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क निर्माण के दौरान काटने की बजाय पेड़ों की होगी शिफ्टिंग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा जारी नवीन एसओआर (दर अनुसूची) केवल एक तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि यह विजन 2047 की दिशा में विभाग के सुनियोजित प्रयासों का प्रतीक है। मंत्री सिंह निर्माण भवन में सड़क एवं पुल कार्यों की नवीन एसओआर के विमोचन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए नई एसओआर में सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों को काटने के बजाय उनकी शिफ्टिंग की दरें निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक शिफ्ट किए गए या रोपे गए पेड़ की 3 से 5 वर्ष तक निगरानी की जाएगी, ताकि हरियाली को बनाए रखा जा सके। यह कदम प्रदेश में वनों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में ईएनसी कृष्णपाल सिंह राणा, ईएनसी भवन एसआर बघेल, ईएनसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ध्रुवकर सहित विभाग और एमपीआरडीसी के सभी वरिष्ठ अभियंता और अधिकारी उपस्थित रहे। भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए, सड़क परियोजनाओं में रिचार्ज बोर और रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। सड़कों के किनारे वर्षा जल के पुनर्भरण से न केवल भूजल स्तर में सुधार होगा, बल्कि कृषि और स्थानीय समुदायों के लिए जल उपलब्धता भी तय होगी।

### परिवहन विभाग ने उज्जैन व्यापार मेले में छूट की अवधि बढ़ाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के परिवहन विभाग ने उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेले में वाहनों की खरीद पर मिलने वाली टैक्स में पचास फीसदी की छूट की अवधि बढ़ा दी है। इसका लाभ अब 9 अप्रैल तक मेले से खरीदे गए वाहनों को भी मिलेगा। इससे पहले शासन ने 26 फरवरी से 30 मार्च की अवधि में खरीदे गए वाहनों को ही टैक्स में छूट का लाभ देने का फैसला लिया था। परिवहन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मेले में अब 9 अप्रैल तक खरीदी गई मोटर साइकिल, कार, वैन और हल्के परिवहन यानों (एलसीवी) को छूट देने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि ग्वालियर मेले की तर्ज पर इस साल उज्जैन व्यापार मेले में करोड़ों रुपए के वाहनों की बिक्री हुई है।

### पंचायत सचिव चार हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मंडला जिले में लोकायुक्त जबलपुर यूनिट ने पंचायत सचिव को 4 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला जिले के वन ग्राम



डुंगरिया की ग्राम पंचायत खुक्सर का है। यहां पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव संतोष कुमार झारिया ने खिलान सिंह से पीएम आवास योजना की किस्त का भुगतान जारी करने के एवज में 7 हजार की रिश्वत मांगी थी और सौदा 4 हजार में तय हुआ। खिलान सिंह ने इसकी जानकारी लोकायुक्त पुलिस को दी थी। इसके बाद पंचायत सचिव को ट्रैप करने का प्लान बनाया गया। शुक्रवार को जैसे ही प्लान के तहत खिलान सिंह ने रिश्वत की रकम संतोष झारिया को दी, वैसे ही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7, 13(1)ख 13(2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

### 15 साल तक सेवा देने वाले स्थाईकर्मी नियमित किए जाएं

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मचारी श्रमिक महासंघ की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक टेंगडी भवन में रखी गई। इसमें भारतीय मजदूर संघ के श्रेत्री नेतृत्व, महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश अध्यक्ष महासंघ द्वारा कुशवाह, प्रदेश महामंत्री महासंघ प्रदीप कुमार झा द्वारा सभी प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं सहमति से कर्मचारी हित में मांग की गई कि वन विभाग में कार्य सुरक्षा श्रमिकों को स्थाई कर्मी घोषित किया जाए, वन विकास निगम के मस्टर कर्मचारी को स्थाई कर्मी घोषित किया जाए।

### आईपीएस जी अखेतो सेमा का प्रमोशन, बने स्पेशल डीजी



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन ने 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी जी अखेतो सेमा का प्रमोशन किया है। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार उन्हें एडीजी से स्पेशल डीजी के पद पर प्रमोट किया गया है। उनकी पदस्थापना यथावत रखी गई है। वे फिलहाल जेल विभाग में एडीजी के पद पर कार्यरत हैं। पदोन्नति के बाद भी वे जेल विभाग में ही स्पेशल डीजी के तौर पर पदस्थ किए गए हैं।

# कांग्रेस महापौरों पर भाजपा की नजर, नेता सक्रिय

## महापौर परिषद की बैठक के बाद भाजपा दफ्तर पहुंचे थे कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के मेयर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मामले में कांग्रेस का पूरी तरह से सफाए की रणनीति पर काम कर रही है, जिसकी भनक लगते ही कांग्रेस के नेता सक्रिय हो गए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों राजधानी में महापौर परिषद की बैठक हुई थी, जिसमें कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के मेयर भी शामिल हुए थे। बताया गया है कि ये दोनों महापौर भाजपा दफ्तर भी पहुंचे थे, जहां उनकी प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा सहित दूसरे बड़े नेताओं से मुलाकात हुई थी। इसी भेंट के साथ चर्चाएं तेज हो गई थीं कि रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा और सिंगरौली मेयर रानी अग्रवाल भाजपा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि इसकी पुष्टि तो नहीं हुई, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इन दोनों महापौरों को भाजपा की ओर से पार्टी में आने का ऑफर दिया गया है। बताया गया है कि भाजपा की रणनीति की भनक लगते ही कांग्रेस सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा और ग्वालियर विधायक एवं ग्वालियर मेयर शोभा सिकरवार के पति सतीश सिकरवार को भोपाल बुलाया गया, जहां उनसे पूर्व सीएम कमलनाथ, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल से मिले।

### 16 निगम में 2 पर कांग्रेस, 1 में आप

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की 16 नगर निगम में से 13 पर भारतीय जनता पार्टी के मेयर हैं। जबकि ग्वालियर और रीवा में कांग्रेस के एवं सिंगरौली में आम आदमी पार्टी की महापौर हैं। मुरैना में भी शारदा सोलंकी कांग्रेस की टिकट पर मेयर चुनी गई थीं, किन्तु लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हो गई थीं।



### विकास कराना है, तो सरकार के पास जाना ही पड़ेगा

रीवा नगर निगम मेयर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि मैंने आज पूर्व सीएम कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अजय सिंह राहुल से मुलाकात की है। वे हमारे नेता हैं। लेकिन इसे किसी दूसरी नजर से नहीं देखना चाहिए। जब मैं पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान विषम परिस्थितियों में भी भाजपा में नहीं गया, तो अब क्यों जाऊंगा? हम लोग मेयर इन काऊंसिल की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिलने गए थे। हमें अपने शहर में विकास कराना है, तो सरकार के पास तो जाना ही पड़ेगा।

### आम आदमी पार्टी ने जो सम्मान दिया, वह दूसरा नहीं देगा: रानी

सिंगरौली मेयर रानी अग्रवाल ने कहा कि उनका



भाजपा में जाने का कोई इरादा नहीं है, क्योंकि उन्हें आम आदमी पार्टी ने जो सम्मान दिया है, वैसा कोई दूसरा नहीं दे सकता है। मैं पूरे जीवन भर आप की कार्यकर्ता के रूप में ही काम करती रहूंगी। हमें अपनी मांगों को लेकर सरकार के पास जाना पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं है कि वो भाजपा में शामिल हो रही हैं। उनके पास ऐसा न तो कोई ऑफर आया है और न ही वे भविष्य में ऐसे ऑफर को महत्व ही देंगी।

### हमने कभी किसी को भाजपा में आने का ऑफर नहीं दिया : अग्रवाल

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा



अग्रवाल का कहना है कि भाजपा विचारधारा और विकास आधारित दल है। इसे सभी ने देख लिया है। हमने कभी भी किसी को यह नहीं कहा कि वो दल में शामिल हो जाएं, लेकिन यदि कोई विकास और विचारधारा से प्रभावित होकर आना चाहा, तो हमने स्वागत किया। हम विकास के पक्षधर हैं और हम विकास की सोच का साथ देते रहेंगे।

**निर्वाचित प्रतिनिधियों की बढ़ेगी पूछ-परख**

इधर कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अहमदाबाद अधिवेशन में पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की पूछ-परख बढ़ाए जाने का भी निर्णय लिया गया है। विशेषकर निकायों में जीते जनप्रतिनिधियों को कांग्रेस पार्टी पहले से ज्यादा महत्व देगी। इन जनप्रतिनिधियों से जहां स्थानीय संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए, इस पर राय ली जाएगी, तो स्थानीय निर्णयों में भी उनका अहम रोल होगा। जानकार बताते हैं कि जिन जिलों के निकायों में कांग्रेस के मेयर या नगर पालिका-परिषद अध्यक्ष हैं, वहां के अगले निकाय, पंचायत और विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के चयन में उनका सुझाव महत्वपूर्ण रहेगा।

## डॉ.अंबेडकर के नाम पर होगा सागर का 25वां अभयारण्य

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सागर जिले को वन्य जीव अभयारण्य (वाइल्ड लाइफ सेंचुरी) को अब डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य उत्तर सागर के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। 2019 में सरकार ने प्रदेश में कई वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए प्रस्ताव तैयार किए थे। इसमें सागर जिले के उत्तर वन मंडल को वन्य जीव अभयारण्य घोषित करने का प्रस्ताव भी था। उस समय तैयार किए गए प्रस्ताव में इस वन्य जीव अभयारण्य का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखे जाने की बात कही गई थी। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे।यह अभयारण्य वन्यजीवों, खासकर तेंदुओं और बाघों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र होगा, क्योंकि यह तेंदुओं के प्राकृतिक आवास और पन्ना के बाघों के मूवमेंट के लिए जाना जाता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य सागर जिले के उत्तर सागर वन मण्डल तहसील बंडा एवं शाहगढ़ वन क्षेत्र के 25864 हेक्टेयर (258.64 वर्ग किलोमीटर) आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा होगी।

## ऊर्जा मंत्री की जेब काटने पहुंचा तो दूसरे नेता के पाकेट में गया हाथ

**जागरण, ग्वालियर।** पॉकेट मार अभी तक तो आम लोगों को ही निशाना बनाते थे, लेकिन अब उनके चोरी वाले हाथ 'माननीयों' की जेब तक पहुंच गए हैं। ग्वालियर में ऐसा ही मामला सामने आया। यहां एक चोर ऊर्जा मंत्री की ही जेब काटने जा पहुंच गया लेकिन गलती से उसका हाथ मंत्री की जगह एक दूसरे नेताजी की जेब में चला गया और उसकी चोरी पकड़ी गई। मौके पर मौजूद समर्थकों की भीड़ ने चोर को जमकर पीटा। दरअसल, फूल बाग चौराहे पर ज्योतिबा फुले जयंती के मौके पर रैली का आयोजन किया था। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर भी शामिल हुए। जब वह लोगों से बातचीत कर रहे थे, इसी दौरान एक चोर ने मंत्री के गाड़ी में बैठने से पहले उनकी जेब में हाथ डालने की कोशिश की, लेकिन उसका हाथ मंत्री की जेब की जगह पास खड़े दूसरे नेताजी की जेब में



चला गया। कुछ चुराने से पहले ही नेताजी ने पकड़ लिया।

### मंत्री के करीबियों ने कर दी चोर की पिटाई

चोर को पकड़ने के बाद ऊर्जा मंत्री के करीबियों के साथ रैली में मौजूद लोगों ने उसकी जमकर धुनाई लगा दी। इसके बाद पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे। भीड़ ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे थाने ले गई। घटना के बाद ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर भी वहां से रवाना हो गए। पड़ाव थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार ने बताया कि संदिग्ध युवक को पकड़ लिया है।

## शाह आज भोपाल आएंगे 1500 जवान होंगे तैनात

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को भोपाल आएंगे। रवीन्द्र भवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सहकारिता सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली। करीब 1500 पुलिस बल एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक तैनात रहेगा। वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की मानिटरिंग करेंगे। करीब 1 बजे गृह मंत्री शाह भोपाल पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में सहकारिता के क्षेत्र में मप्र की उपलब्धियों व नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में पैक्स (प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों) के व्यवसाय विविधीकरण के अंतर्गत हुए प्रयासों की लघु फिल्मों के माध्यम से प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा चिन्हित पैक्स के व्यवसाय वृद्धि हेतु स्वीकृत ऋण पत्रों का वितरण किया जाएगा।

## अहिल्याबाई भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रतीक थीं

### अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती पर शोध सम्मेलन का शुभारंभ

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एनआईटीटीटीआर में लोकमाता अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय शोध सम्मेलन का उद्घाटन उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा किया गया। मंत्री परमार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई स्वयं भारतीय ज्ञान परंपरा की जीवंत प्रतीक थीं। उन्होंने मंदिरों का पुनर्निर्माण, धार्मिक स्थलों का संरक्षण, लोक-शिक्षा का विस्तार और समाज कल्याण को अपना जीवन समर्पित किया। लोकमाता रानी अहिल्याबाई की दृष्टि राष्ट्रव्यापी थी। हेमंत मुक्तिबोध ने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई का जीवन बिंदु से विराट व्यक्तित्व बनने को चरितार्थ करता है। अहिल्याबाई होल्कर दिव्य अवतार ना होकर भी उनमें अवतार वाली प्रतिभा और गुण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे ने की, उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई एकमात्र शासिका थीं जिन्हें पुण्यश्लोक उपाधि मिली। उनकी दृष्टि में राष्ट्र सदैव प्रथम रहा। उनका जीवन विभिन्न कठिनाइयों से भरा था, लेकिन अहिल्या बाई होलकर अपने दायित्वों पर सदैव अडिग रहीं। निटर के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक संवाद का मंच नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, ऐतिहासिक स्मृति और राष्ट्र निर्माण की चेतना का एक अभिनव संगम है।

## सौरभ शर्मा की पत्नी, मां, साले व जीजा से अदालत ने भरवाये बांड, किया रिहा

**विधि संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के विशेष न्यायालय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, पत्नी दिव्या शर्मा, जीजा विनय आसवानी और जबलपुर निवासी साले रोहित तिवारी को अलग-अलग राशि के (बांड) पर रिहा कर दिया है। दो दिन पूर्व ईडी ने जब सौरव शर्मा के मामले में चालान पेश किया था तब अदालत ने इन सभी आरोपियों को ऑर्डर शीट पर हस्ताक्षर करने और चालान की कॉपी देने के बाद जाने दिया था। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश अदालत में इस मामले में आरोपियों के बांड भरवाकर कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गई। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष



न्यायालय ने उमा शर्मा को 10 लाख रुपए, दिव्या शर्मा और रोहित तिवारी को एक एक लाख रुपए और जीजा विनय असवानी को अस्सी हजार रुपये के प्रतिज्ञापत्र (बांड) भरवाए। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इन सभी को नोटिस जारी किए गए थे और प्रस्तुत आरोप पत्र में इन सभी को आरोपी बनाया गया था। प्रवर्तन निदेशालय के न्यायालय में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। प्रवर्तन निदेशालय ने बीते मंगलवार को इस प्रकरण में चालान पेश किया था। चालान में कुल बारह लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें सौरभ शर्मा, उसकी मां, पत्नी दिव्या, शरद जायसवाल, चेतन सिंह गौर के अलावा इनकी फर्में और डायरेक्टर भी शामिल हैं।

### सौरभ, शरद और चेतन की नहीं हुई जेल से पेशी

सौरभ शर्मा, चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को शुक्रवार की दोपहर जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सचिन घोष की स्पेशल ईडी कोर्ट में पेश करने की तैयारी थी। इन तीनों की न्यायिक रिमांड की अवधि शुक्रवार को खत्म हो रही थी। जेल से मिली जानकारी के अनुसार इनकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी नहीं हो पाई। बाद में जिला अदालत की तरफ से इन्हें 24 अप्रैल को वीसी के जरिए पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने तीनों की न्यायिक रिमांड की अवधि दो सप्ताह बढ़ा दी है।

# दिग्विजय के खिलाफ लगे पोस्टर

## वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने पर लिखा गया गद्दार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के खिलाफ प्रदेश में पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें उन्हें वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करने पर गद्दार लिखा गया है। इसका कांग्रेस ने विरोध भी किया है। गौरतलब है कि संसद में वक्फ संशोधन विधेयक का कांग्रेस ने विरोध किया था। दिग्विजय सिंह ने भी विधेयक के विरोध में सदन में अपनी बात रखी थी। जिसे लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पोस्टर चस्पा कराए हैं, जिसकी शुरुआत रतलाम से की गई है। पोस्टर में वक्फ बिल का विरोध करने वाले दिग्विजय सिंह वतन के, धर्म के पूर्वजों के गद्दार लिखा गया है। भोपाल में भी



भाजपा मुख्यालय के निर्माणधीन कार्यालय के सामने होर्डिंग देखे गए हैं। लेकिन तस्वीर सामने आते ही यह होर्डिंग गायब हो गए। रतलाम में पोस्टर लगाने का दावा करने वाले युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विप्लव जैन का कहना है कि उनका परिवार (दिग्विजय सिंह) राजा-महाराजा के जमाने से ही गद्दार रहा है। बात अगर कांग्रेस की है तो कांग्रेस ने मुस्लिम समाज को हमेशा वोट बैंक माना है। उनकी स्थिति में कैसे सुधार हो और शिक्षा स्वास्थ्य का कैसे अधिकार मिले इसकी चिंता नहीं की है। इसकी चिंता भारतीय जनता पार्टी कर रही है। पार्टी ने बिल में संशोधन किया, देश के सर्वोच्च सदन में पास किया उसका विरोध मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने किया है तो जनता के सामने उन्हें बेनकाब होना जरूरी है। वे मध्य प्रदेश के नेता है इसलिए हमने उनकी मध्य प्रदेश में होर्डिंग लगाई है।

### देश द्रोह का मामला पंजीबद्ध हो

पोस्टर वार पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि जिन लोगों ने ऐसी हरकत की है उन पर देशद्रोह का केस लगना चाहिए। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है और भारतीय जनता पार्टी, उसका युवा मोर्चा जिस तरीके की हरकत कर रहे हैं यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बीजेपी की शह पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने संसद के अंदर सांसदों को जो ताकत दी, अगर उन्होंने उस अधिकार का उपयोग किया तो उनके खिलाफ देशद्रोही वाली बातें करते हो जिन लोगों ने ऐसी हरकत की है, उन पर देशद्रोह का केस लगना चाहिए।

### कांग्रेस ने जताया विरोध

भाजयुमो द्वारा लगाए गए पोस्टर-होर्डिंग को लेकर कांग्रेस ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। एनएसयूआई रतलाम के जिलाध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने इस बयान और पोस्टर को दिग्विजय सिंह की छवि धूमिल करने की साजिश बताया है। रतलाम में एनएसयूआई ने विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन के दौरान सेलाना के पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत सहित दूसरे कांग्रेसी नेता भी मौजूद रहे।

## प्रथम पेज की खबरों का शेष ...

### लोकतंत्र को डरा....

दरअसल, लोकतंत्र की नींव संवाद, असहमति और सहिष्णुता पर टिकी होती है। जब असहमति को दबाने के लिए हिंसा का सहारा लिया जाता है, तो यह लोकतंत्र को भीड़तंत्र में बदलने की शुरुआत होती है। इतिहास, संस्कृति और परंपरा के सम्मान के नाम पर कानून अपने हाथ में लेना किसी भी दृष्टि से जायज नहीं है। इस तरह की कार्रवाइयों से समाज में असुरक्षा और अराजकता का वातावरण बनता है। इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी भी कम चिंताजनक नहीं है। जब लोकतांत्रिक मर्यादाएं टूटती हैं, तो नेताओं से अपेक्षा होती है कि वे स्पष्ट और साहसी रुख अपनाएं। किन्तु यहां राजनीतिक लोभ-लाभ के चलते कई दलों ने चुप्पी साध ली है। यह मौन समर्थन जैसा प्रतीत होता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए और भी खतरनाक है।

आज जरूरत है कि समाज, प्रशासन और राजनीति, तीनों मिलकर यह तय करें कि लोकतंत्र में विरोध का स्थान जरूर है, मगर वह विरोध संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर ही होना चाहिए। अगर विचारों की स्वतंत्रता हिंसक समूहों की मनमानी के सामने झुकने लगे, तो आने वाली पीढ़ियां हमें नहीं, भीड़ को जवाबदेह मानेंगी। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी घटनाओं पर कड़ी और त्वरित कार्रवाई हो-ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो सके, साथ ही हिंसा के जरिए समाज में भय पैदा करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगे।

### मुर्शिदाबाद में मॉब...

न भड़काए। दूसरी ओर विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बंगाल में अराजकता फैल गई है। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। कुछ कट्टरपंथी समूह संविधान और कानून का विरोध कर खुलेआम हिंसा कर रहे हैं। आम लोग असुरक्षित हैं। उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण है।

राज्यपाल ने की अमित शाह से बातः बंगाल में हुई हिंसा को लेकर राज्य के गर्वनर सीवी आनंद बोस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा की। इसके अलावा बोस ने राज्य सरकार को मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण 24 परगना जिलों के संवेदनशील इलाकों में उपद्रव के लिए जिम्मेदार उपद्रवियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश दिए। राजभवन के जारी वीडियो में बोस ने कह- सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित नहीं किया जा सकता और विरोध के नाम पर लोगों के जीवन से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जो सोचते हैं कि वे कानून को अपने हाथ में ले सकते हैं।

### टीकमगढ़ में परिवार...

खिलाफ कार्रवाई की होती तो यह घटना नहीं होती। घटना को लेकर बल्देवगढ़ थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर सुहाग चंद्र ने बताया कि महिला ने बल्देवगढ़ थाने में इसके पहले आरोपी के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। महिला की आरोपी से पूर्व से जान पहचान है। बल्देवगढ़ थाना प्रभारी मनोज सोनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। एसपी साई मनोहर ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। एसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात भी की।

### भोपाल में सीजीएसटी...

सीजीएसटी की टीम ने जब इस कंसाइनमेंट को खोला तो उसमें से सिगरेट के पैकेट निकले। सीजीएसटी की टीम ने फिलहाल माल बुक करने वाली और रिसीव करने वाली फर्मों के नाम का खुलासा नहीं किया है। सीजीएसटी के ये अफसर फिलहाल यह तस्दीक कर रहे हैं कि भेजने वाली और रिसीव करने वाली फर्म के नाम फर्जी तो नहीं हैं। ऐसे में दोनों स्थानों की तस्दीक के बाद ही उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

## भोज विवि में होगी 27 प्रोफेसरों की भर्ती

एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल। भोज मुक्त विवि में शुक्रवार को आपात महाप्रबंध बोर्ड की बैठक रखी गई। यहां पटल पर दो मुद्दों का एजेंडा रखा गया। इसमें पहले महाप्रबंध बोर्ड के सदस्यों को मप्र हाईकोर्ट द्वारा विवि के 27 प्रोफेसरों की भर्ती निरस्त करने के आदेश से अवगत कराया गया। महाप्रबंध बोर्ड ने भर्ती निरस्त होने के हाईकोर्ट के आदेश को राजभवन भेजने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने राजभवन से रिक्त हुए 27 प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती करने स्वीकृति की मांगी भी की है। अब राजभवन से स्वीकृति मिलने के बाद भोज विवि भर्ती प्रक्रिया यूजीसी के मापदंडों के मुताबिक करेगा। 2017 में भर्तियों में हुई गड़बड़ी के कारण राज्य शासन ने धारा 33 लगाकर भोज विवि के तत्कालीन कुलपति डॉ. तारिक जफर को हटा दिया था। उनका कार्यकाल पूरा होने में करीब एक माह बचा था।

**तबादला** | उच्च शिक्षा विभाग ने भोपाल के आधा दर्जन प्रोफेसरों के बदले कालेज

# जिलों में ही किए गए 32 प्रोफेसरों के स्थानांतरण

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने 32 प्रोफेसरों के जिलों में ही स्थानांतरण किए हैं। इसमें भोपाल से करीब आधा दर्जन प्रोफेसरों को एक कालेज से निकालकर शहर के दूसरे कालेज में भेजा गया है। भोपाल में माधवी लता दुबे समाजशास्त्र नूतन कालेज से हमीदिया कालेज भोपाल, डेनियल ग्लैंस डैनी वाणिज्य गीतांजलि कालेज से नूतन कालेज भोपाल, डॉ. नीरजा भारद्वाज भूगोल एमएलबी कॉलेज से हमीदिया कालेज भोपाल, डॉ. सोनल खरे राजनीति रूसा से हमीदिया भोपाल, डॉ. नीरज संस्कृत नूतन कॉलेज से हमीदिया कालेज भोपाल भेजा गया है। अजीत सिंह वनस्पतिशास्त्र आदर्श गर्ल्स कालेज से श्योपुर कालेज, डॉ. मधु स्थापक वनस्पतिशास्त्र आर्ट एंड कामर्स कालेज से पीजी गर्ल्स कालेज सागर, डॉ. रश्मी अर्नाल्ड वनस्पति पीजी गर्ल्स कॉलेज से आदर्श साइंस कालेज रीवा, डॉ. कल्पना गुप्ता रसायन एमएच होम साइंस गर्ल्स पीजी कॉलेज से साइंस कालेज जबलपुर, डॉ. मधु दुबे स्वर्णकार रसायन साइंस कालेज से एमएच होम साइंस गर्ल्स कॉलेज जबलपुर, डॉ. रेखा किलेदार



रसायन होलकर साइंस कॉलेज से माता जीजाबाई पीजी गर्ल्स कालेज मोती तबेला इंदौर, सुखचंद अदे रसायन कमला नेहरू आर्ट कॉलेज से जटाशंकर त्रिवेदी कालेज बालाघाट, डॉ. रमेश कुमार जैन वाणिज्य एमएलबी कालेज से कमलाराजे गर्ल्स पीजी कॉलेज ग्वालियर, डॉ. त्रिलोचन भट्ट वाणिज्य भगवत सहाय कालेज से एमएलबी ग्वालियर, पुष्पेंद्र कुमार शाह अर्थशास्त्र गर्ल्स कालेज से संजय गांधी स्मृति कालेज सीधी, सुरेंद्र सिंह अर्थशास्त्र गर्ल्स कालेज से स्वामी विवेकानन्द कॉलेज रायसेन, डॉ. राज लक्ष्मी त्रिपाठी गृह विज्ञान ललित कला कालेज (प्रतिनियुक्ति से सेवाएं वापिस लेते हुए) एमएच होम साइंस गर्ल्स पीजी कालेज जबलपुर, डॉ. विजय सिंह राठौड़ भूगोल गर्ल्स कालेज से पीजी कॉलेज मुरैना, डॉ. गणेश लाल जैन हिन्दी गर्ल्स कालेज से चन्द्रशेखर आज़ाद कालेज सीहोर, डॉ. कुलदीप सिंह फारे हिन्दी गर्ल्स कालेज से श्री नीलकंठेश्वर पीजी कॉलेज खंडवा, डॉ. वंदा त्रिपाठी हिन्दी पीजी कालेज से ठाकुर रणमत सिंह कालेज रीवा, कविता यादव गणित आदर्श गर्ल्स कालेज से श्योपुर कालेज, डॉ. पन्नालाल सनोदिया गणित गर्ल्स कालेज से पीजी कॉलेज सिवनी, डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे गणित आदर्श साइंस कालेज से ठाकुर रणमत सिंह कालेज रीवा, डॉ. राजेंद्र पांडे गणित साइंस कालेज से एमएच होम साइंस गर्ल्स पीजी कॉलेज जबलपुर, डॉ. बीरेन्द्र सिंह भौतिक आदर्श गर्ल्स कालेज से श्योपुर कालेज, डॉ. मोना गुप्ता भौतिक माता जीजाबाई पीजी गर्ल्स कॉलेज मोती तबेला से होल्कर साइंस कालेज इंदौर, डॉ. नमिता राकेश सिसौदिया भौतिक माता जीजाबाई पीजी गर्ल्स कॉलेज से होल्कर साइंस कालेज इंदौर, डॉ. रवीन्द्र बर्डे भौतिक गर्ल्स कालेज से पीजी कालेज बड़वानी, डॉ. दिलीप कुमार सोनी गर्ल्स कालेज से संजय गांधी स्मृति कालेज सीधी, डॉ. संगीता शाक्य समाजशास्त्र आदर्श गर्ल्स कालेज से श्योपुर कालेज, डॉ. शालिनी कुंदर प्राणी शास्त्र गर्ल्स पीजी कालेज से आदर्श साइंस कालेज रीवा भेजा गया है।

### सागर विवि भेजे गए सात प्रोफेसर

उच्च शिक्षा विभाग ने रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर की आगामी सत्र की शैक्षणिक व्यवस्था बनाने के लिए सात प्रोफेसरों के साथ कर्मचारी और लैब टेक्निशियन को प्रतिनियुक्ति पर भेजा है। इसमें डॉ. रजनी दुबे राजनीति विज्ञान गर्ल्स कालेज सागर, डॉ. अलका पुष्पा निशा अंग्रेजी नेहरू कालेज देवरी डॉ. मिथलेश शरण चौबे हिन्दी बांदरी कालेज, डॉ. भावना पटेल भूगोल बांदरी कालेज डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव वाणिज्य बंडा डॉ. स्वर्णलता तिवारी संस्कृत पथरिया कालेज, डॉ. मुकेश कुमार इतिहास नौरोजाबाद के साथ आर्यन प्रताप सिंह राजपूत सहायक वर्ग-3 कमला नेहरू गर्ल्स कालेज दमोह और शीतल सोनी प्रयोगशाला तकनीशियन जबेरा कालेज दमोह शामिल हैं।

# भाजपा का गांव चलो अभियान सिंगरौली विधानसभा के तियरा मंडल में



**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली का आज गांव चलो अभियान कार्यक्रम सिंगरौली विधानसभा के तियरा मंडल मे चला। ये अभियान जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व तथा मंडल अध्यक्ष कमलेश शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मंडल के बूथ क्रमांक 231 में स्थित माता शीतला के मंदिर मे पूजन अर्चन के साथ इस अभियान का शुभारंभ हुआ तथा एक जन चौपाल का आयोजन हुआ। जन चौपाल मे जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने उपस्थित हुए बूथ समिति के कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीण जनों को संबोधित किया तथा आज भारतीय जनता पार्टी सरकार मे चल रही योजनाओं तथा सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाया। जिलाध्यक्ष ने देश और प्रदेश सरकार ने किस तरह आम जन जीवन के उच्च स्तरीय बनाया है इस पर ग्रामीणों से चर्चा की तथा जन सामान्य से संबंधित हितकारी योजनाओं ने किस तरह समाज मे आमूलचूल परिवर्तन लाया है इस पर चर्चा की। इस अभियान मे मुख्य रूप से प्रभारी तथा जिला मंत्री पूनम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आशा यादव, सह प्रभारी एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एक्सिस चंद्र वैश्य, अशोक शाह समेत स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पिरामल फाउंडेशन की सहभागिता में दरबारी प्रथम आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम




**चितरंगी।** महिला एवं बाल विकास परियोजना, चितरंगी के अंतर्गत पर्यवेक्षक सेक्टर चितरंगी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र दरबारी प्रथम में पोषण माह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक संचालित पोषण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण की डिजिटल निगरानी सहित कई अन्य जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें महिलाओं के स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा और पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। उपस्थित प्रतिभागियों को पोषण संबंधी जानकारी को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन (नीति आयोग) से विक्की बाबू द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सत्यभगामा तिवारी एवं सहायिका मंकुवर तिवारी ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामवासियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के कारण कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा।

# एसबीआई ने किया पेंशनर्स का सम्मान

**जागरण ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत शिवालय पैलेस में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का स्टेट बैंक ब्यौहारी- द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतिय उपाध्यक्ष रामनिवास पयासी, मुख्य अतिथि गोपाल सिंह नेताम न्यायाधीश एवं विशिष्ट अतिथि अतिथि सनत कुमार पांडे संभागीय अध्यक्ष शहडोल, केपी हवाई बृजवासी लाल गुप्ता रामस्वरूप गुप्ता अभिषेक पांडे प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया राकेश पटेल एडवोकेट सिविल कोर्ट व्यवहारी थे कार्यक्रम में सभी पेंशनर्स का स्टेट बैंक बिहारी की ओर से मैनेजर अभिषेक पांडे द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष राम मित्र बैस, सचिव रामाधार जायसवाल उपाध्यक्ष रमेश पटेल, वृंदावन गुप्ता,मंगलेश्वर सिंह सहित सैकड़ो पेंशनर्स उपस्थित थे।

# 30 मई तक शत-प्रतिशत परिवारों को समंग्र ई केवाईसी किया जाना सुनिश्चित किया जाये

**सिंगरौली।** जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को बिना किसी असुविधा के प्राप्त हो इसके लिए समंग्र आईडी का ई केवाईसी जिले में अभियान चलाकर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नगरीय क्षेत्र में आयुक्त नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रो में शत प्रतिशत ई केवाईसी कराने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित समायवधि 30 मई तक शत प्रतिशत परिवारो को ई केवाईसी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी पूरी होने के बाद ही छात्रवृत्ति, पेंशन, खाद्य सुरक्षा, आवास और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 18 लाख 47 हजार 524 व्यक्तियों का समंग्र ईकेवासी किया जाना है। लेकिन अब तक केवल सिर्फ 9 लाख 97 हजार 275 व्यक्तियों का ही समंग्र ई केवाईसी किया गया है जो कि लक्ष्य का केवल 45.89 प्रतिशत है। कलेक्टर ने जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित नगरीय क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त तथा बरवगवा एवं सरई नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देश दिए कि 30 मई तक हर हाल में जिले के शत प्रति प्रतिशत व्यक्तियों का समंग्र ई केवाईसी का कार्य किया जाना पूर्ण करे। उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए है कि समय समय पर अपने स्तर से इस कार्य की समीक्षा करते निर्धारित समय पर लक्ष्य को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे।

जिला ई गर्वेनेन्स प्रबंधक द्वारा बताया गया कि नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, एमपी ऑन लाईन या कामन सर्विस सेंटर के माध्यम पर जाकर नागरिक अपना निःशुल्क ई केवाईसी आधार लिंक मोबाईल पर ओ.टी.पी एवं बायोमैट्रिक सत्यापन के माध्मय से करा सकते है। समंग्र में आधार ई केवाईसी हो जाने पर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं में आधार के माध्यम से भुगतान होने वाली राशि सीधे संक्रिय बैंक खाते में हस्तातरित हो जायेंगी। इसी के साथ आवेदन के दौरान बार बार जानकारी सत्यापन की आवश्यकता नही होगी।

# झिगुरदा में अवैध खदान धसने की थी आशंका, मोरवा पुलिस ने लिया संज्ञान

## अवैध कारोबारियों ने भी जंगल के बीच बना रखा था चोर रास्ता, पुलिस ने कराया बंद

**सिंगरौली।** बीते दिनों मोरवा पुलिस को सूचना मिली थी की झिगुरदा हनुमान मंदिर रोड के जंगल में कुछ व्यक्तियों द्वारा पहाड़ खोदकर छूई निकाली जा रही है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा पेश आ सकता है। गौरतलब है कि पूर्व में भी क्षेत्र में छूई निकालते समय खदान धसने से लोगों की मौत हो चुकी है। इसे संज्ञान में लेते हुए सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह ने एनसीएल के सुरक्षा विभाग के सहयोग से झिगुरदा में अवैध छूई खदान को ध्वस्त कराया। साथ ही आम जन से अपील भी की है कि इस प्रकार छूई खदान खोदकर अपनी जान को जोखिम में ना डालें। इसी क्रम में झिगुरदा भ्रमण के दौरान पुलिस को सूचना हाथ लगी की कबाड़ और रेत के अवैध कार्यों में लगे कारोबारियों द्वारा टिप्पा झरिया के पास चोर मार्ग का निर्माण कर लिया गया है। जिससे अवैध कार्य के होने का अंदेशा यहां हमेशा बना रहेगा। तत्पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर जेसीबी मशीनों से चोर मार्ग को ध्वस्त कराया गया। जिससे खदान क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर लगाम लग सके।

# जल गंगा सवंर्धन अभियान के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

## जल गंगा संवर्धन अभियान को जन सहयोग के माध्यम से बनाया जायेगा जन आंदोलन : कलेक्टर

## जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान लक्ष्य को पूर्ण करने वाले रजिस्टर्ड स्व सहायता समूहों एवं जन अभियान परिषद के सदस्यों को विधायक ने दी पुरस्कार राशि देने की घोषणा

**सिंगरौली।** जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित कल के लिए जल स्रोतों को बचाना है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट सभागार सिंगरौली में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हर घर में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण किया जाना है। कार्यशाला का आयोजन सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री रामनिवास शाह के मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में, नगर निगम अध्यक्ष श्री दिवेश पांडे, प्राधिकरण अध्यक्ष श्री दिलीप शाह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह नागेश , नगर निगम आयुक्त श्री डी के शर्मा के उपस्थित में किया गया।

कार्यशाला के दौरान रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के विशेषज्ञ अरुण नामदेव द्वारा वर्षा जल संरक्षण के विषय में विस्तार से अवगत कराते हुए बताया गया कि जल संकट मनुष्य द्वारा निर्मित आपदा है । प्रकृति जीवन यापन के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराती है किंतु हमारे द्वारा गलत ढंग से जल का दोहन करने की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने बताया कि यदि वर्षा जल का संरक्षण किया जाए तो प्रतिदिन जल आपूर्ति के साथ-साथ भूमिगत जल स्तर को भी बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए हमें रूफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति को अपनाना होगा । उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में विस्तार से बताया कि हम अपने घर की छत पर 10000 से 15000 रूपये की लागत में यह सिस्टम स्थापित कर सकते हैं। जिससे छत में गिरने वाले वर्षा के जल को पाइप के माध्यम से धरती में बने रिचार्ज शोक पेट में भेज कर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। शोक पेट के एवज में टांकी का निर्माण कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य भी किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ श्री नामदेव द्वारा रूफ वाटर हर्वेस्टिंग के प्रैक्टिकल मॉडल के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण की पद्धति के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला ने कहा कि सिंगरौली जिले में पर्याप्त वर्षा होती है किंतु जिले के चितरंगी , सरई तथा देवसर के क्षेत्रो में गर्मी के आते ही जल संकट की समस्या सामने दिखने लगती हैं। जिसका मुख्य कारण वर्षा जल को रोकने में असफल रहना है। उन्होने कहा कि जिले में मुख्यमंत्री जी के मंशानुसार जिले में 30 मार्च से 30 जून तक अनवरत जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि हमे इस अभियान को जन अंदोलन में बदलने की आवश्यकता है। जिसके लिए जन भागीदारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ जिले में बड़ते प्रदूषण के रोकथाम के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण के कार्य भी किए जायेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय भवनो में रूफ वाटर हर्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराया जायें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि भवन निर्माण की अनुमति तभी दी जाये जब संबंधित भवन स्वामी के द्वारा रूफ वाटर हर्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया गया हो। साथ ही निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रो में पुराने कुओं एवं असफल बोरो को सोकपिट में बदलकर वर्षा जल संरक्षण किया जायें। उन्होंने जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक को निर्देश दिए कि नवांकुर संस्थाओ के माध्यम से जिले के नागरिको को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति को अपनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर जागरूक करे।

वही कार्यशाला को संबोधित करते हुयें सिंगरौली विधानसभा के विधायक श्री राम निवास शाह ने कहा कि हमारी धरती के भू गर्भ सें बहने वाला जल हमारे शरीर में बहने वाले रक्त के समान है हमे इसका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत शासन द्वारा जल संरक्षण के लिए कई नवाचार भी किए जा रहे है। वर्षा जल को सहेजने के लिए बोरी बंधन, तालाबो, बावड़ियो का जीर्णोद्धार वृहद स्तर पर कराया जा रहा है। इसी के साथ ही नदियों के जल को संरक्षित करने के लिए स्टाप डैम आदि का निर्माण कराकर जल संरक्षण को बड़ावा दिया जा रहा है ताकि आने वाले समय में जल संकट का पूरी तरह से निदान किया जा सके। कार्यशाला के दौरान विधायक ने कहा कि आने वाले समय में जल संरक्षण के लिए जिले में निकलने वाले राज्यमार्गो में वर्षा के दौरान बहने वाले जल संरक्षण के लिए हर एक किलोमीटर की दूरी पर सोकपिट का निर्माण कराकर वर्षा जल को संरक्षित करने का कार्य किया जायेंगा। विधायक ने जल संरक्षण हेतु बोरीबंधन कार्य को बड़ावा देने के लिए रजिस्टर्ड स्वा सहायता समूह के सदस्यो एवं जन अभियान के रजिस्टर्ड नवांकुर संस्थओ को जल संरक्षण के दिए गए लक्ष्यो को पूर्ण करने पर पुरूस्कार राशि देने की घोषणा की। कार्यशाला के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग नीलकंठ मरकाम सहित अधिकारी कर्मचारी, जन अभियान परिषद के सदस्य, स्वा सहायता समूहो की सदस्यो सहित लोकल इंडस्ट्रीज प्रतिनिधि ,सामाजिक कार्यकर्ता, मीडिया के साथी उपस्थित रहे।

# धूप में बैठकर नारियल प्रसाद बेच रहे दुकानदार

**जागरण ब्यौहारी ।** जनपद पंचायत के अंतर्गत प्रसिद्ध चिपाड़नाथ मंदिर परिसर में नारियल और प्रसाद बेंचने वाले दुकानदारों को बैठने के लिए छाया नहीं है जिसके कारण ईस भीषण गर्मी में भी कड़ी धूप में अपनी रोजी रोटी के तपना पड़ता है मंदिर परिसर दो पंचायत ग्राम पंचायत म ऊ एवं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत भमरहा द्वितीय आता है यदि दोनों ग्राम पंचायतें अपनी अपनी तरफ छाया वनवा दें तो नारियल प्रसाद बेंचने वालों को छाया मिल सकती है दुकानदारों ने कलेक्टर से शीघ्र छाया निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# तालाब की साफ सफाई

**जागरण ब्यौहारी।** जनपद पंचायत के अंतर्गत चिपाड़नाथ मंदिर स्थित तालाब सफाई अभियान चलाया गया जनपद पंचायत ब्यौहारी-और जन अभियान परिषद के कार्यक्रम में कलेक्टर केदार सिंह, विधायक शरद कोल, शामिल हुए सफाई अभियान में कलेक्टर और विधायक द्वारा तालाब से कचरा निकाला। सफाई अभियान में प्रमुख रूप से नरेंद्र सिंह धुर्वे जिला सीईओ, विजय सिंह, सीईओ जनपद ब्यौहारी- प्रमोद जैसवाल ,यु एस पेंड्रो, परमार्शदाता सरस्वती पांडे, हीरालाल साहू, अर्पिता सिंह वैश्य, ज्योति पांडे रामेश्वर पाल अधिकारी जनप्रतिनिधि सफाई अभियान में शामिल हुए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लघु तालाब निर्माण का किया गया भूमि पूजन



**सिंगरौली/चितरंगी।** प्रतिवर्ष गिरते जल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु देश में कई तरह का प्रयास किया जा रहा हैं।वहीं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा हुई पूरे प्रदेश में प्रशासन के साथ मिलकर जल संरक्षण हेतु मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से समाजसेवी समितियों,स्वयंसेवी समितियों के साथ में जल संरक्षण हेतु नवीन लघु तालाब निर्माण का भूमि पूजन ग्राम पंचायत बगदरा कला में किया गया। जल को रोकने सहित जन-जन को भी जागरूक किया जा रहा है।इतना ही नहीं जन-जन के सहयोग से जल रोकने का भी एक सफल प्रयास किया जा रहा है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए 11अप्रैल 2025 को विकासखंड चितरंगी के सेक्टर चितरंगी अन्तर्गत ग्राम बगदरा कला में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था रामचंद्र सेवा समिति के प्रतिनिधि की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जल संरक्षण हेतु श्रमदान एवं शपथ किया गया।इस दौरान कार्यक्रम मे सरपंच प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह सचिव शिव बहादुर सिंह ग्राम रोजगार सहायक शुशील सिंह नवांकुर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक रजनीश साहू एवं ग्रामीण सहभागिता किया.कार्यक्रम स्थल से वापसी में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत सामुदाय को जल संरक्षण हेतु किए जानेवाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई साथ ही जल सभी को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

# जीवन को नई दिशा : उर्मिला सिंह की सफल स्प्लेनेक्टॉमी ने रचा इतिहास



**सिंगरौली।** मिश्रा पॉली क्लीनिक और नर्सिंग होम बैंढ़न में चिकित्सा क्षेत्र में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ गया है, जहां 48 वर्षीय उर्मिला सिंह ने सिकल सेल एनीमिया, व्यापक स्प्लेनोमेगाली और स्प्लेनिक इन्फार्क्ट जैसी गंभीर बीमारियों से जूझते हुए एक जटिल स्प्लेनेक्टॉमी सर्जरी को सफलतापूर्वक पार किया। यह उपलब्धि न केवल उर्मिला के लिए, बल्कि पूरे सिंगरौली समुदाय के लिए गर्व का क्षण है। नेहरू शताब्दी चिकित्सालय से सेवानिवृत्त प्रसिद्ध सर्जन डॉ. विनोद शर्मा के कुशल नेतृत्व में, संदीप कुमार गुप्ता, तारा प्रजापति, बाबू लाल और सुनीता शाह की समर्पित टीम ने इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को बखूबी अंजाम दिया। उनकी विशेषज्ञता और मानवीय संवेदना ने उर्मिला जो भरत सिंह की पत्नी हैं, एक स्वस्थ और सुखद जीवन की नई उम्मीद दी है। यह सर्जरी मिश्रा पॉली क्लिनिक की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और वहां के चिकित्सकों की दक्षता का जीवंत प्रमाण है। उर्मिला की यह कहानी न केवल उनके अटल साहस को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि कैसे एकजुट प्रयास और चिकित्सा समर्पण असंभव को संभव बना सकते हैं। बैंढ़न का समुदाय इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है और उर्मिला के स्वस्थ होने की खुशी के साथ-साथ उस चिकित्सा टीम की सराहना कर रहा है, जिसने इस चमत्कार को साकार किया। मिश्रा पॉली क्लिनिक सिंगरौली में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का प्रतीक बनकर उभर रहा है, जो हर मरीज के लिए आशा और विश्वास का केंद्र है।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने लिया कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा

**जागरण मंडला।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 16 अप्रैल को टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान कार्यक्रम शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्य कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करते हुए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में मंचीय व्यवस्था, मीडिया कक्ष, सुरक्षा के प्रबंध, हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था, मंडप, वर- वधु पक्ष के रिश्तेदारों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं टेंट व्यवस्था, बेरीकेटिंग, विद्युत व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पीएचई मंत्री ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसी प्रकार से कार्यक्रम स्थल के पार्किंग व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सेमराबाबा प्रांगण में साफ सफाई स्वच्छता एवं चौपाल रैली, जल शपथ तथा श्रमदान का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विंध्यनगर सेमरा बाबा प्रांगण में साफ सफाई एवं चौपाल,संगोष्ठी रैली जल शपथ श्रमदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुंदरलाल शाहजी, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाहजी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेयजी और पूर्व मंडल अध्यक्षभारतेंदु पांडेजी, दिनेश दिनेश जायसवालजी, वार्ड41 पार्षद श्रीमती सीमा जयसवालजी, एवं नवांकुर संस्था सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट के सचिवश्री गजमोचन सिंहजी,सहसचिव एवम कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास श्रीवास्तवजी, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष एवं वार्ड 33के सभी आमजन ग्रामीण की सहयोग से एवम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिंगरौली के जिला समन्वयक के नेतृत्व में नवांकुर संस्था सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट के सहयोग से व सभी वार्डवासियों के उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन का चौपाल रैली एवं जल शपथ व श्रमदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ।




# ब्रम्हमूर्हत में सेवादारों ने की हनुमान लला की पूजा

**जागरण मण्डला।** प्रसिद्ध धाम सूर्यकुण्ड हनुमान मंदिर में श्री हनुमान लला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज मुख्य संचालक समिति ब्रम्हमूर्हत आरती सेवादार के द्वारा शनिवार की प्रात 3-45 ब्रम्हमूर्हत में हनुमान लला को विधि विधान से पूजन पाठ करते हुए चोला अर्पण किया गया। वहीं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तों के द्वारा एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साथ ही मंदिर में उपस्थित सभी भक्तों के द्वारा स्पर्श वंदन लगाने का सौभाग्य मिला। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों के चरण धुलाए गए और तिलक वंदन करते हुए पुष्पवर्षा के साथ अंग वस्त्र भेंट किया गया। आरती के बाद हनुमान लला को अनेक प्रकार के भोग लगाए गए यहां पर भक्तों में एक अलग तरह का उत्साह दिखा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान लला के मंदिर को अनोखे तरीके से साज सज्जा की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर यहां पर सुबह पहर से लेकर देर रात तक भक्तों का आना जाना लगा रहा जहां पर भंडारा प्रसादी वितरण का कार्य भी किया गया। बता दें कि जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर में स्थित सकवाह ग्राम है जहां हनुमान लला अपने भक्तों को तीन स्वरूप में दर्शन देते हैं।

## वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा का विधायक ने किया लोकार्पण



**टीकमगढ़।** वन परिक्षेत्र जतारा अन्तर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख भोपाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक कैंपा भोपाल, वन संरक्षक छतरपुर एवं वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता को दर्शाते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कैम्पा योजना अंतर्गत 22 लाख की लागत से फूल फैसिलिटी युक्त नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा का निर्माण कराया गया। स्टेट रिज्यूम अर्थात् रियासत कालीन समय से निर्मित पुरानी जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण हालत में वन परिक्षेत्र कार्यालय का वर्षों से संचालन किया जा रहा था जिसमें वर्षात के दौरान अक्सर पानी भरा रहता था और कीड़े मकोड़े निकलते थे साथ ही पार्किंग एवं अन्य सुविधाओं का अभाव बना रहता था जिसको दृष्टिगत रखते हुए अपनी जिद्द और लगन को कायम रखते हुए एवं अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली को एक बार फिर से जाहिर करते हुए वन सुरक्षा के साथ-साथ वानिकी एवं निर्माण कार्यों पर भी अपनी पकड़ रखने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार एवं उनकी टीम ने मध्य प्रदेश का सबसे अच्छा एवं अलग स्टाइल में नवीन वन परिक्षेत्र कार्यालय जतारा के साथ-साथ कैंपा और कार्य आयोजना एवं विकास मद से तीन वनरक्षक आवास और लाइन क्वार्टर का गुणबत्ता पूर्ण निर्माण कार्य निर्धारित मात्रा से हटकर अलग एवं अधिक मात्रा में निर्धारित समय पर कराते हुए वन विभाग में वन परिक्षेत्र जतारा की अलग पहचान स्थापित कराई गई।

# हनुमान जन्मोत्सव पर बल्देवगढ़ नगर हुआ भगवामय, निकाली गई शोभायात्रा

## पूरे नगर में लगे भगवा झंडों लोगों का मन मोह लिया

**जागरण, टीकमगढ़।** बलदाऊ जी की नगरी बल्देवगढ़ नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संकट मोचन हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया है। इस उत्सव में हिंदू उत्सव समिति बल्देवगढ़ के द्वारा नगर के मंदिरों एवं खासकर किला बस स्टैंड सहित पूरे नगर मुख्य मार्ग को रंग-बिरंगी रोशनी लाइटिंग से जगमगाया है। साथ ही नगर के सभी मार्ग को भगवा रंग के झंडो से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। हनुमान जन्मोत्सव के दिन सुबह से शाम तक नगर में पूरे धूम देखने को मिली सुबह से ही मोटरसाइकिल पर भगवा झंडो के और डीजो के साथ रैली निकाली गई। फिर दोपहर से पूरे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लाखों की संख्या में भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। लोगों द्वारा कई स्थानों पर स्वागत द्वार लगाकर भक्तों को हलवा,पूडी, सब्जी पूड़ी, रसगुल्ला, लस्सी, एवं शीतल पेय जल पिलाकर स्वागत किया। इस दौरान शोभा यात्रा पर पूरे नगर में पर जगह जगह लोगों ने पुष्पवर्षा भी की गई हैं।

शोभायात्रा को शाम 4 30 बजे शीतल माता मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में डीजे, ढोल,घुड़ बग्गी, एवं बैंडबाजों सहित





रामदरबार, वीरहनुमान, राधाकृष्ण, मां दुर्गा व भारत माता सहित सभी भगवान की झांकी रही। शोभायात्रा में बजरंग अखाड़े बल्देवगढ़ की बेटियों ने लाठी-बनेठी, पटा-चकरी, तलवार-मुगदर चलाकर यात्रा में करतब दिखाया। तो वही बजरंग अखाड़ा के युवाओं के मुंह से निकलने वाले आग के गोले आकर्षण का केंद्र रहा है। इस बीच भक्तों ने भी डीजे पर जमकर ठुमके लगाते हुए नाच किया। साथ ही हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ता के साथ भक्तों ने भगवा साफा पहने हुए। जय श्रीराम के जय कारे लगाते हुए शोभायात्रा में साथ पैदल चलते रहे। शोभायात्रा शीतल माता मंदिर से कैलपुरा तिगैला, बम्होरी तिगैला एवं मुख्य बाजार से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया। समापन के साथ ही बस स्टैंड किला प्रांगण में सुंदरकांड के पाठ के बाद 11 बंदूकों की सलामी के बाद भगवान हनुमान जी की दिव्य महा आरती की गई। इसके बाद मदनबेर के हनुमान जी मंदिर में शोभायात्रा में शामिल हुए भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी दौरान बाहर से आए भजन गायको द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी भजनों को सुनते ही भक्त भी झूम उठे।

हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा में एसडीएम भारती देवी मिश्रा तहसीलदार अवंतिका तिवारी सहित प्रशासनिक अमले के साथ साथ पुलिस महकमा भी अलर्ट रहा। और बल्देवगढ़ थाना प्रभारी मनोज सोनी की पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर रही। पुलिस ने गुरुवार को ही नगर से गुजरने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट किया था। उसी के अनुसार नगर से गुजरने वाले वाहनों को डाइवर्ट कर अलग-अलग रास्तों से भेजा गया। सभी मुख्य रोड पर पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में किया गया भंडारा

हनुमान जन्म उत्सव में शामिल होने आए भक्तों को बस स्टैंड पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भंडारा किया गया। सुबह से सुंदरकांड का पाठ किया सुंदरकांड के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। और भंडारा चला रहा। हनुमान भक्त घनश्याम चौरसिया ने बताया कि हिंदू उत्सव समिति के द्वारा विगत 1 माह पहले से लगातार हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां की जाती है। सुबह से बस स्टैंड पर स्थित हनुमान जी मंदिर सरस्वती शिशु मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद पूरे नगर में सुबह से ही मोटरसाइकिल पर भगवा झंडा बांधकर डीजे के साथ रेली निकल गई। शाम को मुख्य भव्य शोभायात्रा निकाली जिसका का समापन बस स्टैंड पर किया गया वहां पर हनुमान जी महाराज की दिव्य महा आरती की गई है। उन्होंने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में लाखों भक्त शामिल हुए। बल्देवगढ़ की शोभायात्रा पूरे बुंदेलखंड में प्रसिद्ध है।

शनिवार को नगर के सभी हनुमान जी के मंदिरों सहित ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। भक्तों द्वारा मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान की अलग अलग विधि विधान और परंपराओं के अनुसार पूजा अर्चना की गई। तो क्षेत्र के मंदिरों में भगवान हनुमान को चोला चढ़ा कर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया तो कई मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड हवन पूजन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

### मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा किया गया शोभायात्रा का स्वागत

नगर में हनुमान जन्मोत्सव की उपलक्ष में निकाली गई शोभा यात्रा का मुस्लिम समाज के लोगों ने भी कई जगह स्वागत किया मुख्य बाजार में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वागत द्वार लगाकर राम भक्तों को पानी एवं मिठाई बताकर स्वागत किया और पुष्प वर्षा भी की गई।

# ओरछा में स्थापित होगी महारानी कुंवर गणेश की भव्य प्रतिमा

## प्रभारी मंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भेजा प्रस्ताव

**जागरण, टीकमगढ़।** मध्यकाल में महारानी कुंवर गणेश पुष्य नक्षत्र में अयोध्या से 8 माह 28 दिन पैदल चलकर भगवान श्री राम को ओरछा लेकर आई थी तब से महारानी की रसोई में श्री राम राजा सरकार विराजमान है। वर्तमान में यहां पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा 82 करोड रुपए की लागत से श्री राम राजा लोक का निर्माण कराया जा रहा है। विगत दिनों भाजपा नेता विकास यादव ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन, सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण एवं निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह से



मुलाकात कर विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा में पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए ओरछा स्थित श्री राम राजा मंदिर के बाहर स्थित परिसर में मां कौशल्यास्वरूपा महारानी कुंवर गणेश की एक भव्य एवं दिव्य प्रतिमा स्थापित करने सहित अन्य विकास कार्यों की मांग की थी जिसको गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कलेक्टर निवाड़ी को पत्र भेजकर मामले में विधिवत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे और निर्देश के पालन में निवाड़ी कलेक्टर लोकेश जांगिड़ ने ओरछा में श्री राम राजा मंदिर के बाहर स्थित परिसर में महारानी कुंवर गणेश की श्री रामलला को गोद में लिए हुए प्रतिमा स्थापित करने सहित अन्य विकास कार्यों के लिए विधिवत प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया है।

जिला प्रशासन द्वारा राज्य शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा नेता विकास यादव ने प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं निवाड़ी कलेक्टर लोकेश जांगिड़ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मारपीट के साथ लूट में सभी आरोपियों पर हो मुकदमा दर्ज, पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**जागरण, टीकमगढ़।** इन दिनों टीकमगढ़ में मारपीट और लूट की आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। लेकिन पुलिस कार्यवाई में लापरवाही दिखा रही है। हाल ही में मामला टीकमगढ़ नगर से सामने आया है बीते दिन महावीर जयंती से पूर्व, दो व्यक्तियों शेख शम्मु खान और कलीम खान के साथ जिला अस्पताल के गेट न 2 पर पीछे से कुछ आधा दर्जन लोगों के द्वारा उस वक्त हमला कर दिया था जब वे अपने परिचित से मिलने अस्पताल जा रहे थे।

घायलों का कहना है कि उनकी पूर्व से किसी से कोई बुराई नहीं है। आरोपी कान्हा यादव, किशन यादव, रमन यादव एवं उसके अन्य साथियों द्वारा एक राय होकर पीछे से चाकू और छुरे से हमला कर दिया जिसमें दोनों पीड़ितों को सिर में एवं पीठ और हाथ में गंभीर चोट आई है। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।



पीड़ितों ने ये भी बताया है कि आरोपियों द्वारा उनसे मारपीट करते समय उनकी पेंट की जेब से पंचास हजार रुपए भी निकाल लिए थे। पीड़ितों ने बताया कि इस पूरी घटना में राजनैतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी है। इसलिए पुलिस के द्वारा पीड़ितों द्वारा बताए व्यक्तियों का नाम एफ आई आर में लेख नहीं किया है और न ही पैसे निकालने के संबंध में लिखा है जबकि घायलों के पैसे भी निकाल लिए थे और नामजद सभी आरोपियों का नाम दिया था। जिसमें रमन यादव, विक्रम यादव, गिन्नी यादव एवं अन्य लोगों का नाम बताया था पर पुलिस ने राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने से अन्य लोगों के नाम लेख नहीं किया है। इसीलिए पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि सभी आरोपियों के नाम लेख किए जाए और उचित धाराएं लगाई जाए ताकि पीड़ितों को इंसाफ मिल सके। पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान खड़ा होता है की आखिर दो पर ही एफ आई आर क्यों बाकी अन्य लोगो पर एफ आई आर क्यों नही जब घायलों की आरोपियों से कोई पुराना विवाद या बुराई नही है तो घायलों के बताए अनुसार लेख क्यों नही आखिर आरोपियों से ऐसा क्या लाभ है की पुलिस कार्यवाई में इन्हे बचाती नजर आ रही है। देखना यह होगा कि आखिर अब पुलिस कप्तान क्या मामले में सही कार्यवाही कराएंगे या फिर दबंगों को राजनैतिक संरक्षण के चलते बचाया जायेगा।

## एक मई से बगैर ई-केवायसी वाले हितग्राहियों को नहीं मिलेगा खाद्यान्न

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर वर्तमान में जिले में खाद्यान्न हितग्राहियों के लिए ई-केवायसी का कार्य संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा कार्य का निरीक्षण कर सभी राशन हितग्राहियों से ई केवाईसी कराने की अपील भी की जा रही है। बगैर ई केवायसी वाले हितग्राहियों को एक मई से खाद्यान्न नहीं मिलेगा। पात्रता पर्चीधारियों की ई केवायसी के लिए 30 अप्रैल 2025 तक विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अवधि में शेष समस्त पात्रता पर्चीधारी राशन हितग्राहियों से पीडीएस दुकान में पहुंचकर ई केवायसी कराने की अपील की गई है। यदि किसी सदस्य को ई-केवायसी कराने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो वह संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी से संपर्क कर अपनी ई-केवायसी करा सकते हैं। साथ ही यदि परिवार के किसी सदस्य का विवाह हो जाने पर वह किसी अन्य परिवार का सदस्य हो जाता है, किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है अथवा कोई सदस्य स्थाई रूप से पलायन कर गया हो, तो ऐसे सदस्यों को अपनी राशन पात्रता पर्ची से ग्राम पंचायत सचिव एवं वार्ड प्रभारी से विलोपित करा सकते हैं।

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों का निराकरण करें

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। इस माह प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन में स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा विभाग की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना एवं प्रसूति सहायता, गृह विभाग की एफआईआर लिखने में देरी तथा ऊर्जा विभाग की बिजली न आने एवं वोल्टेज संबंधी शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में राजस्व विभाग के खसरा ऑनलाइन अपडेट करने, नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्रकरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत द्वारा सामग्री क्रय एवं अन्य भुगतानों से जुड़े आवेदनों की समीक्षा की जाएगी। समाधान ऑनलाइन में लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की नल जल योजनाओं से संबंधित आवेदन एवं सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। जिला कलेक्टर ने कहा है कि सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। मार्च माह में दर्ज आवेदनों तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विभाग रैंकिंग में सी और डी श्रेणी में न रहे।

# आबकारी विभाग की टीम ने तीन स्थानों से 29 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की



**जागरण, पन्ना ।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार संचालित सघन अभियान अंतर्गत सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा तीन स्थानों से अवैध शराब पकड़ी गई है। अजयगढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर एवं अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना एवं अजयगढ़ मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत पूरे जिले में मुखबिरों के तंत्र को सक्रिय कर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, विक्रय और परिवहन संबंधी सूचनाएं प्राप्त की जा रही है। इस क्रम में थाना अजयगढ़ के ग्राम भुजबई में एक ढाबे से आरोपी अजय सिंह के आधिपत्य से 9 किंगफिशर बीयर की बोतल कीमती 1800 रुपए, 13 पाव गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कीमती 1755 रूपये और 37 पाव देशी मदिरा सादा कीमती 2775 रुपए जप्त की गई। इसके बाद ग्राम सिंहपुर में आशा साहू के रिहायशी मकान में जलती हुई भट्टी पर महुआ से कच्ची शराब बनाई जा रही थी, जिसमें लगभग 4 लीटर कच्ची शराब कीमती 600 रुपए, 9 डिब्बों में लगभग 135 किग्रा महुआ लाहन कीमती 13500 रुपए और कच्ची शराब बनाने के उपकरण जप्त किए गए। ग्राम बरियारपुर में आरोपी दीना केवट के कब्जे से 6 डिब्बों में 90 लीटर महुआ लाहन कीमती 9000 रुपए जप्त कर अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## अचार तुड़ाई एवं संग्रहण पर 30 अप्रैल तक प्रतिबंध

**पन्ना ।** दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पन्ना द्वारा म.प्र. वन उपज नियम 2005 की धारा 2(ख) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर धारा 4 एवं 5 के तहत निर्धारित वन क्षेत्रों में अचार तुड़ाई एवं संग्रहण पर आगामी 30 अप्रैल तक प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध वन परिक्षेत्र सलेहा, कल्दा, पवई, मोहन्द्रा, रैपुरा एवं शाहनगर में लागू रहेगा। किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा नियम का उल्लंघन करने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 77 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश के सत्रह धार्मिक नगरो में शराब बंन्दी

**पन्ना ।** शासन द्वारा निर्धारित शराब नीति के अंतर्गत दुकानों का संचालन प्रारंभ किया गया। कुछ स्थानों में स्थान परिवर्तन के कारण जन मानस में विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं जिसके फल स्वरूप शासन ने जनता को अश्वासन दिया है कि उचित कार्यवाही की जायेगी। सुना जा रहा है कि ग्रामीण अंन्चल में अभी भी चोरी छिपे शराब की अवैध बिक्री जारी है। अपेच्छा है कि शासन कड़ी कार्रवाई कर अंकुश लगायेगा।

# धूमधाम से निकली हनुमान जी की शोभायात्रा, नगर हुआ भगवामय



**जागरण, पवई।** पवई नगर में शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में भव्य हनुमान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ जगदीश स्वामी मंदिर से हुआ, जहाँ श्रीराम एवं हनुमान जी की प्रतिमाओं की विधिवत आरती कर यात्रा को रवाना किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों-झंडाबाजार, रेंज बरिया, मोहंद्रा तिराहा, करही तिराहा, मिलोनीगंज, बस स्टैंड होते हुए पुनः जगदीश स्वामी मंदिर पहुँचकर संपन्न हुई। इस दौरान नगर का वातावरण जय श्रीराम और बजरंग बली के जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में राम दरबार की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं श्रीराम और हनुमान जी की भव्य प्रतिमाओं ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बजरंग दल से रंजीत परमार, ओमकार पटेल, सतेंद्र पाठक, अंशुल नगायच, शिवम पाण्डेय, गौरव विश्वकर्मा, प्रदीप पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका में नजर आए। जनप्रतिनिधियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, मन्कु श्रीवास्तव, चंद्रभूषण गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए।

# तालाब में तैरती मिली 24 वर्षीय युवक की लाश



**लवकुशनगर ।** चौरसिया मुहाल के पास स्थित बड़े तालाब में सुबह लोगो को पानी में उतराती हुई युवक की लाश मिली सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन टीआई परसराम डावर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा तब पानी से युवक को निकाला गया। उसकी पहचान अंकुश गुप्ता उम्र 24 वर्ष पिता राजू गुप्ता के नाम से हुई । अंकुश गुप्ता अपने पिता का अकेला लड़का था जो कि टेट की तैयारी कर रहा था। मृतक मूल निवासी चितहरी गॉव के है जो लवकुशनगर में रह कर ब्यापार करते है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि अंकुश शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 मिनट से घर से मोटरसाईकिल लेकर निकला था जिसके बाद उसका पता नही चला परिजनो ने आस पास पूछताछ की लेकिन उसका कोई पता नही चला । शनिवार को सुबह तालाब के पास घूमने जाने वाले लोगो ने देखा तो पानी में ऊपर तैरती हुई डेड बॉडी देखी गई जिसके बाद लोगो ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे । बताया गया कि तालाब के पास मोटरसाईकिल और युवक के कपडे, चप्पल पड़ी हुई थी । शव वाहन से पीएम हाउस लाया गया जहॉ डा. एसएस चौहान ने पीएम शव परिजनों को सौंपा। ।

# हर्षोल्लास के साथ मना भगवान श्री हनुमान का जन्मोत्सव

## विशाल शोभायात्रा के साथ भक्तिमय हुआ नगर

**जागरण, लवकुशनगर।** भगवान् श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव शनिवार को श्रद्धा,भक्ति एवं बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में करीब एक सप्ताह से उत्सव की तैयारियां हिन्दू संगठनों द्वारा की जा रही थीं पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया।इस अवसर पर विगत तीन दिनों से दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुरानी तहसील में रंगारंग भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शनिवार जन्मोत्सव के दिन सुबह से ही हनुमान मंदिर पुरानी तहसील प्रांगण में 108 सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। पूजा पाठ उपरांत दोपहर करीब 1 बजे से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।शोभायात्रा नगर के सभी प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण उपरांत पुरानी तहसील स्थित हनुमान मंदिर में पूजा पाठ मंत्रोच्चार के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया।



**शोभायात्रा में भगवान की झांकिया रहीं आकर्षण का केंद्र :** शोभायात्रा में भगवानों की सजीव झांकियां भी सजाई गई, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में बैंड-बाजे ऊंट,घोड़ों के साथ ही छतरपुर के कलाकार दिनेश शर्मा द्वारा बनाई गयी हनुमान लला की मूर्ती आकर्षण का केंद्र रही।

### शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

शोभायात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों की संख्या इतनी थी कि हर तरह हुजूम ही दिख रहा था। बुढ़े, युवक व बच्चों के साथ महिलाओं ने भी शोभायात्रा में भारी उत्साह के साथ शिरकत किया। शोभायात्रा में शामिल तमाम देवी-देवताओं की मनोरम झांकियां लोगों को आकर्षित कर रही थी जहाँ नगर के सभी समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प बर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान युवाओं ने शस्त्रों के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पेयजल व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

**शोभायात्रा के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था रही दुरुस्त :** शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। एसडीएम, तहसीलदार, थानाप्रभारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते दिखे इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस बल की टीम चप्पे चप्पे पर तैनात दिखी।

## जिले का बड़ा सटोरिया भैया जड़िया साथी के साथ बांदा में गिरफ्तार कार, मोबाइल तथा नगदी बरामद

**पन्ना ।** जिला मुख्यालय पन्ना तथा आसपास के जिलों में आईपीएल सट्टा खिलाने वाला बड़ा सटोरिया अभिषेक उर्फ भैया जड़िया लल्लू लाल जड़िया को बांदा पुलिस द्वारा साथी राहुल रावत के साथ गिरफ्तार किया गया है आरोपियों के पास से एक कार मोबाइल तथा कुछ नगदी भी बरामद हुआ है बांदा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण बनाकर जेल भेज दिया है जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को बांदा पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को आरटीओ ऑफिस के नजदीक से पकड़ा गया है थाना प्रभारी आनंद कुमार उप निरीक्षक दीपक अहिरवार क्षेत्र का भवन कर रहे थे इस दौरान उन्होंने देखा कि एक बलेनो कार खड़ी हुई है जिसमें दो लोग बैठे हुए हैं कर की तलाशी ली गई तो दो लोग बैठे हुए थे एवं मोबाइल में आईपीएल सट्टा अप खोले हुए थे उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि हम लोग पन्ना के निवासी हैं अभिषेक और भैया जड़िया निवासी जैन मंदिर ने बताया कि पन्ना में सट्टा का कारोबार करते हैं इसी सिलसिले में बांदा आए हुए थे साथ में विमल रावत ने बताया कि वह गाड़ी का ड्राइवर है जो गल्ला मंडी में रहता है बांदा पुलिस द्वारा संबंधितो के खिलाफ अपराध क्रमांक 179 ।180bns व 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है उनके कब्जे से बलेनो कर क्रमांक एमपी 35 सीए4373हैं तथा उनके कब्जे से मोबाइल भी बरामद किए गए हैं ज्ञात होगी पन्ना नगर में सबसे बड़ा सत्ता भैया जड़िया के द्वारा ही खिलाया जाता है पुलिस द्वारा भी उसको गिरफ्तार नहीं किया जाता है दूसरे जिले की पुलिस द्वारा बड़े सटोरिया को पकड़े जाने से हड़कंप मचा हुआ है

International Year of Cooperatives 2025

# सहकार से समृद्धि



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन

एवं

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड तथा मध्यप्रदेश सरकार के मध्य

## सहकार्यता अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम

डेयरी किसानों से दूध की खरीदी सुनिश्चित कर उनकी आय में वृद्धि की अहम पहल

मुख्य अतिथि

**अमित शाह**

केन्द्रीय मंत्री, गृह एवं सहकारिता मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

13 अप्रैल, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | रवीन्द्र भवन, भोपाल



### हर ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर होंगे स्थापित

- दुग्ध उत्पादकों को उनके **द्वार पर ही दूध विक्रय** की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी
- 6 हजार दुग्ध समितियों को बढ़ाकर 9 हजार एवं दुग्ध संकलन 10 लाख से 20 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य। **18 हजार गांव होंगे लाभान्वित**
- को-ऑपरेटिव-पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (सीपीपीपी) के माध्यम से सहकारी समितियों को उपलब्ध कराये जायेंगे व्यवसाय के नए अवसर

साँची Sanchi

### प्रदेश के साँची ब्रांड की पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कदम...

- ₹ 2500 करोड़ के निवेश लक्ष्य से प्रत्येक जिले में **साँची डेयरी** के साथ **मिल्क कूलर, मिनी डेयरी** एवं **चिलिंग सेंटर** खोले जायेंगे
- साँची डेयरी संयंत्रों की क्षमता में वृद्धि करते हुए 18 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 30 लाख लीटर किया जायेगा
- **आय में वृद्धि**, डेयरी किसानों की आय ₹ 1700 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 3500 करोड़ करने का लक्ष्य



### ₹ 787 करोड़ के निवेश से दुग्ध प्रसंस्करण के लिए विकसित होगी बुनियादी अवसंरचना

- दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु नवीन योजना **"डॉ. भीमराव आम्बेडकर कामधेनु योजना"** की स्वीकृति। योजना में 25 दुधारू पशुओं की ₹ 42 लाख तक लागत की डेयरी इकाई लगाने के लिए ऋण सहायता
- स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना की नीति - 2025 अंतर्गत प्रदेशभर में **पीपीपी मोड पर स्वावलंबी गौशाला** का निर्माण किया जाएगा
- गौशाला में प्रति गाय दी जाने वाली **₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹ 40** की गयी है

D-11007/25

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025



# मुंबई और दिल्ली के मैच में रोहित शर्मा और राहुल पर होंगी निगाहें

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा रविवार को यहां मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले मैच में स्पिनरों की कड़ी चुनौती से पार पाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खुद को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास करेंगे। रोहित जहां रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं वहीं मुंबई की टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो दिल्ली के कुशल बल्लेबाज के एल राहुल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।



**कुलदीप कर सकते गेंदबाजी का आगाज :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कुलदीप को अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर करार दिया है। कुलदीप ने अभी तक सभी मैच में चार ओवर का अपना कोटा पूरा किया है तथा उन्होंने छह रन प्रति ओवर से भी कम के इकोनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं। निगम एक ऑलराउंडर हैं और उन्होंने अभी तक पांच विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल को अभी तक कोई विकेट नहीं मिला है। मुंबई के खिलाफ वह गेंदबाजी का आगाज कर सकते हैं क्योंकि रोहित को बाएं हाथ के स्पिनरों को खेलने में मजा नहीं आता है। मुंबई की तरफ से रोहित के अलावा तिलक वर्मा और उप कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

## मुंबई को रोहित के फार्म चिंता

आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में एक हार से लय गड़बड़ा सकती है और मुंबई इंडियंस तो पिछले साल से चले आ रहे खराब प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाई है। पिछले साल उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही थी। मुंबई के लिए रोहित की फॉर्म चिंता का विषय है जो अभी तक चार मैच में केवल 38 रन बना पाए हैं। दिल्ली के खिलाफ उन्हें अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे मंझे हुए स्पिनरों के अलावा अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले विपराज निगम से कड़ी चुनौती मिलना सुनिश्चित है।

## दिल्ली करेगी जीत की दावेदारी

दिल्ली की टीम ने टूर्नामेंट के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया है और इसलिए वह इस मैच में जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली की टीम की निगाह लगातार पांचवीं जीत हासिल करने पर होगी जबकि हार्दिक पंड्या के नेतृत्व वाली मुंबई की टीम छह मैच में पांचवीं हार से बचने की कोशिश करेगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), जसप्रित बुमरा, सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, रयान रिकेलटन, दीपक चाहर, अल्लाह गजनफर, विल जैक, अश्विनी कुमार, मिशेल सेंटनर, रीस टॉपले, कृष्णन श्रीजीत, राज अंगद बावा, सत्यनारायण राजू, बेवोन जैकब्स, अर्जुन तेंदुलकर, लिज़ाद विलियम्स, विग्नेश पुथुर।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), फाफ डु प्लेसी, करुण नायर, समीर रिजवी, जेक फेजर-मैकगर्क, आशुतोष शर्मा, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, माधव तिवारी, त्रिपुराना विजय, मनवंत कुमार, विप्रज निगम, अजय मंडल, दर्शन नालकंडे, मुकेश कुमार, मोहित शर्मा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

### राजस्थान और बेंगलुरू के बीच आईपीएल 2025 का 28वां मुकाबला

# जयपुर में भिड़ेंगी दो रॉयल टीमें, फिल सॉल्ट और विराट के सामने होगी जोफ्रा की चुनौती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मुकाबले में रविवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना रॉयल चैलेंसर्ज बेंगलुरु से होगा। यह टक्कर जयपुर के होम ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगी। 18वें सीजन में इस मैदान पर अब तक कोई मैच नहीं खेला गया है। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी के बीच रविवार को पिंक सिटी जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के इस लीग मैच में दोनों ही टीमें जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगी, क्योंकि पिछले मैचों में दोनों रॉयल टीमों को हार मिली है। इस मैच में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। ये मैचअप देखने लायक होगा। फैंस भी इस टक्कर के लिए बेताब होंगे। आर्चर के अलावा राजस्थान के लिए गेंदबाजी में सिर्फ संदीप शर्मा ही प्रभावित कर सके हैं। आरसीबी के बल्लेबाज टीम की इस खामी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। ऐसे में टीम को श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और महीश तीक्षणा की स्पिन जोड़ी से बीच के ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। कोहली ने अब तक दो अर्धशतक लगाये हैं, लेकिन सॉल्ट के पास बेहद आक्रामक रवैये के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता है। देवदत्त पडिक्कल भी बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। वहीं, कप्तान रजत पाटीदार अपनी शानदार लय को जारी रखना चाहेंगे। टिम डेविड और लियाम लिविंगस्टोन के पास किसी भी गेंदबाजी के खिलाफ तेजी से रन बनाने की क्षमता टीम की बल्लेबाजी को काफी मजबूत बनाती है। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में लगी इस टीम के पास जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं, लेकिन स्पिन गेंदबाजों को थोड़ा और निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।



## पाइंट टेबल में आरसीबी पांचवें और राजस्थान सातवें स्थान पर

आरसीबी पांच मैचों में तीन जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है, जबकि राजस्थान इतने ही मैचों में दो जीत के साथ सातवें पायदान पर है। आईपीएल के इस सत्र के शुरुआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें शानदार लय में चल रहे कप्तान श्रेयस अय्यर को 148.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली गेंद पर बोल्ड करना शामिल है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख डार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, अभिनंदन सिंह, रोमारियो शेफर्ड, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारुकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 05 | 04 | 01 | 08 | 1.413 |
| दिल्ली | 04 | 04 | 00 | 08 | 1.278 |
| कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 06 | 0.803 |
| बेंगलुरु | 05 | 03 | 02 | 06 | 0.539 |
| पंजाब | 04 | 03 | 01 | 06 | 0.289 |
| लखनऊ | 05 | 03 | 02 | 06 | 0.078 |
| राजस्थान | 05 | 03 | 02 | 04 | -0.733 |
| मुंबई | 05 | 01 | 04 | 02 | -0.010 |
| चेन्नई | 06 | 01 | 05 | 02 | -1.554 |
| हैदराबाद | 05 | 01 | 04 | 02 | -1.629 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| निकोलस (लखनऊ) | 288 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 273 |
| मिचेल मार्श (लखनऊ) | 265 |
| रहाणे (कोलकाता) | 204 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |
| सांई किशोर (गुजरात) | 10 |
| खलील अहमद (चेन्नई) | 10 |
| हार्दिक पंड्या (मुंबई) | 10 |

## बाउंड्री मीटर



452 छक्के
755 चौके
49 अर्धशतक

तीसरी बार धोनी सीएसके के कप्तान के रूप में खेलने उतरे हैं। इससे पहले आईपीएल 2022 में वह जडेजा की जगह टीम के कप्तान बने थे। उन्होंने 2008 से लेकर 2023 तक टीम की कप्तानी की है।

# लखनऊ ने रोका गुजरात का विजयी रथ निकोलस पूरन के तूफान में उड़ी गिल सेना

**लखनऊ, जेएनएन।** आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की जीत का सिलसिला थम गया है। लगातार चार जीत के बाद गुजरात को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 6 विकेट से हराया। इकाना स्टेडियम पर गुजरात की सलामी जोड़ी ने 73 गेंदों 120 रनों की साझेदारी बनाई। इसके बाद भी टीम 20 ओवर में 180 रन ही बना सकी। एडेन मार्करम और निकोलस पूरन की विस्फोटक पारी से लखनऊ ने आखिरी ओवर में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। लखनऊ की यह लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत है। 34 गेंदों पर 7 छक्के और एक चौका लगाकर निकोलस पूरन ने 61 रन बनाए।

**आखिरी 8 ओवर में 60 रन ही बने :** गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 60 रन बनाए जबकि उनके साथी ओपर साई सुदर्शन ने 56 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। सुदर्शन ने सत्र का अपना चौथा अर्धशतक लगाया और गिल के साथ मिलकर बड़े स्कोर के लिए मंच तैयार किया। लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और तीन विकेट चटकाकर स्कोरिंग गति पर ब्रेक लगा दिया। पहले विकेट के लिए सत्र की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी के बाद मेहमान टीम आखिरी आठ ओवरों में सिर्फ 60 रन ही बना सकी। सुदर्शन और गिल की जोड़ी ने लगभग हर ओवर में बाउंड्री जमाई और घरेलू गेंदबाजों को परेशान किया। गुजरात की टीम ने छठे ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया।



## बिश्नोई एक ओवर किए दो शिकार

टाइम आउट के बाद साई सुदर्शन ने बिश्नोई (36 रन देकर दो विकेट) की गेंद को एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उठा दिया लेकिन पूरन ने शानदार कैच लपक लिया। बिश्नोई ने इसी ओवर में वाशिंगटन सुंदर को भी अपना शिकार बनाया। जोस बटलर (16 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए और दिग्वेश राठी का शिकार बन गए। शार्दुल ठाकुर अंतिम ओवर में हैट्रिक बनाने की कोशिश में थे लेकिन चूक गए।

## लखनऊ ने आसानी से चेज किया टारगेट

मिचेल मार्श की जगह ऋषभ पंत सलामी बल्लेबाज करने उतरे। वह तेजी से रन बनाने में असफल रहे लेकिन एडेन मार्करम के साथ ऐसा नहीं था। उन्होंने पहले ही ओवर में मोहम्मद सिराज को चौका मारा। सिराज के ने अपने दूसरे ओवर में 20 रन दे दिए। इस ओवर में चार चौके लगाए। यहीं से लखनऊ के बल्लेबाजों का दबदबा बन गया। पावरप्ले के बाद लखनऊ ने 61 रन बना लिए थे। मार्करम ने 20 गेंद पर 28 जबकि पंत ने 16 गेंदों पर 17 रन मारे थे। 7वें ओवर में 21 रनों की पारी खेलने के बाद पंत आउट हो गए। उसके बाद बैटिंग करने उतरे पूरन अलग ही मूड में थे। राशिद खान के खिलाफ उन्होंने 8वें ओवर में छक्का मारा। 10वें ओवर में साई किशोर के खिलाफ पूरन और मार्करम ने 24 रन बनाए और टीम को 114 रनों तक पहुंचा दिया। इसी ओवर में मार्करम ने 26 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। 12वें ओवर में 31 गेंदों पर 58 रन बनाकर वह प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बने। तब तक मैच गुजरात की पकड़ से बाहर जा चुका था। पूरन ने 13वें ओवर में सिर्फ 23 गेंदों पर फिफ्टी लगाई। आखिरी 5 ओवर में लखनऊ को जीत के लिए सिर्फ 27 रन चाहिए थे। लेकिन 16वें ओवर में राशिद खान ने पूरन को आउट कर दिया।

### प्रेस कांफ्रेंस में ट्रोलिंग पर बोले पाक कप्तान रिजवान

# जो भी कहता हूं दिल से कहता हूं अंग्रेजी नहीं आती, यही अफसोस है

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा में बने रहते हैं। कभी रिजवान की एक्टिंग पर मीम्स उड़ते हैं तो कभी उनकी इंग्लिश स्पीकिंग की खिल्ली उड़ाई जाती है। रिजवान के कई इंग्लिश के क्लिप्स सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। अब उन्होंने खुद ही सभी के सामने सच्चाई रख दी है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस पर अपनी ट्रोलिंग के बारे में बात की और आलोचकों को करारा जवाब दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रिजवान ने अपनी ट्रोलिंग को लेकर कह, मुझे सोशल मीडिया ट्रोलिंग की परवाह नहीं है। मुझे एक बात पर गर्व है और वह यह है कि मैं जो कुछ भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। मुझे अंग्रेजी नहीं आती। मुझे बस यही अफ़सोस है कि मैंने पर्याप्त शिक्षा नहीं ली, लेकिन मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं है कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान होने के बावजूद अंग्रेजी नहीं बोल सकता।



## इंग्लिश क्यों नहीं बोल पाते मोहम्मद रिजवान

रिजवान ने बताया कि आखिर वह इंग्लिश क्यों नहीं बोल पाते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझसे क्रिकेट की मांग की जा रही है, अंग्रेजी की नहीं। मुझे अफ़सोस है कि मैंने अपनी शिक्षा पूरी नहीं की, यही वजह है कि मुझे अंग्रेज़ी बोलने में दिक्कत होती है। अगर ऐसा है तो पाकिस्तान मुझसे अंग्रेज़ी की मांग नहीं कर रहा है, मैं क्रिकेट छोड़कर प्रोफेसर बन जाऊंगा, लेकिन मेरे पास इतना समय नहीं है।

## पाकिस्तानी फैंस का उठ गया टीम से भरोसा

पाकिस्तान टीम की हालत इंटरनेशनल क्रिकेट में बद से बद्तर होती नजर आ रही है। फैंस का भरोसा इस टीम से उठ चुका है। चैंपियंस ट्रॉफी में इस टीम को पहले हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड दौरे पर भी वनडे और टी20 सीरीज में पाकिस्तान की हालत पतली दिखी। रिजवान ने कहा, टीम की आलोचना करना ठीक है, लेकिन हमें सुधार करने के लिए मार्गदर्शन भी देना चाहिए।

### डब्ल्यूबीएल विश्व मैच प्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप

# पंकज आडवाणी ने रजत पदक जीता

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत के सबसे दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ियों में शामिल पंकज आडवाणी को डब्ल्यूबीएल विश्व मैचप्ले बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में डेविड कॉजियर के खिलाफ मामूली अंतर से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पंद्रह चरण के मुकाबलों के फाइनल में दोनों खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। आडवाणी ने 2-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वी ने आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में शानदार वापसी की। ब्रिटेन के खिलाडी ने आखिरी चरण के मुकाबले को जीतने के साथ ही 8-7 (19-100, 0-100, 100-47, 100-52, 19-100, 100-0, 49-100, 100-3, 34-100, 4-100, 100-85, 31-100, 100-53, 100-43, 100-28) से खिताब अपने नाम कर लिया। आडवाणी अब रविवार से यहां आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स में अपने खिताब का बचाव करेंगे उतरेंगे, जिसे वह 2016 से जीतते आ रहे हैं। यह विश्व चैंपियनशिप समयबद्ध प्रारूप में आयोजित की जाएगी, जिसमें दुनिया भर के खिलाड़ियों से बड़े ब्रेक की उम्मीद की जाती है।



# कार्लोस अल्कराज की संघर्षपूर्ण जीत, गत चैंपियन सितसिपास बाहर

**मोनाको, जेएनएन।** कार्लोस अल्कराज ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन गत चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास हारकर बाहर हो गये। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज को क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पहला सेट गंवाने के बाद वह दूसरे और तीसरे सेट में भी पीछे चल रहे थे लेकिन आखिर में ढाई घंटे तक चले मैच में 4-6, 7-5, 6-3 से जीत हासिल करने में सफल रहे। अल्कराज पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका मुकाबला स्पेन के हमवतन खिलाड़ी और 2022 के उपविजेता एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। डेविडोवोविच फोकिना ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-3, 6-2 से हराया। सितसिपास का इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है लेकिन लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद उनकी लय एकदम से गड़बड़ा गई। सितसिपास 2021, 2022 और 2024 में मोंटे कार्लो चैंपियन रहे हैं और उनका मुसेटी के खिलाफ 5-0 का शानदार रिकॉर्ड था। उन्होंने शुक्रवार को पहला सेट 6-1 से जीता।



## ग्लेन चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ग्रोइन की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह घोषणा की। गुजरात टाइटंस ने यहां जारी बयान में कहा, फिलिप्स सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोटिल हो गए थे। न्यूजीलैंड का यह ऑलराउंडर स्वदेश लौट गया है।



# आत्मविश्वास की कमी है चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में : माइकल क्लार्क

**चेन्नई, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खेल में आत्मविश्वास की कमी है जो मौजूदा समय की जरूरत के मुताबिक नहीं खेल पा रही है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई की टीम को शुक्रवार को एकतरफा मैच में आठ विकेट से हराया। चेन्नई ने इस दौरान अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर बनाने के बाद छह मैचों में लगातार पांचवीं हार का सामना किया। जियो स्टार के विशेषज्ञ क्लार्क ने कहा, यह पिच बल्लेबाजी के लिए काफी कठिन लग रही थी। नयी गेंद से थोड़ी हरकत कर रही थी और गेंद निश्चित रूप से कुछ स्पिन भी हो रही थी। मुझे लगता है कि चेन्नई सुपर किंग्स की टीम गलत योजना के साथ मैदान पर उतरी थी। उन्होंने कहा जिस तरह से यह टीम खेल रही थी उसमें आत्मविश्वास और जज्बे की कमी स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। उनका रवैया आज के दौर के क्रिकेट जैसा नहीं दिख रहा है। उनकी कोशिश बस जीत के करीब पहुंचने या बड़ी हार को टालने की रहती है। क्लार्क ने कहा, उन्होंने इस तरह के रूढ़िवादी रवैये की जगह सब कुछ दांव पर लगाना चाहिए। सब कुछ जोखिम में डाल कर मैच जीतने की कोशिश करनी चाहिए। इस तरह के बदलाव के बारे कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, जिस तरह जीतने वाले ड्रेसिंग रूम में खुशी का माहौल और आत्मविश्वास भरी भावना हो सकती है, उसी तरह जब आप हार रहे हों तो नकारात्मक भावना बनी रहती है और कभी-कभी इससे छुटकारा पाना मुश्किल होता है।



# आंधी की चपेट में आई मुबंई इंडियंस की टीम, ट्रेनिंग छोड़ भागे खिलाड़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला 13 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इसके लिए टीम जमकर तैयारी कर रही है। मुंबई की टीम पांच मैच खेलने के बाद सिर्फ एक मैच जीत सकी। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में ट्रेनिंग सेशन के दौरान मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को तूफान के कारण मैदान छोड़कर भागना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें महेला जयवर्धने, लसिथ मलिंगा और रोहित शर्मा तेज हवा से बचते हुए नजर आ रहे हैं। मुंबई इंडियंस द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर वीडियो में खिलाड़ी दौड़ते हुए मैदान से बाहर जाते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा मजाकिया अंदाज में कमबैक कहते हुए नजर आए। तूफान के चपेट में दीपक चाहर भी आए थे, उनके साथ कोच महेला जयवर्धने और लसिथ मलिंगा भी थे। सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ बिना किसी दिक्कत के सुरक्षित मैदान से बाहर आ गए थे। राजधानी में धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं और मौसम विभाग ने आने वाले समय में प्रतिकूल मौसम की चेतावनी दी और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के लिए ''ऑरेंज अलर्ट'' जारी किया।

# कंपाउंड मिश्रित टीम ने तीरंदाजी विश्व कप -1 में भारत का तीसरा पदक किया पक्का

**ऑबर्नडेल (अमेरिका), जेएनएन।** ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की कंपाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को स्लोवेनिया को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया जिसके बाद भारत ने तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना तीसरा पदक पक्का कर लिया। ज्योति और ऋषभ ने शुरुआती दौर में स्पेन (156-149) को, क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क (156-154) को हराया और फिर अंतिम-चार दौर में स्लोवेनिया (159-155) को हराया। अब वे शनिवार को फाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेंगे। धीरज बोम्मादेवरा वीजा संबंधी समस्याओं के कारण प्रतियोगिता से कुछ घंटे पहले ही अमेरिका पहुंचे थे। उन्होंने शानदार संयम दिखाया और बृहस्पतिवार को भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को फाइनल में पहुंचाया। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ी तरुणदीप राय और अतनु दास भी शामिल हैं। टीम ने स्पेन को 6-2 से हराकर देश को सत्र के पहले विश्व कप में दूसरा पदक दिलाया। भारत अब रविवार को स्वर्ण पदक के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त चीन से भिड़ेगा। भारत ने बुधवार को कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था।



# फीफा प्रमुख इन्फेंटिनो ने फुटबॉल के विकास में अधिक टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** फीफा ( फुटबॉल का वैश्विक संचालक ) अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शनिवार को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) कांग्रेस को दिए एक वीडियो संदेश में दुनिया भर में फुटबॉल के विकास में विस्तारित टूर्नामेंटों के प्रभाव की प्रशंसा की। इन्फेंटिनो इस वर्ष के क्लब विश्व कप के मेजबान अमेरिका से मलेशिया के कुआलालंपुर में एकत्रित एएफसी के 46 सदस्य संघों को संबोधित किया। इस क्लब विश्व कप का आयोजन जून और जुलाई में होगा जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। फीफा प्रमुख ने कहा, अलग-अलग महाद्वीपों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका ज्यादा नहीं मिलता है। हम लंबे समय से इस तरह का बदलाव करना चाहते थे। क्लब विश्व कप में एशिया प्रतिनिधित्व चार टीम करेंगी। इसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अल-ऐन, सऊदी अरब की अल-हिलाल, दक्षिण कोरिया की उल्सान एचडी और जापान की उरावा रेड्स शामिल है। इन्फेंटिनो ने कहा, 1930 के बाद से अब तक हुए सभी फीफा विश्व कप में जितने खिलाड़ी शामिल हुए हैं, उससे कहीं ज़्यादा खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा, यह फुटबॉल को वास्तव में वैश्विक बनाने की हमारी इच्छा का एक और सबूत है।



## अब सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित होंगी स्कूलें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले में ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव से तापमान में वृद्धि होने के कारण जिले अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, आईसीएसई, सीबीएसई तथा अन्य मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन करते हुए प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे नियत किया गया है। यह आदेश 15 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा।

## कलेक्टर ने किया पुस्तक मेले का निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यकंट क्रमांक-2 सतना में तीन दिवसीय पुस्तक और गणवेश मेले का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उचित दर पर उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर तीन दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है।

# गड्ढे में भरे पानी में डूबने से तीन बालिकाओं की मौत

### जसो थाना क्षेत्र के रीछुल गांव में हुई बड़ी घटना

**जागरण, सतना**

गड्डे में भरे हुये पानी में डूब जाने से तीन बालिकाओ की मौत हो गई। यह घटना जसो थाना क्षेत्र के अतर्गत रीछुल गांव में घटी है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुची और तीनो बालिकाओ के शवो को पीएम के लिए मर्चुरी भेजा है। जहां पर उनका पीएम रविवार को किया जायेगा। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इतना ही नही ठेकेदार के विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज की गई है।



### ये है घटना

सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक सडक निर्माण के लिए ठेकेदार ने उस जगह से मिट्टी खोदी जहां पर काफी गहरा गड्डा बन गया था। उससे बचाओ के लिए न तो उसे भरवाया गया और न ही वहां पर बाड लगाई गई जिससे कोई व्यक्ति वहां जा न सके। इसी लापरवाही की वजह से एक ही घर की तीन बेटियों की जल समाधि शनिवार को हो जाने से समूचे क्षेत्र में मातम पसर गया।

### इन बालिकाओ की हुई मौत

पानी से भरे गड्डे में डूबने से जिन तीन बालिकाओ की मौत हुई है उनमें राजकुमार चौरसिया की बेटियां 8 वर्षीय तान्या और 5 वर्षीय जुड़वां बहनें जान्हवी और गौरी गांव में घर के पास खेल रही थीं। खेलते.खेलते तीनों बच्चियां मिट्टी के उस गड्ढे तक पहुंच गईं। जहां पानी भरा हुआ था। वे फिसलकर पानी में जा गिरी जिससे तीनो की मौत हो गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणो ने ठेकेदार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है। अब देखना ये है कि प्रशासन संबंधित के विरूद्ध क्या कार्यवाही करता है।

पुलिस ने ठेकेदार के विरूद्ध भी अपराध पंजीबद्ध किया है।

## कलेक्टर ने किया कृषि उपज मण्डी मझगवां का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने शनिवार को मझगवां क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कृषि उपज मण्डी मझगवां में स्थापित सेवा सहकारी समिति मर्यादित मझगवां के गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए की गई तौल, कांटे, छन्ना, वारदाने, सर्वेयर आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्र प्रभारी को सभी आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम एपी द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत के लिए संस्कार और स्वास्थ्य दोनों ही जरूरी : राजेन्द्र शुक्ल



**जागरण, सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हमारा देश विकसित भारत बनने के लिए तेजी से अग्रसर है। सारी दुनिया में यह मान्यता है कि सर्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ भारत विश्वगुरू बने। विकसित भारत के लिए हमारे संस्कार और स्वस्थ्य भारत का होना भी जरूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शनिवार को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर दीन दयाल शोध संस्थान एवं नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में 12 से 14 अप्रैल तक आयोजित चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वामी विश्वात्मानंद जी, जानकी महल चित्रकूट के सीताशरण जी महाराज, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा, एनएमओ के डॉ. विवेक चौकसे, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, जिला अधिकारी चित्रकूट धाम उ.प्र. श्री शिवशरण अप्पा, जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल, बालेन्द्र गौतम, डीन सतना मेडिकल कॉलेज एसडी गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी भी उपस्थित रहे।

Give Your Child The Winning Edge!! Aff.-No. 1031436
ADMISSION OPEN 2025-26
Under the Aegis of Anupama Education Society Estd. 1990
Anupama IRIS International
Affiliated to CBSE
Nursery to Xth
DAY BOARDING & DAY SCHOLAR
8640025252, 9765187919, 9425362071
Near Kothi Toll Plaza, SH-11, Kothi Road, SATNA (M.P.) 485001 : irisinternational123@gmail.com, www.anupamairisinternational.in

भानू मोटर्स गोरइया
लेकर आये है आपके लिए
किफायती दर, आकर्षक फानेंस, कम डाउन पेमेंट
होण्डा गाडियों के समस्त कलर एवं मॉडल उपलब्ध
साईन 100 सीसी में 7000 की नकद छूट आफर केवल 30 अप्रैल 2025 तक
गोरइया गजिगवां रोड, सतना (म.प्र.) मो. 7898621161, 7047586640

## गुढ़ा पहुंचे सांसद, कहा ये मोदी का भारत है जहां बदल रही गावों की तस्वीर व तकदीर



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के गाव चलो अभियान में सतना सांसद गणेश सिंह लगातार गांवों की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। शनिवार को सांसद श्री सिंह परसमनिया के गुढा ग्राम पंचायत पहुंचे जहां वो ग्रामीणों से घर.घर जाकर मिले तो बच्चों को दुलारा व बुजुर्गो से आशीर्वाद लेकर उनका हालचाल जाना। गांव वालों से मिलने के बाद सांसद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ये आज का भारत हैं ये मोदी का भारत है जहां गावों की तस्वीरों के साथ तकदीर भी बदल रही है। सांसद ने कहा कि आज के भारत में राज्य हो चाहे केंद्र सरकार सबके लिए योजनाएं हैं और योजनाएं ऐसी जो सीधे हितग्राही तक पहुंच रही हैं ये पहले की सरकारों में संभव नहीं था। इसके पहले सांसद जब गुढा पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया एनन्ही कन्याओं ने कलश जलाकर उनकी आगवानी की और गणेश सिंह के प्रति अपने भाव जाहिर किए।

### अम्मा कौनो समस्या होए ता बताबा

गांव चलो अभियान के दौरान जब सांसद घर.घर दस्तक देकर लोगों से रू.ब.रू हो रहे थे तो इस बीच एक बुजुर्ग महिला भी अपने घर से निकली और जब सांसद का अभिवादन किया तो श्री सिंह ने बुजुर्ग मां से बघेली अंदाज में सवाल किया और कहा का हाल है अम्मा कौनो समस्या होए ता बताबा। सांसद के बोल सुन बुजुर्ग अम्मा ने भी कह दिया नहीं बेटा सबय ठीक है होईगा।

# नागौद, सोहावल, उचेहरा व रामपुर के सहायक यंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश

### जल गंगा संर्वधन अभियान में शून्य प्रगति वाले सहायक यंत्रियों पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

**जागरण, सतना।** शनिवार को जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं सीईओ जिला पंचायत संजना जैन आईएएस ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक ली जिसमें खेत तालाब, ओपेनडग वेल, कार्यो की स्वीकृति की प्रगति शून्य पाये जाने पर नागौद , सोहावल , उचेहरा व रामपुर बाघेलान के सहायक यंत्रियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये है। बताया जाता है कि प्रत्येक जनपद पंचायत के हर पंचायत को एक खेत तालाब , दो ओपेन डगवेल का लक्ष्य दिया गया है। इतना ही नही 24 अमृत सरोवरो के स्थल चयन कर कार्यो की तकनीकी प्रशासकीय स्वीकृत जारी कर 7 दिन में काम शुरू करने के निर्देश भी दिये गये है।

**एक सप्ताह में फिर समीक्षा, लापरवाही मिलने पर कार्यवाही तय** : कलेक्टर ने कहा है कि इन कामो की समीक्षा एक सप्ताह में फिर से की जायेगी। लापरवाही करने वाले सहायक यंत्री उपयंत्री या फिर किसी की लापरवाही मिली उस पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा है कि सचिव व जीआरएस को सक्रिय करें। वालेंटियर का पंजीयन कराये जिला पंचायत सीईओ संजना जैन ने कहा कि रिचार्ज साफ का कार्य ईईपीएचई द्वारा किया जायेगा। इन्हे भी 16 अप्रैल तक 50 स्थल व 7 दिन में लगभग 250 स्थलो का चयन प्रत्येक जनपद पंचायतों की 5-5 पंचायतों में से सूची तैयार कराने पीएचई एसडीओ आरपी त्रिपाठी को निर्देशित किया गया।



### गलत स्थल का चयन किया तो उपयंत्री होगें जिम्मेवार

जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने उपयंत्रियों को सख्त लहजे में कहा है कि यदि गलत स्थल का चिन्हांकन किया गया तो इसके लिए उपयंत्री जिम्मेवार होगे उन्होने कहा कि किसी भी हालत में प्रधानमंत्री आवास के कार्यो में अवरोध नही आना चाहिए उन्होने कहा है कि इसके साथ साथ जल संरक्षण संर्वधन के कार्य भी किये जाने है। अभियान को आम जनता से जोडे और पंचायत स्तर पर किये गये कार्यो की जानकारी गांव के लोगो तक पहुचे जिला पंचायत सीईओ ने जल गंगा अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यो की प्लानिंग करने व सरल तरीके से किये जाने की जानकारी दी। पूर्व के वर्षो में 488 खेत तालाब के कार्य अधूरे पाये जाने पर उन्हे पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि पंचायतो में टाइड फांड से कितने कार्यो की तकनीकी स्वीकृति जारी की गई , कितना मूल्यांकन हुआ और कितनी राशि व्यय की गई। इसकी जानकारी उपयंत्री उपलब्ध कराये।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में
13 अप्रैल, रविवार
प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को
समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला
MBBS, M.D., D.M. (Endocriology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ
•डायबिटीज •थायराइड •हार्मोन •दुबलापन •मोटापा •मेटाबोलिक स्प्रोन •अत्यधिक पेशाब •अधिक प्यास लगना •मासिक धर्म में अनियमितता व बांझपन •योवन संबंधित विकार •जनन अंगों के विकास के रोग •हार्मोनो में गड़बड़ी •नपुंसकता •समय से पहले बुढ़ापा आदि रोगों के विशेषज्ञ।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433,9981287311
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 50 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।

## विट्स के छात्रों ने किया सतना इन्क्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं जिससे कि छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हो सके। इसी क्रम में बी टेक कम्प्यूटर साईस एण्ड इंजीनियरिंग सेकण्ड इयर के लगभग 50 छात्रों ने अपने फैकल्टी सदस्यों डॉ. उदय सिंह कुशवाहा एवं श्रद्धा सिंह के मार्गदर्शन में सतना इनक्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को नवाचार आधारित स्टार्टअप वातावरण, उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और इनक्यूबेशन सुविधाओं की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। छात्रों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और इनक्यूबेशन सेंटर में कार्य कर रहे विभिन्न स्टार्टअप्स की कार्यशैली को करीब से देखा। उन्होंने विशेषज्ञों से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना तथा उद्यमिता की दिशा में उपयोगी ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर सतना इन्क्यूबेशन सेंटर कोऑर्डिनेटर संजना सिंह, शांतनु सिंह व विष्णुकांत चौरसिया ने छात्रों का उचित मार्गदर्शन किया।

NSDC | Skill India | FACE
APPOINTMENT
Leading Organization of M.P."Facilitation and Awareness of Community for Empowerment FACE" Rewa invites Application for the following Positions:-

| Position/Post | Qualification | Experience |
| --- | --- | --- |
| Manager (Bussiness Development) | Post Graduate | 3 year in Skill & NGO Sector, Business Development |
| Manager (Operation) | Post Graduate | 3-5 years in Skill development |
| Executive Social Media & Digital Marketing | B.C.A/M.C.A./M.Sc. (CS/IT)/ Corel draw | 1 to 3 years as a Executive in Digital Marketing |
| Accountant | B.Com/M.Com/Tally | 2-5 Years |
| HR- Executive | M.B.A (HR) | 1-3 years/ Fresher can also apply |
| Placement Manager | Post Graduate | 3-5 years in Skill development |
| Admin Executive | Bachelor's degree (business administration/related field) | Experience in administrative roles |
| Computer Operator | Graduate/DCA/ PGDCA/CPCT | 1-3 Years |
| Mobilizer | Graduate | Experience 1-3 Years in Skill Development/ Fresher can also apply |

Desirable candidates may submit their Application by E-mail: hrmanagerface@gmail.com
Cont.: 07662-355136 Mob. 7000517181, 8982879994
"FACE" 3d Floor Ashirwad Complex, Geeta-Jyoti School Campus, Urrahat, Rewa (M.P.)

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

## बीमा कंपनियों के अधिकारी के साथ लोक अदालत की प्री-सिटिंग बैठक संपन्न

**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश रत्नेश चन्द्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सत्र न्यायालय सतना की अध्यक्षता में शनिवार को ए.डी. आर. भवन में बीमा कंपनी के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं के साथ नेशनल लोक अदालत की प्री- सिटिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीमा एवं क्लेम से संबंधित अधिक-अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने संबंध में विचार-विमर्श किया गया।

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टि सर्जरी)
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
फेस रिजूवनेशन
• स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार
• टैटू रिमूवल, खाज-खुजली
• Micronidiling, MNRF थेरेपी (झुरियां, फाइन लाइन, मुंहासे के दाग के लिए)
• सफेद दाग का इलाज
• फिलर ट्रीटमेन्ट
• लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
• त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
लेजर ट्रीटमेन्ट
• दाग, धब्बे, मुहासे, स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
• हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयों, पिगमेन्टेशन का उपचार)
• कार्बन पीलिग
• Prp थैरेपी, GFC थैरेपी द्वारा चेहरे के दाग, हेयर ट्रीटमेंट, फेस रिजुवनेशन
• मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
• हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
• स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
समयः 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

100 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
प्रार्थना हॉस्पिटल & रिसर्च सेन्टर
ओपीडीः सोमवार से शनिवार | दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक
डॉ. नितिन कुलश्रेष्ठ
MBBS, MS, MCh | (न्यूरो सर्जरी)
Brain and Spine Surgeon
Fellowship in Neuro Endoscopy
निम्न समस्याओं के लिए परामर्श लें
ब्रेन-स्पाइन का ट्यूमर, टी.बी.
ब्रेन-स्पाइन का संक्रमण, जन्मजात रोग
सिर, रीढ़ की हड्डी की चोट / ब्रेन-स्पाइन ट्रॉमा
मेडिक्लेम एवं आयुष्मान की सुविधा उपलब्ध
24/7 SERVICE
पता- पी.टी.एस. न्यू बस स्टैण्ड रोड, फ्लाई ओवर के बगल में, रीवा
मो.: 7566908666 फो.: 07662-469015

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com